CMYK

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 26°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, मंगलवार 26 अगस्त 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 144 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 2 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



शुभांशु शुक्ला का लखनऊ में ऐतिहासिक स्वागत पेज 2



मीराबाई चानू व देवरिया ने जीते गोल्ड खेल टाइम्स



नदियों और पहाड़ों ने अपना हिस्सा लेना शुरू किया सम्पादकीय



भारत-फिजी के बीच सात समझौतों पर हस्ताक्षर पेज 12

## सार्वजनिक नहीं होगी पीएम मोदी की डीयू की डिग्री

### दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्रीय सूचना आयोग का आदेश पलटा, विश्वविद्यालय बाध्य नहीं

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ आरटीआई कार्यकर्ता नीरज कुमार ने मांगा था रिकॉर्ड

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बैचलर डिग्री सार्वजनिक नहीं होगी। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) का आदेश पलट दिया। दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस सचिन दत्ता ने सोमवार को दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) की याचिका पर अपना फैसला सुनाया।

कोर्ट ने कहा कि विश्वविद्यालय डिग्री दिखाने के लिए बाध्य नहीं है। दरअसल सीआईसी ने 2016 में एक आरटीआई एक्टिविस्ट की याचिका पर दिल्ली यूनिवर्सिटी को 1978 में बीए की परीक्षा पास करने वाले सभी छात्रों के रिकॉर्ड सार्वजनिक करने का आदेश दिया था। पीएम मोदी ने भी इसी साल परीक्षा पास की थी। आरटीआई एक्टिविस्ट की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट संजय हेगड़े ने दलील दी कि जो जानकारी मांगी गई है, वह हर विश्वविद्यालय सार्वजनिक करता है। इसे अक्सर नोटिस बोर्ड पर, विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर और कई बार अखबारों में भी छापा जाता है। इधर, डीयू की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पक्ष रखा और कहा कि महज जिज्ञासा को आरटीआई के जरिए सूचना मांगने का आधार नहीं मान सकते हैं। ये मामला 2016 में शुरू हुआ था, जब आरटीआई कार्यकर्ता नीरज कुमार ने डीयू से 1978 में बीए पास करने वाले सभी छात्रों का नाम, रोल नंबर, अंक और पास-फेल का ब्योरा मांगा था। उस साल पीएम मोदी के भी बीए पास करने का जिक्र है। डीयू ने इसे व्यक्तिगत जानकारी बताते हुए सूचना देने से मना कर दिया था। हालांकि सीआईसी ने इसको लेकर कहा था कि यह जानकारी सार्वजनिक की जाए, क्योंकि विश्वविद्यालय एक सार्वजनिक संस्था है और डिग्री का ब्योरा सार्वजनिक दस्तावेज माना जाता है। डीयू ने इस आदेश को 2017 में दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी और कहा कि छात्रों की व्यक्तिगत जानकारी (भरोसे में रखी गई गोपनीय जानकारी) के तहत आती है, जिसे किसी अजनबी को नहीं दिया जा सकता।

## हम आतंकवादी और उनके आकाओं को छोड़ते नहीं: प्रधानमंत्री

■ जवानों ने पाक में 22 मिनट में खेल कर दिया

■ दुनिया ने देखा बदला कैसे लिया

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अहमदाबाद में कहा कि आज हम आतंकवादी और उनके आकाओं को छोड़ते नहीं है। चाहे वे कहीं भी छिपे हों। खोडलधाम ग्राउंड में जनसभा में उन्होंने कहा कि हमारे सैनिकों ने पाकिस्तान में तय किए लक्ष्य पर आतंकवादियों की नाभि में वार किया। पीएम ने कहा कि दुनिया ने देखा है कि हमने पहलगाम का बदला कैसे लिया। 22 मिनट में सब कुछ साफ कर दिया।

गुजरात सुदर्शनधारी और चरखाधारी दो मोहन की धरती है। सुदर्शनधारी ने भारत को सेना के पराक्रम इच्छाशक्ति का प्रतीक बनाया। चरखाधारी ने आत्मनिर्भर बनाया है। पीएम 25 और 26 अगस्त को गुजरात दौरे पर हैं। वे शाम 5 बजे अहमदाबाद पहुंचे और नरोडा से निकोल तक करीब 3 किमी लंबा रोड शो किया। उन्होंने हाथ हिलाकर लोगों को अभिवादन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, राज्यपाल देवव्रत आचार्य समेत कई नेता मौजूद रहे। उन्होंने 5477 करोड़ के विकास कार्यों की शुरुआत की। साबरमती से कटोसन रोड ट्रेन और कार लोडेड ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। पीएम मोदी ने संबोधन में कहा कि हमारे गुजरात में बहुत से पशुपालक हैं।

## छात्रों पर लाठीचार्ज बर्बरता और शर्मनाक: राहुल-प्रियंका

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ SSC अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज करना डरपोक सरकार की पहचान

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कर्मचारी चयन आयोग- एसएससी की परीक्षा में गड़बड़ी किए जाने का विरोध कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज को शर्मनाक करार देते हुए सोमवार को कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर यह अन्याय तथा बर्बरता है और इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

राहुल गांधी ने कहा कि रामलीला मैदान में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे एसएससी अभ्यर्थियों और शिक्षकों पर बर्बर लाठीचार्ज- शर्मनाक ही नहीं, एक डरपोक सरकार की पहचान है। युवाओं ने सिर्फ़ अपना हक़ मांगा था- रोज़गार और न्याय। मिली क्या। लाठियां। उन्होंने कहा कि साफ़ है कि मोदी सरकार को न देश के युवाओं की चिंता है और न ही उनके भविष्य की। क्यों हो, ये सरकार जनता के वोटों से नहीं, वोट चुराकर सत्ता में आई है। पहले वोट चुराएंगे फिर परीक्षा चुराएंगे फिर नौकरियां चुराएंगे फिर आपका हक़ और आवाज़ दोनों कुचल देंगे! युवाओं, किसानों, गरीबों, बहुजनों और अल्पसंख्यकों - आपका वोट इन्हें चाहिए नहीं, इसलिए आपकी मांगे कभी इनकी प्राथमिकता नहीं होंगी। प्रियंका ने कहा कि एसएससी छात्रों पर पुलिस बल प्रयोग अमानवीय और शर्मनाक है।

### यूएपीए मामले में सलीम खान की जमानत बरकरार

**नई दिल्ली।** शीर्ष अदालत ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की उस अपील को खारिज कर दिया है जिसमें कर्नाटक उच्च न्यायालय द्वारा 'अल-हिंद' संगठन से संबंधों के लिए गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत आरोपी सलीम खान को जमानत देने के आदेश को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ का तर्क है कि चूंकि अल-हिंद का यूएपीए के तहत प्रतिबंधित संगठन के रूप में नाम नहीं है इसलिए इसकी बैठकों में भाग लेना ही अधिनियम के तहत कोई अपराध नहीं माना जाएगा।

### दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता की सिक्योरिटी वापस ली गई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को दी गई जेड प्लस सिक्योरिटी सोमवार को हटा ली गई। 4 दिन पहले उन पर हमले के बाद यह सिक्योरिटी दी गई थी। यह फैसला वापस क्यों लिया गया, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। अब फिर से उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी दिल्ली पुलिस को सौंपी गई है। इधर सीएम रेखा पर हमले के मामले में रविवार को दूसरी गिरफ्तारी हुई। पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी राजेश भाई खीमजीभाई सकरिया के सहयोगी तहसीन सैयद को अरेस्ट किया गया है। दिल्ली सीएम आवास में 20 अगस्त की सुबह जनसुनवाई के दौरान रेखा गुप्ता पर हमला हुआ था। शिकायतकर्ता बनकर पहुंचे राजेश ने सीएम को कागज देते समय उनका हाथ खींचा था। हमले में रेखा के हाथ-कंधे, सिर पर चोटें आईं थीं।

### दिल्ली मेट्रो के किराए में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने सोमवार से मेट्रो का किराया बढ़ा दिया है। डीएमआरसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली मेट्रो सेवाओं के यात्री किराए में बदलाव किया गया है। सामान्य लाइनों पर एक रुपये से चार रुपये और एयरपोर्ट लाइन पर पांच रुपये तक की वृद्धि की गई है। इस इजाफे के बाद शून्य से दो किलोमीटर के बीच की छोटी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को अब 11 रुपये देने होंगे। इस बढ़ोतरी से पहले न्यूनतम किराया 10 रुपये था। लेकिन 32 किलोमीटर से ज्यादा की सबसे लंबी दूरी तय करने वालों को 64 रुपये देने होंगे। मेट्रो रेल सेवा किराए में बढ़ोतरी 2004 में, उसके बाद 2005 और 2009 में हुई थी। साल 2017 में भी मई और अक्टूबर में किराए में संशोधन हुआ था।

### यमुनोत्री हाईवे लैंडस्लाइड से बंद

**नई दिल्ली।** उधर उत्तराखंड में यमुनोत्री नेशनल हाईवे लैंडस्लाइड की वजह से बंद हो गया है। यह भूस्खलन बाणस के पास हुआ, जिससे यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया है। वहीं बिहार के पटना में सोमवार सुबह मूसलाधार बारिश हुई। इससे कई इलाकों में 2 से 3 फीट तक पानी भर गया है। वहीं झारखंड में हो रही बारिश के कारण नालंदा में नदियों का जलस्तर बढ़ने बाढ़ के हालात हैं।

## दिव्यांगों का मजाक उड़ाने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

### पांच कॉमेडियंस को अपने यूट्यूब चैनलों पर माफी जारी करने का निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को समय रैना सहित पांच हास्य कलाकारों को दिव्यांगजनों के बारे में असंवेदनशील चुटकुले बनाने पर अपने यूट्यूब चैनलों और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर माफ़ी जारी करने का निर्देश दिया।


न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह आदेश एसएमए क्योर फाउंडेशन की एक याचिका पर दिया। इस याचिका में समय रैना, विपुल गोयल, बलराज परमजीत सिंह घई, सोनाली ठक्कर और निशांत जगदीश तंवर के आपत्तिजनक चुटकुलों को चिन्हित किया गया था। संगठन ने अदालत से हास्य के नाम पर दिव्यांगजनों का मज़ाक उड़ाने से रोकने के लिए दिशा-निर्देश भी मांगे थे। पीठ ने कहा कि हालांकि इन हास्य कलाकारों ने खेद व्यक्त किया है, लेकिन माफ़ी की मात्रा उससे हुए नुकसान के अनुरूप होनी चाहिए। न्यायमूर्ति कांत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि पश्चाताप की मात्रा, अपमान की मात्रा से ज्यादा होनी चाहिए। अदालत ने यह भी कहा कि वह अगली सुनवाई में हास्य कलाकारों को दिए जाने वाले दंड पर फैसला करेगी। भारत के महान्यायवादी, आर. वेंकटरमणी ने अदालत को सूचित किया कि ऐसी चिंताओं के समाधान के लिए मसौदा दिशा-निर्देश, रिकॉर्ड में रखे जाएंगे, साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि हास्य पर 'पूरी तरह से रोक' लगाना संभव नहीं है। अदालत ने कहा कि हास्य जीवन का एक अभिन्न अंग है, लेकिन यह गरिमा की कीमत पर नहीं आ सकता। जब हास्य सामुदायिक स्तर पर संवेदनशीलता का उल्लंघन करता है, तो यह समस्या की बात है। न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि प्रभावशाली लोगों को याद रखना चाहिए कि वे अपने बोलने की क्षमता का व्यवसाईकरण कर रहे हैं, और इसका इस्तेमाल भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए नहीं होना चाहिए। न्यायमूर्ति कांत ने हास्य कलाकारों से कहा कि वे अपने मंचों का उपयोग विकलांगता अधिकारों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए भी करें। इस मामले की सुनवाई यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया और आशीष चंचलानी के इंडियाज़ गॉट लेटेंट विवाद में उनके खिलाफ दर्ज कई प्राथमिकियों को एक साथ करने के लिए दायर याचिकाओं के साथ हुई। न्यायालय ने दोहराया कि यह मुद्दा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से कहीं आगे जाता है, क्योंकि इसमें संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत दिव्यांगजनों के सम्मान का अधिकार शामिल है।

### चुनाव विशेषज्ञ संजय कुमार को सुप्रीम राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव विशेषज्ञ संजय कुमार को सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए महाराष्ट्र की मतदाता सूची से जुड़ी गलत जानकारी फैलाने के आरोप में चुनाव आयोग की ओर से दर्ज कराई गई दो एफआईआर के सिलसिले में गिरफ्तारी से सुरक्षा प्रदान की। सीजेआई गवई और न्यायमूर्ति अंजारिया की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा और वकील सुमीर सोढ़ी की इस दलील पर गौर किया कि चुनाव विशेषज्ञ की ओर से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने के बावजूद एफआईआर दर्ज की गई हैं। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि नोटिस जारी करें। इस बीच कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसाइटीज में लोकनीति के सह-निदेशक संजय ने अपने खिलाफ दर्ज दो एफआईआर को रद्द करने की मांग करते हुए अदालत का दरवाजा खटखटाया है।

## बुलंदशहर में कंटेनर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में मारी टक्कर, नौ मरे, 42 घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जिले के अरनिया क्षेत्र में सोमवार को तेज रफ्तार कंटेनर की टक्कर से ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार नौ श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई जबकि 42 अन्य घायल हो गए जिनमें दो की हालत अब भी नाजुक बनी हुई है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि अलीगढ़ जिले के सीमावर्ती घटाला गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 34 पर रात करीब सवा दो बजे तेज़ रफ्तार कंटेनर ट्रक ने श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी। इस हादसे में आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, ट्रैक्टर-ट्रॉली कासगंज जिले के सोरो थाना क्षेत्र के रफयादपुर गांव से लगभग 60 श्रद्धालुओं को लेकर जा रही थी। यह समूह राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में गोगामेड़ी मंदिर में धार्मिक यात्रा के लिए जा रहा था। घटाला गांव के पास पहुंचे, तेज़ रफ्तार कंटेनर ट्रक ने वाहन के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी, जिससे श्रद्धालु अलग-अलग दिशाओं में गिर गए। इस हादसे में करीब 42 लोग घायल हो गए, जबकि नौ की मृत्यु हो गई। पुलिस ने घायलों को कैलाश खुर्जा, सीएचसी जटिया व सीएचसी मुनि अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए भेजा, जिसमें गम्भीर घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया है।

वर्तमान में 10 घायलों का मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ व 10 घायलों का जिला अस्पताल बुलन्दशहर तथा अन्य 22 घायलों का कैलाश अस्पताल खुर्जा में इलाज चल रहा है। घायलों में दो की स्थिति गम्भीर बनी हुई है एवं अन्य सभी घायलों की स्थिति सामान्य है। घटना करने वाला ट्रक संध्या पत्नी संदीप निवासी फरीदाबाद हरियाणा के नाम पर पंजीकृत है, जिसको कब्जे पुलिस में लिया जा चुका है, जो कि धान की भूसी लादकर जा रहा था। मृतकों में ट्रैक्टर चालक ईयू बाबू (40), रामबेटी (65),चांदनी (12), घनीराम (50), मोक्षी (40), शिवांश (06) योगेश (50), सोरेन सिंह (45) और विनोद (45) शामिल हैं। उपचार के दौरान नेम सिंह की मृत्यु हो गई।

### बुलंदशहर हादसे से सीएम योगी दुखी पीड़ित परिजनों को मिलेगी मदद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में सोमवार को हुए सड़क हादसे में हुई जनहानि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक संवेदना व्यक्त की है जबकि घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। योगी ने प्रत्येक मृतक के परिजन को दो-दो लाख रुपये व हर घायल को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही घायलों का उपचार सरकार के खर्चे पर किया जाएगा।

## फैसले की गलत व्याख्या से न्यायपालिका की स्वतंत्रता को नुकसान

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ गठबंधन प्रत्याशी रेड्डी पर शाह की टिप्पणी, रिटायर्ड 18 जजों ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया

■ गृहमंत्री ने कहा था- सलवा जुडूम के खिलाफ जजमेंट न होता, तो नक्सलवाद खत्म हो गया होता

विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी पर गृहमंत्री अमित शाह की टिप्पणी की रिटायर्ड जजों ने आलोचना की है। शाह ने रेड्डी पर नक्सलवाद का समर्थन करने का आरोप लगाया है, जिसे पूर्व जजों ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। कहा कि उपराष्ट्रपति पद का सम्मान करना ही बुद्धिमानी होगी।

सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के रिटायर्ड जजों के समूह में पूर्व जज जस्टिस कुरियन जोसेफ, जस्टिस मदन बी लोकुर और जस्टिस जे चेलमेश्वर समेत 18 जज शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सलवा जुडूम फैसला स्पष्ट या परोक्ष रूप से नक्सलवाद या उसकी विचारधारा का समर्थन नहीं करता। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति पद को अभियान भले ही वैचारिक हो, लेकिन इसे शालीनता और गरिमा के साथ चलाया जा सकता है। किसी भी उम्मीदवार की तथाकथित विचारधारा की आलोचना करने से बचना चाहिए। दरअसल अमित शाह ने 22 अगस्त को केरल में कहा था, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज सुदर्शन रेड्डी वही व्यक्ति हैं जिन्होंने नक्सलवाद की मदद की। उन्होंने सलवा जुडूम पर फैसला सुनाया। अगर सलवा जुडूम पर फैसला नहीं आता, तो नक्सली चरमपंथ 2020 तक खत्म हो गया होता। गृह मंत्री अमित शाह ने 22 अगस्त को केरल में मनोरमा न्यूज कॉन्क्लेव 2025 को संबोधित किया। रिटायर्ड जजों के समूह ने बयान जारी कर कहा एक उच्च राजनीतिक पदाधिकारी की ओर से सुप्रीम कोर्ट के फैसले की पूर्वाग्रहपूर्ण गलत व्याख्या से जजों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका है। इससे न्यायपालिका की स्वतंत्रता को नुकसान पहुंच सकता है। बयान पर हस्ताक्षर करने वालों में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज एके पटनायक, जस्टिस अभय ओका, जस्टिस गोपाल गौड़ा, जस्टिस विक्रमजीत सेन, जस्टिस कुरियन जोसेफ, जस्टिस मदन बी लोकुर, जस्टिस जे. चेलमेश्वर, सीनियर एडवोकेट संजय हेगड़े और प्रो. मोहन गोपाल शामिल हैं। बीते चार दिनों में अमित शाह विपक्ष के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी और उनके सलवा जुडूम पर दिए जजमेंट को लेकर 2 बयान दे चुके हैं।

## गौतम गंभीर को राहत नहीं

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगाने से दिल्ली हाईकोर्ट का इन्कार

दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को पूर्व भारतीय क्रिकेटर और टीम इंडिया के मौजूदा हेड कोच गौतम गंभीर, उनकी संस्था (गंभीर फाउंडेशन) और परिवारजनों के खिलाफ चल रही ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही को रोकने से इन्कार कर दिया।

जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने गौतम गंभीर की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि अदालत 29 अगस्त को इस मामले को विस्तार से सुनेगी। बता दें कि गौतम गंभीर ने एफआईआर को रद्द करने और 9 अप्रैल को दिए गए उस आदेश को वापस लेने की अपील की थी, जिसमें ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर लगी रोक को हटा दिया गया था। इस मामले की सुनवाई के दौरान जब गौतम गंभीर के वकील ने उनके राजनीतिक और क्रिकेट करियर का जिक्र किया, तो अदालत ने सख्त लहजे में कहा कि आप बार-बार नाम और पहचान गिनवा रहे हैं, जैसे यह अदालत में कोई असर करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मतदाता के अधिकार की लड़ाई आगे बढ़ाते रहना होगा: खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को कहा कि बिहार में इंडिया गठबंधन की चल रही 'वोटर अधिकार यात्रा' को लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है और मतदाताओं के अधिकार के लिए हमें अपनी लड़ाई को आगे बढ़ाते जाना है। खड़गे ने यहां कांग्रेस संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत झारखंड, ओडिशा, पंजाब और उत्तराखंड के नवनियुक्त पार्टी पर्यवेक्षकों की बैठक में कहा कि मतदाताओं के अधिकारों के लिए पार्टी को अपनी लड़ाई आगे बढ़ाते रहने के साथ ही लोगों को संदेश देते रहना होगा। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री, पूर्व मुख्यमंत्री गोविंद वल्लभ पंत, पूर्व मुख्यमंत्री गुंडू राव, मंत्री धर्म सिंह, जिला अध्यक्ष के पद पर रहे हैं।

# जवानों ने आतंकियों को कर्म देखकर मारा

**जोधपुर, वार्ता**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राजस्थान के जोधपुर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के आतंकियों को हमारे जवानों ने उनका धर्म पूछकर नहीं, उनका कर्म देखकर मारा। इस ऑपरेशन में हमारी सेनाओं ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया और तय किए टारगेट पर सटीक हमला किया है।

रक्षा मंत्री ने इस ऑपरेशन को नए भारत की पहचान बताया। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन सिंदूर की सबसे बड़ी विशेषता थी कि आक्रमण के लिए जो टारगेट तय किया था, हमारी सेना ने उसी लक्ष्य पर सटीक हमला किया। मैं तो यहां तक कहना चाहूंगा कि ऑपरेशन

**■ पहलगाम में धर्म पूछकर मारा था: राजनाथ**

सिंदूर के दौरान हमारी सेनाओं को सभी सीमावर्ती क्षेत्रों से पूरा समर्थन मिला। जोधपुर में रक्षा एवं खेल अकादमी के उद्घाटन के दौरान राजनाथ सिंह ने कहा कि एक सुरक्षित और मजबूत राष्ट्र के निर्माण के लिए रक्षा, शिक्षा और खेल का समन्वय अत्यंत आवश्यक है। शिक्षा ज्ञान प्रदान करती है, जबकि रक्षा से सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

# शुभांशु शुक्ला का लखनऊ में ऐतिहासिक स्वागत

**शाह टाइमस ब्यूरो**

**लखनऊ।** अंतरिक्ष यात्री व ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का सोमवार को उनके गृह नगर लखनऊ में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। एक्सओम मिशन-4 के सदस्य शुभांशु सोमवार सुबह अमौसी हवाई अड्डा पहुंचे, जहां उनका स्वागत उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने किया।

लखनऊ एयरपोर्ट से सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस तक हजारों छात्र छात्राएं और अन्य अन्तरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला 'शुक्स' की स्वागत यात्रा में शामिल हुए। आसमान की तरफ लहराते झंडे, पुष्पवर्षा और गगनभेदी नारों से 39 वर्षीय अन्तरिक्ष यात्री का अभूतपूर्व स्वागत देखने लायक था। शुभांशु सीएमएस के छात्र रहे हैं। समारोह की शुरुआत एयरपोर्ट से हुई, जहां सीएमएस प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन के नेतृत्व में छात्रों ने बैंड प्रस्तुति दी और अपने गौरवशाली पूर्व छात्र का माल्यार्पण किया। इसके बाद खुले वाहन पर निकलने वाली शोभायात्रा शहर की सड़कों से गुजरी, उनके पीछे हजारों की



अमौसी हवाई अड्डे पर सीएम योगी, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक व शुक्ला के पिता व माता तथा अन्य ने अंतरिक्ष यात्री व ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का स्वागत किया।

उल्लसित भीड़ 'जय हिन्द और जय जगत' के नारे लगाती चल रही थी। जी-20 चौराहे पर तो स्वागत समारोह का दृश्य बेहद रोमांचक हो गया, जब हजारों लोगों की तालियों के बीच शुमांशु विनम्रता से हाथ हिलाकर अभिवादन कर रहे थे। भव्य शोभायात्रा का समापन सी. एम.एस. गोमती नगर एक्सटेंशन शाखा पर हुआ। जहां 3000 की संख्या में बच्चों ने परेड निकालकर उनका स्वागत किया। इस दौरान शुभांशु शुक्ला भी बच्चों का अभिवादन स्वीकार करते नजर आए। परेड कार्यक्रम के बाद शुभांशु शुक्ला ने स्कूल के बाहर प्लांटेशन भी किया। सीएमएस आडिटोरियम में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान प्रो. गीता किंगडन ने अपना स्वागत उद्बोधन दिया। प्रो-गांधी किंगडन ने कहा कि शुभांशु की उपलब्धि केवल स्कूल की नहीं बल्कि हर भारतीय की है। उन्होंने सचमुच विद्यालय के आदर्श वाक्य 'जय जगत' की भावना को साकार किया है। हमें उन पर असीम गर्व है और हम उनके गगनयान मिशन समेत समस्त अन्तरिक्ष कार्यक्रमों की अभूतपूर्व सफलता की कामना करते हैं। इसके बाद स्कूली बच्चों ने देशभक्ति गानों पर रंगारंग प्रस्तुति दी। इस दौरान शुभांशु शुक्ला और उनके पिता शंभु दयाल शुक्ला, माता आशा शुक्ला, पत्नी कामना मिश्रा का प्रो गीता किंगडन, संस्थापिका भारती गांधी ने मंच पर स्वागत किया। एयरपोर्ट पर स्वागत के लिए पहुंचे यूपी के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि अपनी जन्मभूमि लखनऊ आगमन पर वायु सेवा के जांबाज़ ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का हार्दिक स्वागत और अभिनंदन है। उत्तर प्रदेश के लिए आज अतिविशेष और महत्वपूर्ण दिन है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि शुभांशु शुक्ला ने जिस प्रकार से हमारे देश का मान-सम्मान बढ़ाया है। अंतरिक्ष में भारत की ताकत के प्रतीक के रूप में हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय विदेश मंत्रालय को निर्देश दिया

# गायब रूसी मां और बच्चे को लेकर अनुरोध पत्र भेजें

**नई दिल्ली, वार्ता**

उच्चतम न्यायालय ने भारतीय विदेश मंत्रालय को निर्देश दिया है कि वह गायब हुई एक रूसी महिला और उसके बच्चे का पता लगाने के लिए रूसी दूतावास को प्राथमिकी और संबंधित दस्तावेजों के साथ एक नया अनुरोध पत्र भेजे।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने रूस को भारत के साथ हस्ताक्षरित कानूनी सहायता संधि का उल्लेख करते हुए कहा कि रूसी दूतावास को अपने द्विपक्षीय दायित्वों की याद दिलानी चाहिए। इस संधि में कहा गया है कि दोनों पक्षों को आपराधिक मामलों में यथासंभव व्यापक कानूनी सहायता देनी चाहिए। न्यायालय ने अपर सॉलिसिटर जनरल



(एएसजी) ऐश्वर्या भाटी से यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास राजनयिक माध्यमों का सक्रिय रूप से उपयोग करे। विदित हो कि इस घटना में एक रूसी महिला अपने भारतीय पति के साथ चल रहे अपने पांच साल के बच्चे की कस्टडी विवाद के बीच कथित तौर पर बच्चे के साथ भारत से चली गई थी।

### भूस्वामियों को झुग्गी झोपड़ियों के पुनर्विकास का पहला अधिकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि महाराष्ट्र झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्र अधिनियम, 1971 के तहत अधिसूचित भूमि के पुनर्विकास का पहला अधिकार भूस्वामी को है और राज्य ऐसी जमीन के अधिग्रहण के लिए तब तक आगे नहीं बढ़ सकता, जब तक भूस्वामी का अधिकार खत्म न कर दिया जाए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने मुंबई के कुर्ला में अधिग्रहण से संबंधित एक विवाद का निपटारा करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि एसआरए को भूस्वामी को झुग्गी-झोपड़ी पुनर्वास योजना के लिए प्रस्ताव करते हुए नोटिस जारी करना आवश्यक है।

### 'एस्ट्रोनॉमी' पर नहीं 'एस्ट्रोलॉजी' पर विश्वास करती है भाजपा : सपा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को उनके अंतरिक्ष अभियान की सफलता पर बधाई देते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तंज कसा और कहा कि भाजपा 'एस्ट्रोनामी (खगोल विज्ञान) के बजाय एस्ट्रोलाजी यानी ज्योतिष विज्ञान पर विश्वास करती है।

पार्टी कार्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में यादव ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के एक बयान का हवाला देते हुए कहा कि बीजेपी वाले कह रहे हैं कि पहले अंतरिक्ष यात्री भगवान हनुमान जी थे। हमारे सभी भगवान ही अंतरिक्ष में रहते हैं। भाजपा हर बात का श्रेय लेने की कोशिश करती है, लेकिन दुख इस बात का है कि शुभांशु भाजपा के सदस्य नहीं है।

# एक भी मतदाता का शपथ-पत्र मूल रूप में प्राप्त नहीं हुआ : यूपी चुनाव आयोग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी में वर्ष 2022 में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में 18,000 वोट हटाए या काटे जाने के समाजवादी पार्टी के आरोपों पर राज्य निर्वाचन आयोग ने एक बार फिर स्पष्टीकरण जारी किया है। आयोग का कहना है कि एक भी शपथ पत्र मूल रूप में नहीं मिला है, स्कैन की गईं कॉपियां जरूर मिलीं हैं, जिनमें से कुछ की जांच पूरी हो चुकी है और कुछ की जारी है।

सोशल मीडिया साइट एक्स पर राज्य निर्वाचन आयोग ने सपा मीडिया सेल की एक पोस्ट का जवाब देते हुए लिखा कि 18 हजार शपथ पत्रों के साथ की गई शिकायत का जो उल्लेख बार बार किया जा रहा है, उसके संबंध में यह स्पष्ट किया जाता है

**■ सपा की शिकायतों पर दिया स्पष्टीकरण**

कि एक भी मतदाता का शपथ पत्र मूलरूप में प्राप्त नहीं हुआ है। ईमेल के माध्यम से समाजवादी पार्टी द्वारा जो शिकायत की गई है उसमें लगभग 3919 अलग अलग नाम के व्यक्तियों के शपथ पत्रों की स्कैन कॉपी अवश्य प्राप्त हुई हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने लिखा कि शिकायत 33 जिलों के 74 विधानसभा क्षेत्रों से संबंधित है। 5 विधानसभा क्षेत्रों से संबंधित शिकायत की जांच पूर्ण हो चुकी है और एक्स के माध्यम से आम जनता के समक्ष जांच के निष्कर्ष को प्रस्तुत भी किया जा चुका है।

सोमवार को सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट में सपा के मीडिया सेल द्वारा लिखा गया- 2022 का पूरा विधानसभा चुनाव, सभी उपचुनाव भाजपा सत्ता की मिलीभगत, इशारे पर लूटे गए और धृतराष्ट्र की भांति चुनाव आयोग भाजपाई बेइमानी के मूक समर्थन में बेइमानियों में संलिप्त रहा।

### नवंबर-22 में बने शपथ पत्र, मर चुके उससे पहले

अभी तक जिन पांच विधानसभा क्षेत्रों की जांच सम्पन्न हुई है, उनमें यह पाया गया है के ऐसे कतिपय व्यक्तियों के नाम से माह नवम्बर 2022 में शपथ पत्र बने हैं, जिनकी मृत्यु वर्ष 2022 से कई साल पूर्व हो चुकी थी। कतिपय व्यक्तियों ने अपने नाम से बने शपथ पत्र की स्कैन कॉपी को दिखाने पर ऐसा कोई भी शपथ पत्र देने से स्पष्ट इन्कार कर दिया है। कानूनन गलत साक्ष्य दिया जाना एक अपराध माना जाता है।



**सेंसेक्स** 81635.91
**निफ्टी** 24967.75



**सोना रु.** 100345
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 116533
प्रति किलो



# लिवाली से शेयर बाजार में लौटी तेजी

**मुंबई।** सूचना प्रौद्योगिकी और ऑटो कंपनियों में लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में सप्ताह के पहले दिन सोमवार को तेजी लौट आई।

पिछले कारोबारी दिवस की गिरावट के बाद बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स आज 329.06 अंक (0.40 प्रतिशत) की बढ़त में 81,635.91 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक भी 97.65 अंक यानी 0.39 प्रतिशत चढ़कर 24,967.75 अंक पर बंद हुआ। आईटी सेक्टर में जबरदस्त लिवाली के कारण सुबह से ही बाजार में तेजी रही। संसेक्स 194.21 अंक की बढ़त के साथ 81,501.06 अंक पर खुला और पूरे दिन हरे निशान में रहा। इस दौरान यह नीचे 81,364.86 अंक और ऊपर 81,799.06 अंक तक गया। निफ्टी-50 सूचकांक भी 79.05 अंक ऊपर 24,949.15 अंक पर खुला। इसका दिवस का निचला स्तर 24,894.35 अंक और उच्चतम स्तर



25,021.55 अंक रहा। एनएसई में निफ्टी आईटी सूचकांक 2.37 फीसदी चढ़ा। रियलिटी, धातु, ऑटो, फार्मा, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद सेक्टरों के सूचकांकों में भी तेजी रही। वहीं, सार्वजनिक बैंकों, वित्तीय सेवाओं और एफएमसीजी सेक्टरों के सूचकांक गिरावट में रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 20 के शेयर हरे निशान में बंद हुए। इंफोसिस का शेयर 3.03 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। टीसीएस में 2.85 प्रतिशत, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 2.55 और टेक मलहद्रा में 1.32 प्रतिशत की तेजी रही। टाटा मोटर्स, सनफार्मा, मारुति सुजुकी, टाइटन, टाटा स्टील और बजाज फाइनेंस के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए। सबसे अधिक 0.76 प्रतिशत की गिरावट बीईएल के शेयर में रही। एशियन पेंट्स का शेयर 0.39 फीसदी, भारती एयरटेल का 0.38 और आईसीआईसीआई बैंक का 0.21 प्रतिशत फिसल गया। ज्यादा शेयरों पर आधारित निफ्टी.100 सूचकांक में 0. 37 फीसदी की तेजी रही। मझौली कंपनियों में निवेशकों की लिवाली कम रही और छोटी कंपनियों में वे बिकवाल रहे। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.16 प्रतिशत की बढ़त में रहा। वहीं, निफ्टी स्मॉलकैप 100 सूचकांक में 0.04 प्रतिशत गिर गया। एशियाई शेयर बाजारों में तेजी रही। जापान का निक्केई 0.41 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 1.94 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.51 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। जर्मनी का डैक्स 0.29 प्रतिशत नीचे कारोबार कर रहा था जबकि ब्रिटेन का एफटीएसई सूचकांक 0.13 फीसदी ऊपर था।

### चांदी1.16 लाख प्रति किलो सोना 1,00,345 प्रति 10 ग्राम

**मुंबई।** सोमवार को चांदी ने ऑलटाइम हाई बनाया है। आज एक किलो चांदी की कीमत 2,627 रुपए महंगी होकर 1,16,533 रुपए हो गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम सोने का भाव 987 रुपए चढ़कर 1,00,345 रुपए पर पहुंच गया है।

देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,660 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,200, एक किलो चांदी की कीमत 1,21,000 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,510 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,050 व एक किलो चांदी की कीमत 1,21,000 रुपये थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,510 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,050 व एक किलो चांदी की कीमत 1,21,000 रही। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,510 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,050 व एक किलो चांदी की कीमत 1,31,000 रही। मार्केट एक्सपर्ट केडिया कमोडिटी के अनुसार 2025 के आखिर तक एक किलो चांदी की कीमत 1.30 लाख रुपए तक पहुंच सकती है। मनीकंट्रोल का अनुमान है कि चांदी में 34 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे कीमत 1,46,000 प्रति किलोग्राम तक जा सकती है।

# भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती और उम्मीद का प्रतीक बनी हुई है: आरबीआई गवर्नर

**मुंबई, वार्ता**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने सोमवार को कहा कि देश की अर्थव्यवस्था मजबूती और उम्मीद का प्रतीक बनी हुई है और आने वाले वर्षों में हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे। श्री मल्होत्रा ने यहां उद्योग मंडल फिक्की और भारतीय बैंक संघ (आईबीए) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन 'फिबैक' के उद्घाटन के मौके पर कहा कि देश ने स्वतंत्रता के बाद काफी प्रगति की है। हमने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, बुनियादी ढांचा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, रक्षा प्रशासन, वित्त आदि क्षेत्रों में प्रगति की है। उन्होंने कोरोना महामारी, अमेरिका द्वारा लगाये गए आयात शुल्क और मौजूदा भू-राजनैतिक परिस्थितियों का जिक्र करते हुए कहा, हभारतीय अर्थव्यवस्था कई गुना बढ़ी है। यह मजबूती और उम्मीद का प्रतीक बनी हुई है। पिछले कुछ वर्षों में अभूतपूर्व चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था की उपलब्धियां अभूतपूर्व हैं। हम आने वाले वर्षों में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाले हैं। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि राजकोषीय घाटा 9.2 प्रतिशत से घटकर चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.4 प्रतिशत पर रहने की उम्मीद है। सेवा क्षेत्र के निर्यात में जारी मजबूती के कारण चालू खाते का घाटा पिछले वित्त वर्ष में जीडीपी के 0.6 प्रतिशत पर रहा था। देश का विद. शी मुद्रा भंडार 15 अगस्त 2025 को समाप्त सप्ताह में 695 अरब डॉलर था जो 11 महीने के माल आयात बिल के भुगतान के लिए पर्याप्त है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए रिजर्व बैंक तीन बातों पर फोकस कर रहा है। पहला, वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा देना।

# उम्मीद: सुप्रीम कोर्ट जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करेगा: उमर

**श्रीनगर।** मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को उम्मीद जतायी कि उच्चतम न्यायालय जम्मू.कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए हस्तक्षेप करेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अभी तक कोई फैसला नहीं ले पायी है, लेकिन हमें अब भी उम्मीद है कि कम से कम सुप्रीम कोर्ट तो ऐसा करेगा।

श्री अब्दुल्ला जम्मू.कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई की तारीख पूर्व निर्धारित तिथि से पहले करने से उच्चतम न्यायालय के इनकार पर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। श्री अब्दुल्ला ने श्रीनगर में संवाददाताओं से कहा कि हम यह भी चाहते हैं कि इस फैसले में और देरी न हो। हम 10 महीने से ज्यादा समय से सरकार में हैं, और पहले दिन से ही हम राज्य के दर्जे के पक्ष में हैं। उन्होंने कहा कि उनके मंत्रिमंडल का पहला फैसला राज्य का दर्जा देने की मांग वाला एक प्रस्ताव पारित करना था, जिसे बाद में उन्होंने प्रधानमंत्री को सौंप दिया। उन्होंने कहा कि जब मैं पहली बार मोदी जी से मिला तो सबसे पहले मैंने कैबिनेट का प्रस्ताव उनके हाथों में थमा दिया। हम इंतज़ार कर रहे हैं, लेकिन हमें अपने इंतज़ार का कोई फ़ायदा नहीं मिला है। उच्चतम न्यायालय 10 अक्टूबर से पहले मामले की सुनवाई के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि हम थोड़ा और इंतज़ार करेंगे। लेकिन हमें अब भी उम्मीद है कि जहां केंद्र सरकार ने यह फैसला नहीं लिया है, कम से कम उच्चतम न्यायालय तो ज़रूर लेगा।

**बिकाऊ है।**

एक औद्योगिक भूखण्ड क्षेत्र 50850 वर्ग मीटर मय बाऊड्री औद्योगिक क्षेत्र ग्राम गगनोली तहसील लक्सर जिला हरिद्वार।

**शीघ्र सम्पर्क करें-**

9837333111, 9917200010













**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# लोकतंत्र की नींव बलिदान व संघर्ष पर टिकी: सीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि भारत के लोकतंत्र की नींव बलिदान और संघर्ष पर टिकी है और हर जनप्रतिनिधि का पहला संकल्प राष्ट्रहित होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि विचारों में मतभेद लोकतंत्र की शक्ति है, लेकिन जनता और राष्ट्रहित से जुड़े निर्णयों में सभी राजनैतिक दलों को एकजुट होकर खड़ा होना चाहिए।

**■ विचारों में मतभेद लोकतंत्र की शक्ति है, लेकिन जनता और राष्ट्रहित से जुड़े निर्णयों में सभी राजनीतिक दलों को एकजुट होकर खड़ा होना चाहिए: रेखा गुप्ता**

दिल्ली विधानसभा में आयोजित ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस के समापन सत्र में मुख्यमंत्री ने मंच पर उपस्थित लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता सहित सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह सम्मेलन सभी राज्यों से आए स्पीकरों और डिप्टी स्पीकरों के लिए अपने दायित्व और प्रतिबद्धता को पुन: स्मरण करने का अवसर है। उन्होंने महिला स्पीकर्स और डिप्टी स्पीकर्स की भागीदारी को विशेष रूप से प्रेरणादायक बताया।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भारत की पहली केंद्रीय विधायनसभा के १०० वर्ष पूरे होने के ऐतिहासिक अवसर का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीयों द्वारा विधानसभा की अध्यक्षता संभालना देश के लोकतंत्र की वास्तविक शुरुआत थी।

मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों को नमन करते हुए कहा कि आज जब हमें अपने संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं के साथ स्वतंत्र भारत का नेतृत्व करने का अवसर मिला है तो यह हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है कि हम उस आजादी की गरिमा को और मजबूत करें। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि जनप्रतिनिधियों को हमेशा श्राष्ट्र प्रथम, पार्टी द्वितीय, स्वयं अंतिमश के सिद्धांत पर काम करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि विचारों में मतभेद लो. कतंत्र की शक्ति है, लेकिन जनता और राष्ट्रहित से जुड़े निर्णयों में सभी दलों को एकजुट होकर खड़ा होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने महान स्वत्रतंत्रा सेनानी विट्ठल भाई पटेल के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी लोकतंत्र और विधायी कार्यों के आदर्श स्थापित किए। उन्होंने कहा कि आज सभी जनप्रतिनिधियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि सदनों में होने वाली बहस और चर्चा जनता के हित में हो तथा लोकतंत्र की गरिमा बढ़ाने वाली हो। उन्होंने कहा कि जब पूरा देश अपने निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को सदनों में देखता है तो उसे उम्मीद रहती है कि वे उसकी आवाज उठाएंगे और राष्ट्रहित में निर्णय लेंगे।

## बारिश के साथ हुई दिन की शुरूआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली** दिल्ली एनसीआर में आज दिन की शुरुआत बारिश और बूंदाबांदी के साथ हुई। कई जगह हल्की बारिश हुई। आसमान में आमतौर पर बादल छाए रहें। अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होती रही इस दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमश: ३१ और २२ डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा । सुबह से शहर में ही रही बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार, २६, २७ और २८ अगस्त को भी आंधी तूफान के साथ बारिश की संभावना है। इस दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान ३३ से ३४ डिग्री और २३ से २४ डिग्री के आसपास रह सकता है। इसके बाद २९ और ३० अगस्त को गरज चमक के साथ बारिश की संभावना जताई गई है। इस दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान ३३ डिग्री और २३ डिग्री रह सकता है।

# एसिड अटैक मामले में डॉक्टर को 11 साल बाद सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** तीस हजारी कोर्ट ने २०१४ में एक महिला पर तेजाब फेंकने के जुर्म में एक डॉक्टर को १२ साल के कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने कहा कि पीड़िता पौराणिक पक्षी फीनिक्स की तरह राख से उठी और भयावह घटना से उत्पन्न शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक आघात से लड़कर अपने जीवन का पुनर्निर्माण किया।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सौम्या चौहान, दोषियों डॉ. अशोक यादव (४२) और वैभव (३२) के खिलाफ सजा पर बहस सुन रही थी। उन लोगों को महिला के चेहरे पर तेजाब फेंकने की आपराधिक साजिश रचने का दोषी ठहराया गया था। अदालत ने यादव को १२ साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई, साथ ही पांच लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया, जो महिला को देय होगा। अदालत ने दोषी वैभव को यह देखते हुए रिहा कर दिया कि वह २५ दिसंबर, २०१४ से १० साल से ज्यादा की सजा काट चुका है। अदालत ने कहा कि दोषी अशोक यादव पूरी साजिश का मास्टरमाइंड है, जब पीड़िता ने उसके बार-बार शादी के प्रस्तावों को ठुकरा दिया और उसकी शादी कहीं और तय हो गई, तो दोषी ने उसका चेहरा बिगाड़कर उससे बदला लेने की सोची। उसके बाद यादव ने सह-आरोपी वैभव से संपर्क किया और महिला पर तेजाब फेंकने की योजना बनाई। संदेह से बचने के लिए यादव ने महिला का बैग लूटकर इसे डकैती का रंग देने का फैसला किया। अदालत ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एमबीबीएस की डिग्री भी दोषी की गहरी पैठ वाली पितृसत्तात्मक मान. सिकता और मध्ययुगीन सोच को नहीं मिटा सकी।

# मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों को लेकर की समीक्षा बैठक, दिए दिशा -निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि उनकी सरकार हर वर्ग और हर क्षेत्र का विकास चाहती है। सरकार के पास फंड की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की कोताही या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने अफसरों को आदेश जारी किए कि वे मुख्यमंत्री विकास फंड (सीएमडीएफ) से जुड़े कार्य, विधायक निधि से भेजे गए विकास कार्यों (एमएलए एलएडी) के अलावा अनिधकृत कॉलोनियों और अनुसूचित जाति व जनजाति बस्तियों में विकास की गति तेज करें और वहां शुरू हो रहे विकास कार्यों को समय पर पूरा करें। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इन्हीं विषयों के विकास कार्यों को लेकर दिल्ली सचिवालय में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की थी। बैठक में मुख्य सचिव, दिल्ली नगर निगम के आयुक्त सहित शहरी विकास, योजना, वित्त, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से प्राप्त प्रस्तावों और उनकी प्रगति रिपोर्ट की जानकारी ली तथा आगामी कार्ययोजना के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री विकास निधि और विधायक निधि से संबंधित सभी कार्यों की स्टेटस रिपोर्ट नियमित रूप से उनके और विधायकों के पास भेजी जाए, ताकि यदि किसी स्तर पर कोई अड़चन आती है तो संबंधित विधायक उसकी तुरंत जानकारी प्राप्त कर उसका समाधान कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी विधायक द्वारा भेजा गया प्रस्ताव नियमों के अनुसार नहीं पाया जाता है, तो उसकी जानकारी तत्काल विधायक को उपलब्ध कराई जाए, जिससे समय की बर्बादी न हो और कार्ययोजना पर जल्द से जल्द अमल हो सके।



**विधानसभा में आयोजित ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस के समापन सत्र में मुख्यमंत्री वक्तव्य देती हुई मंच पर उपस्थित लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आदि।**

## एक नजर

### ब्रह्माकुमारीज ने मनाया विश्व बंधुत्व दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** ब्रह्माकुमारी संस्था के पूर्व मुख्य प्रशासिका, राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की 18 वीं पुण्य तिथि के अवसर पर दिल्ली तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में मुख्य सेवा केन्द्रों पर रक्तदान शिविर आयोजित किए गए। दादीजी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर अनेक भाई – बहनों ने रक्तदान भी किया।

षविश्व बंधुत्व दिवसष के उपलक्ष्य में संस्था के समाज सेवा प्रभाग द्वारा पूरे भारत और नेपाल में त्रिदिवसीय (दिनांक 23, 24 एवं 25 अगस्त) रक्तदान अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत लगभग 1500 रक्तदान शिविरों का सफल आयोजन आयोजन कर एक लाख (100000) से अधिक यूनिट रक्त एकत्रित हुआ, जिसको गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज किया जाएगा।इस अवसर पर, दिल्ली तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में भी इन तीन दिनों में लगभग 37 ब्रह्माकुमारी राजयोग शिक्षा केंद्रों में रक्तदान शिविरों का आयोजन हुआ।

### पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने काव्य संध्या का आयोजन किया

**नई दिल्ली।** हिंदी भाषा की सुंदरता और सांस्कृतिक महत्ता का जश्न मनाने के लिए भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय की महारत्न कंपनी पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने नई दिल्ली में एक विशेष काव्य संध्या का आयोजन किया। कवि डॉ. कुमार विश्वास इस संध्या के मुख्य आकर्षण रहे। डॉ. विश्वास ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से हास्य,भाव और देशभक्ति के जोश से परिपूर्ण हिंदी कविता प्रस्तुत करने की अपनी अनूठी शैली से उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आर.के. त्यागी ने किया। इस अवसर पर निदेशक (वित्त) जी. रविशंकर, डॉ. यतीन्द्र द्विवेदी, निदेशक (कार्मिक) नवीन श्रीवास्तव, निदेशक (संच. ालन) वामसी राम मोहन बुर्रा, निदेशक परियोजना, डॉ. साईबाबा दरबामुल्ला, सरकार द्वारा नामित निदेशक, शिव तपस्या पासवान, स्वतंत्र निदेशक, सजल झा,स्वतंत्र निदेशक और विद्युत मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कविता पाठ के दौरान डॉ. कुमार विश्वास ने कहा हिंदी केवल एक भाषा नहीं है, यह हमारी संस्कृति की जीवंत भावना है, जिसमें हमारे गांवों की खुशबू,हमारे युवाओं के सपने और हमारे बुजुर्गों का ज्ञान समाया हुआ है।

### ईस्पोर्ट्स दुनिया में पहचान बना रही पारिधि

**नई दिल्ली।** पारिधि गुप्ता जिन्हें लोग नूबपरी के नाम से ज्यादा जानते हैं, भारतीय बीजीएमआई बैटलग्राउंड्स मोबाइल इंडिया ईस्पोर्ट्स दुनिया में अपनी खास पहचान बना रही हैं। दिल्ली की रहने वाली पारिधि न सिर्फ एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं बल्कि गेमिंग की दुनिया में महिलाओं के लिए प्रेरणा भी बनी हुई हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 41,000 से ज्यादा फॉलोअर्स और यूट्यूब पर 75,000 से ज्यादा सब्सक्राइबर्स हैं।नूबपरी के गेमिंग का सफर बहुत जल्दी शुरू हो गया था। 9 साल की उम्र से ही वह कंसोल गेम्स खेलती रही हैं। पहले ही मैच से वह इस खेल की रोमांचक प्रतिस्पर्धा, अच्छे प्रदर्शन और जीत की चाह से जुड़ गईं। तब से अब तक उन्होंने एक सख्त डेली शेड्यूल बना लिया है, उन्होंने दोपहर में अपनी टीम के साथ स्क्रिम्स खेलना, शाम को इंटेंस गेम मोड्स में प्रैक्टिस करना और रात को यूट्यूब पर लाइव-स्ट्रीम करके अपने फैंस से जुड़ना और उन्हें बढ़ाना शुरू कर दिया।पारिधि ने अपनी पढ़ाई और गेमिंग के जुनून के बीच संतुलन बनाया, उनके माता-पिता ने उनकी लगन और अनुशासन को महसूस किया। धीरे-धीरे वे उनके सबसे बड़े समर्थक बन गए और उन्हें पूरे दिल से गेमिंग करने के लिए प्रोत्साहित करने लगे।

## खाटू श्याम दिल्ली धाम में सनातन सप्तऋषि अखाड़े का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एक ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक महत्व के अवसर पर, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष पूज्य रवींद्र पुरी महाराज ने खाटू श्याम दिल्ली धाम में सनातन सप्तऋषि अखाड़े की औपचारिक घोषणा एवं उद्घाटन किया। इस अवसर पर सैकड़ों पूज्य संतों, विद्वानों एवं श्रद्धालुओं ने अपनी दिव्य उपस्थिति से कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की। समारोह में माननीय महापंडित चंद्रमणि मिश्रा को आचार्य महामंडलेश्वर नियुक्त किया गया तथा घनश्याम गुप्ता जवेरी को सनातन सप्तऋषि अखाड़े का राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया गया। पूज्य संतों की शोभायात्रा और मंगल वचनों के बीच कार्यक्रम का वातावरण पूर्णत: आध्यात्मिक एवं भावविभोर कर देने वाला था। इस अवसर पर महंत राम रतन गिरि महाराज, ललितानंद गिरि महाराज, महस्वरूप महाराज, धर्मदेव महाराज, स्वामी कृष्ण नंद परमहंस (कालिदास जी महाराज), तथा डॉ. नरेश चंद शास्त्री की गरिमामयी उपस्थिति रही।

श्री रवींद्र पुरी महाराज ने सभी संतों का सम्मान करते हुए सप्तऋषि धाम की आधारशिला रखी। उन्होंने इसे "आध्यात्मिक पुनर्जागरण का प्रतीक" बताया, जो आने वाली पीढ़ियों को सनातन संस्कृति से जोड़ने का कार्य करेगा। इस पावन अवसर पर संतजनों ने घनश्याम गुप्ता जावेरी के अथक प्रयासों की सराहना की।




उन्होंने उन्हें उस आध्यात्मिक सेतु के रूप में सम्मानित किया, जिन्होंने एक समय बंजर रही भूमि को भक्ति और सनातन धर्म के समृद्ध केंद्र में परिवर्तित कर दिया। क्रिएटिव फिल्म डायरेक्टर सुनील ने कहा कि खाटू श्याम दिल्ली धाम आज भारतीय संस्कृति और सनातन मूल्यों का जीवंत केंद्र बनता जा रहा है, जो एकता, भक्ति और आध्यात्मिक उत्थान का प्रतीक है।

## वकीलों की हड़ताल को दिया समर्थन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पिछले दिनों दिल्ली के उप राज्यपाल द्वारा जारी आदेश कि थानों में बैठ कर ही वीडीओ कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालतों में गवाही दे सकेंगे पुलिस कर्मी, के विरोध में लगातार चार दिनों से दिल्ली की सभी जिला अदालतों में चल रही वकीलों की हड़ताल को आज जनहित व न्यायहित में हिन्दुस्तान शिवसेना ने भी अपना समर्थन देने की घोषणा कर दी शहादरा बार एसोसिएशन की लेडी मेम्बर एग्जिक्यूटिव लता भाटी, उपाध्यक्ष अमित तंवर एडिशनल सेक्रेट्री अवध प्रताप सिंह की मौजूदगी में आज हिन्दुस्तान शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दिल्ली हाई कोर्ट के एडवोकेट राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया ने उनसे मुलाकात कर हड़ताल को अपना और अपनी पार्टी का समर्थन देने की घोषणा की । अवध प्रताप सिंह ने कहा कि यह आदेश दुर्भाग्य पूर्ण और न्याय प्रक्रिया पर कुठाराघात है देश के अन्य किसी भी राज्य में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है । अमित तंवर ने भी इस आदेश का विरोध करते हुऐ और राजा भईया के समर्थन का धन्यवाद करते हुऐ कहा कि यह हड़ताल न्याय और अन्याय की लड़ाई है जिसे दिल्ली का प्रत्येक वकील अंत तक लड़ने को तैयार है, राजा भईया ने भी इस आदेश का विरोध करते हुऐ बताया कि ऐसे आदेश जारी कर उपराज्यपाल महोदय ने न्यायपालिका के कार्यों में हस्तक्षेप किया है निष्पक्ष न्याय पाना सभी नागरिकों का मौलिक एवं संवैधानिक अधिकार है परन्तु इस आद. ेश से तो पूरी की पूरी निष्पक्षता ही खत्म हो जाएगी और झूठें मुकदमे का सामना करने वाले निर्दोष लोगों को कभी भी न्याय नहीं मिल पाएगा ।

## इंडक्शन वीक -2025 सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लिंग्याज लालिता देवी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंसेज (छतरपुर) ने बीए (जेएमसी), बी.एड., बीबीए, बी.कॉम (ऑनर्स) और बीसीए के नए विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन वीक 2025 का सफल आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक प्रो. (डॉ.) प्रणव मिश्रा के स्वागत भाषण से हुई।

इस दौरान विद्यार्थियों को प्रख्यात शिक्षाविदों और उद्योग विशेषज्ञों से करियर संभावनाओं और कौशल आवश्यकताओं पर मार्गदर्शन मिला। प्रमुख वक्ताओं में प्रो. रजनीकांत वर्मा (दिल्ली विश्वविद्यालय), डॉ. प्रदीप कुमार डॉ. इश्तियाक अहमद डॉ. आस्था वर्मा, उजमा , विकास जैन अविरल अग्रवाल रंजीत प्रजा. पति और अमृता मधुकैया शामिल रहे। सत्रों में वक्ताओं ने विद्यार्थियों को नवाचार, अनुशासन, सृजनात्मकता और आजीवन सीखने के लिए प्रेरित किया। साथ ही आइस-ब्रेकिंग सेशन, डांस वर्कशॉप और योग जैसी गतिविधियों ने विद्यार्थियों को आपस में जुड़ने और संस्थान की संस्कृति समझने का अवसर दिया।

## उफ्फ ये सियापा का ट्रेलर रिलीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जी. अशोक द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म उफ्फ ये सियापा का जबरदस्त ट्रेलर रिलीज हो गया है। बता दें कि इसकी खास बात यह है कि बिना बोले यह फिल्म दर्शकों को एक नए और अनोखे सफर पर अपने संग लेकर जाने वाली है। ऐसे में उफ्फ ये सियापा 5 सितंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। बिना किसी डायलॉग के पूरी तरह से बनाई गई यह फिल्म विजुअल स्टोरीटेलिंग, सिचुएशनल कॉमेडी और खास कर के ऑस्कर विजेता संगीतकार ए.आर. रहमान के कमाल के गानों पर निर्भर है। फिल्म के ट्रेलर के बारे में बात करते हुए डायरेक्टर जी. अशोक ने कहा,' षफिल्म श्उफ्फ ये सियापाश मेरे दिल के बहुत करीब है। मेरा डांस और कोरियोग्राफी का बैकग्राउंड होने की वजह से, मुझे बस एक्सप्रेशन से कहानी कहने का भरोसा था। मुझे अपनी कास्ट सोहम, नुसरत, नोरा, ओमकार पर गर्व है, क्योंकि इन्होंने अपने किरदारों को खूबसूरती से जिया है।

# द प्रेक्टिस ऑफ इमोर्टेलिटी पुस्तक का हुआ विमोचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका में स्थित योशभूमि में आचार्य डॉ. ईशान शिवानंद की नई पुस्तक द प्रेक्टिस ऑफ इमोर्टेलिटी का विमोचन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर गृह मंत्रालय से आइ.ए.एस ऑफिसर प्रीति अग्रवाल उपस्थित रही। लॉन्च के कुछ ही दिनों में यह यूएसए टुडे बेस्टसेलर बन गई और अमेजन इंडिया पर पहले स्थान पर पहुंची। यह पुस्तक को पेंगुइन रैंडम हाउस और हैशेट ने 15 देशों में 4भाषाओं में प्रकाशित किया है। इसमें प्रस्तुत योग ऑफ इमॉर्टल्स प्रोटोकॉल को चिकित्सकीय परीक्षणों में 82% प्रभावी पाया गया। इस दौरान प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में डॉ. ईशान शिवानंद ने जानकारी दी कि यह पुस्तक युवाओं को प्रेरित करने के लिए लिखी गई हैं। ईशान शिवानंद की द प्रेक्टिस ऑफ इमोर्टेलिटी ने विश्वविद्यालयों को नई दिशा दी है। पुस्तक के लॉन्च के बाद कई शिक्षण संस्थानों ने योग ऑफ इमॉर्टल्स कार्यक्रम अपनाया है। यह पुस्तक छात्रों के तनाव समाधान में कारगर साबित हो रही और भारतीय ज्ञान प्रणाली अब वैश्विक स्वास्थ्य और कल्याण की धुरी बन रही है।



# सांप के काटने के घंटों बाद बचाई डॉक्टर्स ने जान

**■ जान बचाने के लिए मंगाई गयी मेडिकल स्टोर्स से एएसवी की डोज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा में स्थित गुरुतेग बहादुर अस्पताल में एक ऐसे व्यक्ति को जीवनदान मिला, जिसको जहरीले सांप ने काट लिया था ओर मरीज की हालत बहुत नाजुक थी स मरीज को जब कई अस्पतालों में उपचार नहीं मिल पाया तब उसे जीटीबी अस्पताल लाया गया था।

शुक्रवार की रात मकसूद अली (58) निवासी डासना, गाजियाबाद को उनके परिजन जीटीबी अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जिनकी हालत काफी नाजुक थी क्योकि किसी जहरीले सांप ने उनको काटा था ओर सांप के काटने के करीब 15-16 घंटे बाद वह लोग जीटीबी आए थे स जैसे ही वह जीटीबी पहुंचे, उनकी नाजुक हालत देखते हुए उनको आईसीयू में रखा गया स रात में जब मेडिसिन प्रोफेसर कुलदीप दौरे पर वहां पहुंचे तो उन्होंने देखा डॉक्टर्स उस मरीज को बचाने की कोशिश कर रहे थे।



बिडंबना यह थी कि उस समय मरीज को एएसवी की डोज देनी थी ओर अस्पताल में एएसवी (सापों के जहर के उपचार की दवाई) उपलब्ध नहीं थी, जब यह बात एमडी विनोद कुमार को पता लगी तो उन्होंने प्राइवेट स्टोरों से एएसवी की खेप मंगाई, इस तरह 264 एएसवी अस्पताल पहुंची ओर मरीज का इलाज कर उनकी जान बचाई जा सकी।

गौरतलब हैं मरीज के परिवार ने बताया की मकसूद डासना में चौकीदारी का काम करते हैं ओर सड़क के किनारे ही झुग्गी डालकर रहते हैं, शुक्रवार की उनको पता की मकसूद को सांप ने काट लिया हैं जिसके बाद उसके परिजन उसे लेकर चार अस्पतालों में पहुंचे पर उसे इलाज नहीं मिला, करीब 15-16 घंटे बीतने के बाद वह जीटीबी पहुंचे,जहां डॉक्टरों ने उसकी जान बचाई स जीटीबी मेडिकल डारेक्टर ने बताया मरीज को सांप के काटने के बाद काफी समय बीत गया था जिस वजह से जहर पुरे शरीर में फैल चूका था ओर उसकी जान बचनी नामुमकिन जान पड़ रही थी, पर जीटीबी डॉक्टर्स की टीम ने नामुमकिन को मुमकिन कर दिखाया स

इस मुहीम में डॉक्टर्स की टीम में डॉ. कुलदीप, डॉ विदिता, डॉ धीरज, डॉ प्रत्युष, डॉ प्रियांशी, सिस्टर हंसा कुमारी थी, जबकि मेडिकल डारेक्टर विनोद कुमार, डॉ प्रमिता, डॉ पीके फुक्कान, डॉ. सौरभ उनियाल, डॉ. हर्ष ने उनकी सहायता की।

## मेटेसिया एग्जीबिशन व द वेड एशिया 2025आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** यशोभूमि, द्वारका में आयोजित मेटेसिया एग्जीबिशन और द वेड एशिया 2025 आर्किटेक्चर एंड डिजाइन बेहद सफल रहा। इस बड़े आयोजन में आर्किटेक्चर, डिजाइन और ट्रेड से जुड़े नामी लोग शामिल हुए। भारी संख्या में विजिटर्स और प्रतिभागियों ने इसे यादगार बना दिया। मेटेसिया एग्जीबिशन में 5 लाख वर्ग फीट क्षेत्र में 450 से ज्यादा प्रदर्शकों ने अपने नए और आधुनिक प्रोडक्ट्स दिखाए, जिनमें इंटीरियर सरफेस, फर्नीचर, हार्डवेयर आदि शामिल थे। द वेड एशिया के 10वें संस्करण की सबसे खास बात रही वेड अवार्ड्स 2025। इस भव्य समारोह में 'अभिनेता और निर्देशक रणदीप हुड्डा और औरोरा रुसी, मंत्री सलाहकार व डिप्टी हेड ऑफ मिशन, इटली दूतावास (नई दिल्ली) शामिल हुए।' वेड अवार्ड्स में कई श्रेणियाँ थीं जैसे ख्र रेसीडेंशिअल्स आर्किटेक्चर, कॉमर्शियल आर्किटेक्चर और इंटीरियर डिजाइन, रिटेल, लाइटिंग का बेहतरीन उपयोग, रंगों का उपयोग आदि।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं






फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# सुंदरदीप इंजीनियरिंग कॉलेज में बीटेक और एमबीए के छात्रों का दीक्षारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सुन्दरदीप इंजीनियरिंग कॉलेज में नए बी.टेक और एम.बी.ए. छात्रों के स्वागत हेतु भव्य ओरिएंटेशन कार्यक्रम श्दीक्षारंभ 2025श का आयोजन बड़े उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। इस अवसर पर व्तंबसम के सीनियर डायरेक्टर नीरज नारंग कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने छात्रों को उद्योग जगत की अपेक्षाओं, तकनीकी नवाचार और कैरियर निर्माण के अवसरों के बारे में मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ परंपरागत दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। निदेशक डॉ. मोनिका सेंगर ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए छात्रों को कॉलेज की दृष्टि, मिशन और मूल्य आधारित शिक्षा प्रणाली से अवगत कराया। सुन्दरदीप एजुकेशनल सोसायटी के चेयरमैन एवं एसजीयू के कुलाधिपति महेन्द्र अग्रवाल ने छात्रों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और समाज के लिए उपयोगी तकनीकी विशेषज्ञ बनने का संदेश दिया। एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के उपकुलाधिपति नितिन अग्रवाल और सुन्दरदीप एजुक. ेशनल सोसायटी के उपाध्यक्ष अखिल अग्रवाल ने भी छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

कुलपति प्रो. डॉ. प्रसेनजीत कुमार ने नए छात्रों को सुन्दर दीप इंजीनियरिंग कॉलेज की अकाद. मिक परंपरा और उपलब्धियों से परिचित कराया। प्रो-वाईस चां. सलर पीयूष श्रीवास्तव ने छात्रों को नए शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं दीं।

रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन और उप निदेशक डॉ. दीपा कंवर ने छात्रों को समग्र शिक्षा, स्टार्टअप संस्कृति और भविष्य निर्माण के महत्व पर विचार साझा किए। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संस्थान की कार्यप्रणाली और शैक्षणिक अपेक्षाओं से परिचित कराने के लिए विशेष सत्र आयोजित किए गए। परीक्षा योजना और मूल्यांकन पद्धति पर जानकारी प्रशांत तोमर ने दी। ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट डिपार्टमेंट के निदेशक बृजेन्द्र सिंह ने छात्रों को आगामी अवसरों और ट्रेनिंग के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने छात्रों को सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों, करियर गाइडेंस और संस्थान में उपलब्ध विभिन्न सहयोग प्रणालियों से भी अवगत कराया।

कार्यक्रम का समापन एमबीए विभाग की अध्यक्ष डॉ. रश्मि चौधरी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों और आयोजक समितियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सभी विभागों के डायरेक्टर डॉ. दीपा कंवर, डॉ मोनिका सेंगर, डॉ अवधेश प्रताप, डॉ. हरवीर, डॉ. शालिनी शर्मा, डॉ अंजलि कावत्रा, डॉ. कोकिला, डॉ ज्योति चौधरी, डॉ. हेमंत की भी उपस्थिति रही। 'दीक्षारंभ 2025' केवल छात्रों के स्वागत का समारोह भर नहीं था बल्कि ये छात्रों के सुनहरे भविष्य की उम्मीद का पहला कदम साबित हुआ। इस दौरान सुन्दरदीप समूह संस्थान ने छात्रों को भरोसा दिलाया कि वो अपने छात्रों को इस पूरी शैक्षणिक यात्रा में लगातार सहयोग, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन प्रदान करता रहेगा।

# लोनी में पीड़ित परिवार से मिला कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी नेहरू भवन लखनऊ द्वारा जारी किए गए थाना लोनी अंतर्गत विकास कॉलोनी निवासिनी सामूहिक बलात्कार से पीड़ित युवती द्वारा स्थानीय प्रशासन से सुनवाई न होने के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या करने के संबंध घटना के वास्तविक स्थिति को गंभीरता से लेते हुए जानकारी प्राप्त होने के बाद उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने एक प्रतिनिधि मंडल भेजा जिन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। परिवार ने बताया घटना को अंजाम देने वाले बहुत ही दबंग लोग हैं जिन्हें सत्ता का संरक्षण प्राप्त है वह फिर से किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं।

# मोदीनगर में हापुड़ रोड आरओबी का भूमिपूजन कर हुआ उद्घाटन



प्रभावित व्यापारियों ने अपनी मांगों को लेकर किया प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** हापुड़ रोड रेलवे फाटक पर बनने वाले बहुप्रतीक्षित आरओबी(रेलवे ओवर ब्रिज)का रविवार को सांसद विधायक व चेयरमैन ने भूमिपूजन कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर सांसद राज. कुमार सांगवान ने कहा कि इस रेलवे ब्रिज के बनने से हापुड़ रोड फाटक पर रोजाना घंटो लगने वाले जाम से क्षेत्रवासियों को मुक्ति मिलेगी। विधायक डॉ मंजू शिवाच ने बताया कि इस पुल से जाम से तो राहत मिलेगी ही साथ ही जाम की वजह से जो दुर्घटना होती है व अस्पताल जाने में देरी होने से मरीजों को परेशान होती है उससे भी छुटकारा मिल जायेगा। चेयरमैन विनोद वैशाली ने कहा कि इस पुल की बहुत आवश्यक थी, इसके निर्माण से हापुड़ रोड पर भी विकास बढेगा। आरओबी को बनाने वाली संस्था के चेयरमैन पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी ने कहा कि वो इसी मोदीनगर क्षेत्र के मूल निवासी हैं उन्होंने समय से पहले व उच्च स्तरीय पुल बनाने का वादा किया। इस दौरान पुल के बनने से प्रभावित व्यापारियों ने कार्यक्रम स्थल पर प्रदर्शन कर नारेबाजी भी की, उन्होंने कहा कि पुल के बनने से उनकी दुकानें उजड़ जायेंगी उसका भी समाधान होना चाहिए, उनकी दुकानों को बचाकर पुल बनना चाहिये। जनप्रतिनिधियों ने उनके लिए उचित से उचित यथासंभव समाधान करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता पिंकल गुर्जर ने किया। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री रामकिशोर अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह, निवाड़ी चेयरमैन अनिल त्यागी, एसडीएम अजित कुमार सिंह, भाजपा नेता स्वदेश जैन, डॉ पवन सिंघल, आकाश शर्मा, रामआसरे शर्मा, महेश तायल, विवेक भाटी, बबली गुर्जर, अमित कराटे, रोहित अग्रवाल, सभी सभासद सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# योगेंद्र पतला बने रालोद के हापुड़ प्रभारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** राष्ट्रीय लोक दल के क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह द्वारा प्रत्येक जिले में प्रभारी नियुक्त किए जाने की कड़ी में मोदीनगर क्षेत्र के पतला निवासी रालोद के क्षेत्रीय महासचिव योगेंद्र सिंह पतला को हापुड़ जिले का प्रभारी नियुक्त किया गया है, उनके साथ ही जितेंद्र उर्फ बिट्टू खंजरपुर को भी हापुड़ का प्रभारी नियुक्त किया गया है। योगेंद्र सिंह पतला ने कहा कि हम हापुड़ जिले में संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे और जयंत चौधरी के हाथ मजबूत करेंगे।

# आईएएस संतोष यादव के पिताजी बी. आर यादव को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा का प्रतिनिधि मण्डल शताब्दी वर्ष समारोह के अध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह यादव के नेतृत्व में वरिष्ठ आई ए एस पूर्व जिला अधिकारी एनएचआई चेयरमैन सन्तोष यादव के पूजनीय पिताजी बी.आर यादव की श्रद्धांजलि सभा हिन्दी भवन में शामिल होकर पदाधिकारियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित करके अपनी श्रद्धांजलि दी।



जिसमें मुख्य रूप से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ आनन्द यादव, उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट अशोक यादव, एड महेश यादव ( नोएडा), केंद्रीय अध्यक्ष पश्चिम प्रदेश मोर्चा एड सत्यपाल यादव, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पी सिंह यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश यादव, एड महेश यादव प्रदेश महासचिव गिरधारी सिंह यादव, प्रदेश महासि. चव सौरभ यादव, प्रदेश महासचिव अशोक यादव, जिलाध्यक्ष के के यादव, राजेंद्र यादव व अन्य लोग उपस्थित रहे। अनेकों गणमाननियो एवं प्रबुद्ध जनों ने श्री यादव को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की व शोक संतृप्त परिवार को अपनी सांत्वना प्रदान की।

# किसानों की सभा मे पहुंचे भारतीय किसान यूनियन सर छोटू राम के पदाधिकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** ग्राम कलछीना में किसानों के द्वारा सभा का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम के पदाधिकारी ने भागीदारी की। सभा की अध्यक्षता चौधरी आस मोहम्मद ने की और संचालन इस्तखार प्रधान ने किया। सभा में भारतीय किसान यूनियन सर छोटू राम के राष्ट्रीय प्रवक्ता कुँवर अयूब अली, राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव अजय प्रमुख, कोषाध्यक्ष प्रवीण चौधरी, सोनवीर खुटैल, सोनवीर चाचा, प्रधान संगठन के जिला अध्यक्ष रणवीर प्रधान ने शिरकत की। राष्ट्रीय प्रवक्ता कुँवर अयूब अली ने कहां की जाति धर्म को छोड़कर किसान संगठन को मजबूत किया जाए जिससे कि किसानो की समस्याओ का हल हो सके, राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी ने कहां के सरकार के द्वारा किसनो की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी किसनो की सभी समस्याओं का हल किसानों के साथ मिलकर किया जाएगा। राष्ट्रीय महामंत्री अजय प्रमुख ने कहा कि जब तक मिनिमम फसल की कीमत एमएसपी कानून सरकार लागू नहीं कर देती यह संघर्ष जारी रहेगा। कलछीना के सभी किसान और मजदूरों ने भारतीय किसान यूनियन सर छोटू राम के साथ सदस्य ग्रहण करते हुए संघर्ष करने की घोषणा की। सभा में नेता हसरत अली, आजाद तोमर, हसरत एमपी, खान मोहम्मद, हाजी गुलजार, नजाकत अली सभी व्यक्तियों ने अपने विचार रख सदस्य ग्रहण की।

मैक्स हॉस्पिटल में 650 ग्राम का नन्हा शिशु जिंदगी की जंग जीतकर लौटा घर

# डॉक्टरों ने केवल 650 ग्राम वजन और 26 हफ्ते में जन्मे नवजात शिशु की बचाई जिंदगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल वैशाली के डॉक्टरों ने मात्र 26 हफ्ते में जन्मे और केवल 650 ग्राम वजन वाले एक अति समयपूर्व (प्रिमैच्योर) शिशु की जिंदगी सफलतापूर्वक बचाई। जन्म के समय शिशु को तुरंत कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीप. ीआर) की आवश्यकता पड़ी और उसने कई जानलेवा जटिलताओं से संघर्ष किया। 78 दिनों की गहन चिकित्सा देखभाल के बाद शिशु को पूरी तरह स्वस्थ और सामान्य न्यूरोलॉजिकल स्थिति में अस्पताल से छुट्टी दे दी गईख्रजो दुनिया के सबसे एडवांस्ड टर्शरी केयर सेंटर्स में भी बहुत ही दुर्लभ परिणाम है।

गंभीर हालत में पैदा हुए इस शिशु की जिंदगी तुरंत इलाज और आधुनिक नवजात देखभाल पर निर्भर थी। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली की नवजात विशेषज्ञ टीम ने तुरंत सर्फेक्टेंट थेरेपी (फेफड़ों के पूरी तरह विकसित न होने पर दी जाने वाली जीवनरक्षक चिकित्सा), मैकेनिकल वेंटिलेशन और डोनर मिल्क फीडिंग शुरू की, जिससे शिशु शुरुआती महत्वपूर्ण घंटों में जीवित रह सका।

अगले 11 हफ्तों के दौरान, शिशु का सेप्सिस और रेटिनोपैथी ऑफ प्रीमैच्योरिटी (आरओपी) जैसी गंभीर स्थितियों का इलाज किया गया, जो समय से पहले जन्मे शिशुओं में आम तौर पर जानलेवा साबित हो सकती हैं। तमाम कठिनाइयों के बावजूद, शिशु ने अद्भुत रूप से स्वस्थ होकर पूरी तरह सामान्य सांस लेते हुए और मुंह से दूध पीते हुए अस्पताल से छुट्टी पाई, और सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि उसके मस्तिष्क पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ा।

इस मामले पर बोलते हुए मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली में नियोनेटोलॉजी विभाग के कंसल्टेंट- डॉ. आनंद सिंह ने कहा केवल 650 ग्राम वजन वाले एक अति प्रिमैच्योर शिशु को बचाना वास्तव में असाधारण उपलब्धि है। एडवांस्ड नवजात तकनीक, चौबीसों घंटे की सतर्कता और टीमवर्क से ही ऐसे मामलों में जीवित रहते हुए सामान्य न्यूरोलॉजिकल विकास संभव हो पाता है। यह केस दर्शाता है कि जब आधुनिक चिकित्सा करुणामयी देखभाल के साथ मिलती है, तो चमत्कार संभव हो जाते हैं। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल वैशाली के पीडियाट्रिक्स विभाग के सीनियर कंसलटेंट डॉ. नरेंद्र झा ने कहा एनआईसीयू में हर दिन इस छोटे योद्धा के लिए संघर्ष भरा था। उसका स्वस्थ होना उसकी हार न मानने वाली ताकत, माता-पिता के विश्वास और हमारी डॉक्टर, नर्स व एनआईसीयू टीम की अथक मेहनत का परिणाम है।

इस नन्हे शिशु को स्वस्थ घर जाते देखना हमारे लिए अपार खुशी का क्षण है।" इस अत्यंत प्रिमैच्योर शिशु के सफल प्रबंधन ने मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली की विश्वस्तरीय नवजात एवं बाल चिकित्सा सेवाओं को एक बार फिर प्रमाणित किया है। यह केस न केवल नवजात चिकित्सा में एक नई मिसाल कायम करता है बल्कि सबसे नाजुक जीवन को बचाने की हमारी प्रतिबद्धता को भी और मजबूत करता है।

# आल इंडिया जाट संगठन मोदीनगर ने किया बैठक का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** ऑल इंडिया जाट संगठन की एक बैठक संस्था के संरक्षक रविन्द्र नेहरा व अध्यक्ष डॉ रूपेश पुनिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मुख्य संरक्षक रविन्द्र नेहरा ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि समाज के कमजोर वर्ग के बच्चों की शिक्षा व स्वास्थ्य के लिए हमारा संगठन प्रमुख रूप से कार्य करेगा, क्योंकि शिक्षा से ही उनका जीवन स्तर सुधरेगा। अध्यक्ष रूपेश पुनिया ने बताया कि समाज के उत्थान के लिए अन्य भी कई बातों पर चर्चा की गई। मुख्य संरक्षक रविंद्र नेहरा व अध्यक्ष रूपेश पुनिया के अलावा युवा अध्यक्ष दीपक खंजरपुर, कोषाध्यक्ष परविंदर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष संजय, दीपक, मंजू चौधरी, पिंकी चौधरी, वीपी बालियान, श्योधान सिंह, नरेश, कृष्णवीर सिंह, नरेश सिंह, विराट, पम्मी, घनश्याम, अभिषेक, संजीत, दलवीर, सतीश, देवराज, विपिन, राज सिंह, शेखर, विपिन मलिक, अमित, सचिन आदि जाट समाज के प्रमुख लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने धूमधाम से मनाया ज्योति तोमर का जन्मदिन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सुनहरी दिशा चेरिटेबल ट्रस्ट के बैनर तले समाजसेवा से अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाली एवं राष्ट्रीय व्यापार मंडल परिवार की प्रतिभावान साथी ज्योति तोमर का जन्मदिन राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष बालकिशन गुप्ता के कविनगर स्थित कार्यालय पर बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर ज्योति तोमर को बधाई दी और उनके दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं कीं। जन्मदिन समारोह में राष्ट्रीय व्यापार मंडल परिवार के अनेक गणमान्य सदस्य एवं समाजसेवी शामिल हुए और आयोजन को अविस्मरणीय बना दिया।

# कराटे प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाए अपने हुनर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कराटे वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित दो दिवसीय नॉर्थ इंडिया कराटे प्रतियोगिता का आयोजन ईश्वर चंद इंटर कालेज में किया गया। आयोजन अध्यक्ष राजीव मुंडलवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, दिल्ली, उत्तर प्रदेश एवं ओडिशा के 273 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिनमें प्रथम स्थान पर छत्तीसगढ़ व दूसरे स्थान पर उत्तर प्रदेश एवं तीसरे स्थान पर दिल्ली रहा। कराटे वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष एवं आयोजन चेयरमैन विजय कौशिक ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन मे एम एल सी विधायक श्रीचंद शर्मा ने विधिवत रिबन काट कर एवं नारियल फोड़ के किया उन्होंने प्रतियोगिता में आए सभी कोचों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और उन्हें बधाई दी। उनके साथ कई स्कूलों के प्रिंसिपल भी मौजूद थे। संस्था के संरक्षक बी एल बत्रा ने बताया कि प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं देने के लिए डिप्टी पुलिस कमिश्नर गौतमबुधनगर प्रवीण रंजन सिंह व एस पी विजिलेंस मेरठ राजीव कुमार ने सभी खिलाड़ियों की हौसला अफजई की और सैकड़ों किलोमीटर का सफर कर के आए हुए उनके मास्टरों के स्मृति पुरस्कार देके सम्मानित किया। समापन समारोह में शहर विधायक संजीव शर्मा एवं पूर्व राज्यमंत्री एवं राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ चौधरी नीर पाल सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं विजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

# लोनी में गहरे नाले से निकाल कर रवि धामा व गौरव बैंसला ने नंदी महाराज की बचायी जान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोनी।** लोनी की अशोक विहार कॉलोनी से एडवोकेट मुबीन सैफी ने भाजपा जिला उपाध्यक्ष रवि धामा को सूचना दी कि 30 फुटा रोड़ पर एक नंदी महाराज गहरे नाले में गिर गया है। रवि धामा व गौरव बैंसला हिन्दू रक्षा दल तुरंत अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वहाँ सैंकड़ों लोगों की भीड़ जमा थी। सभी ने मिलकर रस्सी बांधकर नंदी महाराज को बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। तब जाकर नंदी महाराज की जान बचायी गयी। इस समय कई नगरपालिका सफाई कर्मियों के साथ साथ दर्जनों गौप्रेमी भी साथ रहे। जिसमे सभी का सहयोग रहा।

# सिल्वरलाइन प्रेस्टिज स्कूल में सजग युवा मंच 6.0 व बाल संसद कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सिल्वरलाइन प्रेस्टिज स्कूल ने राजधानी युवा संसद के सहयोग से सजग युवा मंच 6.0 एवं बाल संसद कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। जिसमें विद्यालय के चेयरमैन डॉ. सुभाष जैन, वाइस चेयरमैन नमन जैन, डायरेक्टर प्रशासन प्रणव जैन, प्रिंसिपल डॉ.गीता जोशी, डायरेक्टर स्किल्स एंड कैपेसिटी बिल्डिंग डॉ. सीएस नायर तथा राजधानी युवा संसद के सहसंस्थापक एडवोकेट ईशा कपूर और एडवोकेट जय सैनी उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में चेयरमैन डॉ. सुभाष जैन, वाइस चेयरमैन नमन जैन ने विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय कूटनीति व समाज में सकारात्मक योगदान हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के 700 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

चेयरमैन डॉ. सुभाष जैन ने सभी विद्यार्थियों की ऊर्जा, उत्साह और विभिन्न प्रतिनिधियों के रूप में उनकी प्रभावशाली प्रस्तुति की सराहना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने अपने विचार और निर्णय के अधिकार को सशक्त रूप से अभिव्यक्त करते हुए जिस आत्मविश्वास और गंभीरता के साथ वैश्विक एवं राष्ट्रीय मुद्दों पर विचार रखा, वह भविष्य में उनकी सफलता और नेतृत्व क्षमता का सशक्त संकेत है। वाइस चेयरमैन नमन जैन ने छात्रों को वैश्विक मुद्दों के महत्व से अवगत कराया और कहा कि ऐसे युवा सांसद ही भविष्य में सकारात्मक परिवर्तन लाने की क्षमता रखते हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न समितियों के माध्यम से राष्ट्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। इनमें वन नेशन वन इलेक्शन बिल, डिजिटल उत्तर प्रदेश का रोडमैप, 1975 की आपातकालीन स्थिति, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स का विनियमन, कोविड-19 से मिले सबक, वैश्विक साइबर सुरक्षा, लोक सभा, मतदान की प्रक्रिया, संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका जैसे विषय शामिल रहे। सजग युवा मंच 6.0 ने प्रतिभागियों को संवाद, शोध और नेतृत्व कौशल विकसित करने का सशक्त अवसर प्रदान किया और उन्हें जिम्मेदार नागरिक व भविष्य के नेता बनने की दिशा में प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन एवं दक्ष कार्यकारी बोर्ड के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने विषयों पर गंभीरता, तार्किकता और परिपक्वता से अपने विचार रखे। उनकी गहन शोधपूर्ण तैयारी एवं प्रस्तुतियाँ अत्यंत सराहनीय रहीं।

# निवेश के नाम पर दो किलो सोना हड़पने वाला दंपति गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम ने जमीन के डायरेक्ट-सेलिंग व्यवसाय में निवेश कराने के नाम पर पीड़ित से दो किलो सोना हड़पने वाले दंपती को गिरफ्तार किया है। आरोपित दंपती पिछले सात साल से फरार थे। उनकी पहचान इंद्रपुरी के शरद ढींगरा और उनकी पत्नी राखी ढींगरा के रूप में हुई है।

उपायुक्त आदित्य गौतम के मुता. बिक, मामला २०१९ से जुड़ा है, जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया था कि शरद और राखी ने उन्हें शक्ति नगर स्थित एक संपत्ति खरीदने के लिए राजी किया। साथ ही डायरेक्ट-सेलिंग व्यवसाय में निवेश कराने के नाम पर उनसे करीब १४० सोने के सिक्के और बिस्कुट, जिनका वजन लगभग दो किलो था, ले लिए। विश्वास दिलाने के लिए आरोपितों ने शिकायतकर्ता को पोस्ट-डेटेड चेक दिए, जो बाद में हस्ताक्षर का मिलान न होने के कारण बाउंस हो गए। जब शिकायतकर्ता ने अपनी मेहनत की कमाई वापस मांगी, तो आरोपितों ने दबाव बनाने के लिए शिकायतकर्ता को धमकाया और उनके परिवार के खिलाफ कुछ मानहानिकारक और अपमानजनक सामग्री प्रकाशित कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरो. पितों की तलाश शुरू की लेकिन वह फरार हो गए। जांच में सामने आया कि अपराध करने के बाद आरोपित एफआइआर दर्ज होने से पहले ही विदेश भाग गए थे। वे लगातार कानूनी प्रक्रिया से बचते रहे और अदालत से गैरहाजिर रहने पर उन्हें भगोड़ा घोषित कर दिया गया। पुलिस ने उनके खिलाफ लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) भी जारी किया था।

एसीपी अनिल शर्मा की देखरेख में टीम गठित की गई। इस दौरान टीम को सूचना मिली कि आरोपित दंपती वह भारत लौटे हैं। २१ अगस्त को जब दोनों आरोपित भारत लौटे और अमृतसर हवाई अड्डे पर उतरे, तो पुलिस टीम ने उन्हें दबोच लिया।पूछताछ में आरोपितों ने स्वीकार किया कि उन्होंने दूसरों के साथ मिलकर धोखाधड़ी की योजना बनाई थी।

## दिल्ली मेट्रो ने बढ़ाया किराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने आज सोमवार से मेट्रो के किराए में मामूली सी बढ़ोतरी की है। डीएमआरसी ने अपने आधिकारिक एक्स पर पोस्ट कर यह जानकारी साझा की है। दिल्ली मेट्रो का किराया २५ अगस्त २०२५ से संशोधित हो रहा है। एक्स पर दी जानकारी के मुताबिक, किराए में एक रुपए से ४ रुपये तक की बढ़ोतरी हो रही है। वहीं एयरपोर्ट लाइन पर किराए में अधिकतम ५ रुपये तक की वृद्धि हो रही है। बढ़ा हुआ किराया आज से लागू होगा।

## दिल्ली पुलिस के पास ही रहेगी मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को दी गई जेड श्रेणी की सीआरपीएफ सुरक्षा को वापस ले लिया है। यह सुरक्षा उन्हें कुछ दिन पहले एक हमले के बाद दी गई थी। अब उनकी सुरक्षा का जिम्मा फिर से दिल्ली पुलिस को सौंपा गया है। बीते दिनों रेखा गुप्ता पर २० अगस्त की सुबह सिविल लाइंस में उनके कैंप कार्यालय में श्जन सुनवाईश कार्यक्रम के दौरान एक व्यक्ति ने हमला किया था।

# चांदनी चौक में वसूल रहे 200 रुपये तक पार्किंग शुल्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** चांदनी चौक से लेकर लाजपत नगर के बाद हौजखास गांव की पार्किंग में भी २० रुपये प्रति घंटे की पार्किंग से २०० रुपये तक मांगे जा रहे हैं। अगर, ग्राहक थोड़ी सी बहस करे तो मामला पहले १५०, फिर १०० और फिर ५० रुपये घंटे तक आकर टिक जाता है। जब ग्राहक पर्ची मांगे तो पर्ची देने को भी पार्किंग ठेकेदार तैयार नहीं होते हैं।

वहीं, अगर, कोई दोस्तों के साथ हैं पार्किंग कर्मचारी लड़ने तक के लिए तैयार हो जाते हैं। यह स्थिति जब है कि तब कि हाल ही में निगम ने पार्किंग का ज्यादा शुल्क वसूलने को लेकर एमसीडी ने कुछ पार्किंग ठेकेदारों पर २४ लाख तक का जुर्माना लगाया था। हौजखास गांव की पार्किंग में शनिवार की रात को पार्किंग की पड़ताल की तो पार्किंग कर्मी ने २०० रुपये मांगे। जब पार्किंग का शुल्क का बोर्ड दिखाने को कहा तो कर्मचारी ने बाहर बोर्ड लगा देख लें। जब पार्किंग की पर्ची मांगी तो १५० रुपये पार्किंग शुल्क लेने के लिए तैयार हो गया। जब पर्ची देने पर अड़ गए तो कहा कि रात्रि में पार्किंग का रेट ज्यादा होता है। इसलिए १०० रुपये से कम में बात नहीं बनेगी।

इसके बाद पार्किंग का शुल्क पूछने पर ५० रुपये का शुल्क लेकर पर्ची दे दी। वाहन जबकि २५ मिनट ही खड़ा हुआ था। ऐसे में २० रुपये से ज्यादा का शुल्क नहीं लगना चाहिए था। वहीं, इस मामले में महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि जो भी शिकायतें पार्किंग में नियमों के संचालन के खिलाफ आएगी उन पर अधिकारियों से लेकर पार्किंग ठेकेदारों पर कार्रवाई की जाएगी। एमसीडी के लाल किला पुलिस चौकी के सामने जहां जाम लगता है वहां पर सड़क पर पार्किंग होने से लोगों को काफी परेशानी होती है। कई बार दो से तीन लेन की पार्किंग यहां पर लगाई जाती है। इसके साथ ही लाजपत राय मार्केट में तय समय से अलग समय पर लोडिंग अनलोडिंग होने से भी जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

# कपिल मिश्रा ने सभापुर में सड़कों के निर्माण का किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के विकास मंत्री एवं करावल नगर विधानसभा क्षेत्र से विधायक कपिल मिश्रा ने सभापुर क्षेत्र में लगभग 3 करोड़ रुपये की लागत से सड़कों और गलियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

विकास कार्यों के शुभारम्भ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अपने संबोधन में कपिल मिश्रा ने कहा कि करावल नगर का सर्वांगीण विकास मेरी प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर है। आज सभापुर क्षेत्र में करीब ३ करोड़ रुपये की लागत से सड़कों और गलियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया है। हमारा लक्ष्य है कि करावल नगर की हर गली और हर मोहल्ला विकास की रफ्तार से जुड़े और करावल नगर के लोगों का जीवन बेहतर और सुविधाजनक बने।उन्होंने अपने संबोधन में आगे कहा कि अभी सरकार आए महज ६ महीने ही हुए हैं लेकिन करावल नगर की तस्वीर बदलना शुरू हो गयी है। उन्होंने मौजूद जनता से वादा किया कि इस साल के अंत तक करावल नगर क्षेत्र में आने वाले सभी ११ गांवों में से एक भी गाँव ऐसा नहीं बचेगा जहाँ गलियों का पक्कीकरण और नाला निर्माण ना हुआ हो।

करावल नगर क्षेत्र में १०० करोड़ रुपए की राशि का बहुप्रतीक्षित सीवर लाइन प्रोजेक्ट को लेकर कहा कि आगामी ७ सितम्बर को मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता और जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा सोनिया विहार A ब्लाक से E ब्लाक तक सीवर लाइन प्रोजेक्ट का उद्घाटन करेंगे।



विकास मंत्री कपिल मिश्रा सभापुर क्षेत्र में सड़कों के निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुए।

# खत्म हो सकती है एसएचओ के 3 साल के कार्यकाल की समय सीमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पुलिस के इंस्पेक्टर तीन साल ही एसएचओ के पद पर बने रह सकेंगे, पूर्व पुलिस आयुक्त द्वारा बनाए गए इस नियम को नए पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा खत्म करने पर विचार कर रहे हैं। करीब तीन साल पहले तत्कालीन पुलिस आयुक्त ने एसएचओ के तीन साल के कार्यकाल को लेकर एडवाइजरी जारी की थी, तब से उस व्यवस्था के अनुरूप एसएचओ की तैनाती की जा रही थी। लेकिन, अब जल्द समय सीमा की पाबंदी खत्म हो जाएगी। वहीं, शनिवार को पुलिस मुख्यालय में सभी आला अधिकारियों के साथ हुई अपराध समीक्षा बैठक में आयुक्त ने इस व्यवस्था पर आपत्ति जताई। यही नहीं अपनी नियुक्ति के दो दिनों में उन्होंने जितनी भी बैठकें की उसमें वे इस व्यवस्था से खुश नजर नहीं आए। सूत्रों के अनुसार, अगले हफ्ते इस संबंध में एडवाइजरी जारी हो सकती है।

इससे पहले २०२१ में तत्कालीन पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना ने दिल्ली पुलिस की पीसीआर यूनिट को खत्म कर उसे जिला पुलिस के साथ समायोजित कर दिया था। वह फैसला भी बहुत गलत साबित हुआ।

# 72 शहीदों की याद में मजलिज आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सुन्दर नगरी शिया जामा मस्जिद में सायं 4 बजे अंजुमन इमाम हसन असकरी की जानिब से कर्बला के 72 शहीदों की याद में एक मजलिज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे मर्सिया ख्वानी सरताज हुसैन काजमी जोली व हमनवा ने की। पेश खुवानी मंसूर रिजवी, आसिफ जलाल बिजनौरी, डॉक्टर शमशुल हसन ने की। जुलूस की सदारत मौलाना गुलाम अली ने की। मजलिस व जुलूस का संचालन बहार हैदर सिरसिवी ने किया। मजलिस के बाद कदीमी ऐतिहासिक जुलूस ताबूत अलम जुल्जना बरामद हुआ जो अपने पुराने निर्धारित रास्तों शनि बाजार, घ्फ, आई, एल, ओ, आंबेडकर पार्क के सामने से होता हुआ अपने आरंभिक स्थान पर जाकर समाप्त हुआ जिसमे स्थानीय व बाहरी अंजुमानो ने नोहा खुवानी व सीना जनी की। जुलूस के दौरान एल ब्लॉक चौक पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धार्मिक व सामाजिक तकरीर होती हैं। सबसे से पहले डॉक्टर आरिफ, निगम पार्षद मोहिनी जीनवाल ने कर्बला के शहीदों के दुखों व कुर्बानियों पर रौशनी डाली। इसी दौरान मौलाना गुलाम अली इमाम जुमा व मौलाना शबाब हुसैन नकवी सिरसिवी ने तकरीर की।

करीर दौरान मौलाना शबाब ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने सब से पहले यजीद जैसे आतंकवादी का विरोध किया। विरोध करने पर यजीद ने कर्बला के मैदान में यजीद ने इमाम हुसैन के साथियों व रिश्तेदारों को तीन दिन की भूख प्यास में शहीद कर दिया। इमाम हुसैन ने यह साबित कर दिया कि हम सर कटा सकते हैं परंतु आतंक के आगे झुक नहीं सकते। आज यही वजह है कि पूरी दुनिया में हर मजहब जाति के लोग कर्बला के शहीदों का गम मनाकर कर इमाम हुसैन की जीत का जुलूस निकाल कर कर्बला के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। लगभग ३५ वर्ष से वरिष्ठ समाज सेवक जुगल किशोर ने कोल्ड्रिंक्स विभिन्न प्रकार के फल वितरण किया। वही राजू हसनी के समाज ने जुलूस में ओ ब्लॉक में रोड सैकड़ों प्रकार का तबर्रुक बांटा। वही सैकड़ों महिलाओं ने जुलजना को दूध, जलेबी, चना दाल व मिठाइयां खिलाई। जुलूस में हजारों की संख्या में सर्व समाज ने शिरकत की। यह वो जुलूस है जहां भारत की गंगा यमुना तहजीब देखने को वर्षों से देखने को मिलती है। जुलूस में शिरकत करने वाली अंजुमने, अंजुमन फरोगे अजा महलका मेरठ, अंजुमन एहले पिहानी हरदोई, अंजुमन हैदरी एहले सुन्नत सुंदर नगरी, अंजुमन हसनी सुंदर नगरी, अंजुमन पंजेतनी मेरठ आदि मोजूद थी। अंजुमन इमाम हसन असकरी की ओर से सभी आए जायरीनों के लिए नजरे मौला का एहताम किया गया था।

# जिन हाथों में किताबें होनी चाहिए थीं उन पर चोटों के निशान: केजरीवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रामलीला मैदान में एसएससी छात्र परीक्षाओं में अनियमितताओं, तकनीकी गड़बड़ियों, गलत केंद्रों और प्रशासनिक विफलताओं के खिलाफ अभ्यर्थी प्रदर्शन कर रहे हैं। जहां अभ्यर्थियों पर लाठियां बरसाई गईं। जिसके बाद आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर निशाना साधा है।

आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट साझा कर लिखा कि भाजपा की तानाशाही और गुंडागर्दी देखिए। एसएससी की परीक्षा की गड़बड़ियों को लेकर ये छात्र महीनों से इंसाफ की लड़ाई लड़ रहे थे। उनकी आवाज सुनने की बजाय रात के अंधेरे में उन पर लाठियां बरसा दी गईं। एसएससी परीक्षा की गड़बड़ियों को लेकर ये छात्र महीनों से इंसाफ की लड़ाई लड़ रहे थे। उनकी आवाज सुनने की बजाय रात के अंधेरे में उन पर लाठियाँ बरसा दी गईं।

सोचिए, जिन हाथों में कल किताबें होनी चाहिए थीं, आज उन पर चोटों के निशान हैं। आगे लिखा कि सोचिए... जिन हाथों में कल किताबें होनी चाहिए थीं, आज उन पर चोटों के निशान हैं। मीडिया के लोगों को भी खबर कवर करने से रोका गया। देश में खुली गुंडागर्दी चल रही है। भाजपा से सवाल पूछने वालों पर लाठीचार्ज कराके उनकी आवाज दबा दी जाती है।

## हेरोइन के साथ देवरानी-जेठानी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नशे का कारोबार करने वाली देवरानी और जेठानी नंद नगरी निवासी सीमा (५४) और इसकी देवरानी कस्तूरबा नगर, शाहदरा निवासी समीता (४३) को पुलिस ने गिरफ्तार कर दोनों के पास से एक किलो ४९ ग्राम हेरोइन बरामद की हैं। जिसकी बाजार कीमत करीब पांच करोड़ रुपये की आंकी गई है। पुलिस को पता चला है कि सीमा के खिलाफ नशे का धंधा करने के ४० मामले पहले से दर्ज हैं।

वहीं समीता के खिलाफ तीन मामले दर्ज हैं। पुलिस ने जीटीबी अस्पताल के पास से दोनों को गिरफ्तार किया। अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त संजीव कुमार यादव ने बताया कि एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स की टीम लगातार नशे का धंधा करने वालों की पहचान करके उनको गिरफ्तार करने में जुटी हुई है। जांच के दौरान टीम ने राजधानी के ६४ ऐसे हॉट स्पॉट की पहचान की जहां नशे का धंधा हो रहा है। नंद नगरी उसमें एक बड़ा हॉट स्पॉट है। पुलिस जांच में पता चला कि कि वहां सीमा नामक महिला नशे का धंधा कर रही है। इंस्पेक्टर शिव कुमार व अन्यों की टीम ने जानकारी जुटाना शुरू किया। इसी कड़ी में २२ अगस्त को टेक्निकल सर्विलांस की मदद से टीम ने जीटीबी अस्पताल के पास से स्कूटी सवार दोनों महिलाओं सीमा और इसकी देवरानी समीता को दबोच लिया। इनकी स्कूटी की तलाशी लेने पर एक किलो से ज्यादा हेरोइन बरामद हुई।



सुन्दर नगरी शिया जामा मस्जिद में अंजुमन इमाम हसन असकरी की जानिब से कर्बला के 72 शहीदों की याद में मजलिज कार्यक्रम में भाग लेते अजादार।

# सिंगिंग एंड अवॉर्ड सेरेमनी में शामिल हुए मनोज बख्शी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लाजपत भवन ऑडिटोरियम में हुमा खान इवेंट ग्रुप द्वारा 'ए ग्रेट सिंगिंग एंड अवॉर्ड सेरेमनी 2025' का आयोजन किया गया। इवेंट ऑर्गनाइजर एवं प्लेबैक सिंगर हुमा खान के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में जहां एक तरह गायक कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया वहीं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विशिष्ट अतिथियों और प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में फीचर फिल्म बजरंगी भाई जान से दर्शकों के बीच अपनी खास पहचान बनाने वाले बॉलीवुड एक्टर मनोज बक्शी सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में मौजूद रहे। मुख्य अतिथि के रूप में प्लेबैक सिंगर ईशा सक्सेना ने शिरकत की। वहीं तिलक खेड़ा वरिष्ठ चीफ गेस्ट की हैसियत से उपस्थित रहे। इसके अलावा बाइक रेसिंग चैंपियन उमर खान ने सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। समारोह के चीफ पैट्रन इंद्रपाल सिंह और पैट्रन पूनम सिंह रहे।



इस अवसर पर वीआईपी मेहमानों में डॉ. मुश्ताक अंसारी (चेयरमैन, फेस ग्रुप), मोहम्मद उमर सैफी (दिल्ली स्टेट प्रेसीडेंट, ऑल इंडिया सैफी काउंसिल), साजिद अहमद (सीएमडी, एफएमएस इन्फ्राटेक), वजीर अख्तर, संजय नारायण (भाई, उदित नारायण), डॉ. अरविंद त्यागी, अमन (एके ऐप), राजकुमार (फिल्म डायरेक्टर), शिवा दादू (फिल्म डायरेक्टर), डॉ. बिलाल अंसारी (मैनेजर, फेस ग्रुप), हर्षिता राठी (गोल्ड मेडलिस्ट, वेट लिफ्टिंग), उस्ताद जमशेद खान, बैजनाथ, नीतु, शबाना अजीम, प्रवीण कोचर, फारूक मंसूरी, प्रियंका चौहान, सीमा डोगरा, और धर्मेंद्र तोमर सहित कई गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।

इस मौके पर मनोज बख्शी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्टेज की दुनिया में दर्शकों को प्रभावित करने के लिए स्सिंगर्स और डांसर्स को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर अधिक मिलता है जबकि हमारे जैसे एक्टर्स के पास स्टेज परफॉर्मर्स के लिए चंद डायलॉग के अलावा कुछ नहीं होता। इस अवसर पर खुराना जी, अनिल कुमार, दीप्ति चौधरी, सुभाष, राकेश कुमार बब्बर, समर खान, बिट्टू, राजू शील, सुभाष, विनीता सक्सेना, राज किशोर, मोनू सच्चर, राजन अय्यर, कुलदीप कौर, टीकाराम, राबिया, ममता गुप्ता, सौम्या, आशु, पायल पायल, अजहर फिरदौसी, साजिद अहमद और आशु वर्मा आदि सिंगर्स ने अपनी गायकी का ऐसा रंग बिखेरा कि सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। शो के एंकर डॉ. इमरान रहे, आयोजन टीम में मोहम्मद अंजुम (शो क्रिएटर), राजा भार्गव (टीम मैनेजर), रवि कसाना (शो डायरेक्टर), अजीत कश्यप (शो डिजाइनर), आशु वर्मा, पायल कक्कड़, अशोक कुमार मैगनेट, अजहर फिरदौसी, मृगेन्द्र मिश्रा और फिरोज खान ने इवेंट के प्रबंधन में अहम भूमिका निभाई।

# ओरिजिनल सीरीज डू यू वाना पार्टनर का प्रीमियर 12 सितम्बर से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्राइम वीडियो ने आज घोषणा की, कि उसकी नई ओरिजिनल कॉमेडी-ड्रामा सीरीज, डू यू वाना पार्टनर का प्रीमियर 12 सितंबर को किया जाएगा। धर्मैटिक एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी यह दिलचस्प और मजेदार सीरीज करण जौहर, आदर पूनावाला और अपूर्व मेहता द्वारा प्रोड्यूस की गई है, जबकि एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर के तौर पर शोमेन मिश्रा और अर्चित कुमार जुड़े हैं, इस सीरीज का निर्देशन कॉलिन डी 'कुन्हा और अर्चित कुमार ने किया है। डू यू वाना पार्टनर की कहानी नंदिनी गुप्ता, अर्श वोरा और मिथुन गंगोपाध्याय ने लिखी है, और इसे गंगोपाध्याय व निशांत नायक ने क्रिएट किया है। इस शो में तमन्ना भाटिया और डायना पेंटी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगी, इनके साथ जावेद जाफरी, नकुल मेहता, श्वेता तिवारी, नीरज काबी, सूफी मोतीवाला और रणविजय सिंहा भी अहम किरदार निभा रहे हैं। डू यू वाना पार्टनर 12 सितंबर से केवल प्राइम वीडियो पर भारत सहित दुनिया के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में प्रीमियर होगी।

# हज 2026 के हाजियों के लिए मेडिकल शिविर लगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हज 2026 की पवित्र यात्रा के लिए दिल्ली के हाजियों के चयन की प्रक्रिया के बाद अब चयनित हाजियों को हज खर्चे की प्रथम एवं अग्रिम राशि एक लाख बावन हजार तीन सौ रूपये प्रति व्यक्ति जमा करने के बाद अपने सभी वांछनिक दस्तावेज और अपने स्वस्थ की जांच पर आधारित मेडिकल सर्टिफिकेट दिनांक ३० अगस्त तक हज कमिटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर अपलोड करना है या दिल्ली स्टेट हज कमेटी के कार्यालय, हज मंजिल में जमा करना है। दिल्ली के हाजियों की सुविधा के लिए दिल्ली स्टेट हज कमेटी के कार्यालय, हज मंजिल में मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया है जिस में दिल्ली सरकार के डॉक्टर द्वारा हाजियों को मेडिकल सर्टिफिकेट जारी किए जाएंगे। इस अवसर पर हज कमेटी की चेयरपर्सन कौसर जहां ने अपने एक वक्तव्य में कहा कि दिल्ली स्टेट हज कमेटी हाजियों के फॉर्म भरने से लेकर हज उड़ान तक सभी प्रकार की सेवा हर साल उपलब्ध कराती है और हज मंजिल में इस मेडिकल शिविर का आयोजन भी हमारे इसी कक्ष का एक महत्वपूर्ण भाग है।

दिल्ली स्टेट हज कमेटी के कार्यकारी अधिकारी अशफाक अहमद आरफी ने मेडिकल शिविर पर विवरण देते हुए बताया कि हज कमेटी में लगाया गया यह मेडिकल शिविर दिनांक ३० अगस्त तक जारी रहेगा और इस का समय प्रातः १०.०० बजे से दिन के २.३० बजे तक होगा। इस मेडिकल शिविर की सेवा प्राप्त करने के लिए हाजियों को किसी भी जांच घर अर्थात् मेडिकल लेब से अपने कुछ जांच जैसे सी बी सी, खून का रैंडम जांच, के एफ टी, चेस्ट एक्सरे और ई सी जी की रिपोर्ट ले कर हज मंजिल आना होगा। उन्हों ने बताया कि हर ग्रुप के सभी हाजियों को अपने अपने टेस्ट रिपोर्ट के साथ स्वयं ही आना होगा अन्यथा अनुपस्थिति में किसी का मेडिकल सर्टिफिकेट जारी नहीं किया जा सकता है। इस के अलावा हज यात्री अपनी जांच रिपोर्ट के आधार पर हज कमेटी ऑफ इंडिया के सुनिश्चित प्रारूप में किसी भी सरकारी हॉस्पिटल, डिस्पेंसरी या आयुष्मान आरोग्य मंदिर से भी मेडिकल सर्टिफिकेट बनवा सकते हैं। मेडिका सर्टिफिकेट का प्रोफार्मा हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाईट से प्राप्त कीया जा सकता है।

# 13 साल बाद क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़ा ठग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में थाना अमन विहार में जमीन बेचकर २१ लाख रुपये की धोखाधड़ी के एक मामले में वांछित आरोपी को १३ साल बाद क्राइम ब्रांच की टीम ने दबोच लिया है। आरोपी की पहचान शिव विहार, कराला के सुभाष के रूप में हुई है।

उपायुक्त विक्रम सिंह के मुताबिक, २२ अगस्त को हेड कॉन्स्टेबल नरेंद्र को सूचना मिली कि आरोपी सुभाष शिव विहार स्थित अपने वर्तमान निवास पर मौजूद है। सूचना पर एसीपी अशोक शर्मा की देखरेख में और इंस्पेक्टर पुखराज सिंह के नेतृत्व में टीम ने जाल बिछाया और आरोपी को उसके निवास से गिरफ्तार कर लिया। अगस्त २०१२ में, आरोपी सुभाष ने अपने सहयोगी संजय के माध्यम से राम बहादुर नामक व्यक्ति को ११० वर्ग गज जमीन बेचकर पीड़ित सुरेंद्र कुमार से २१ लाख रुपये की ठगी की। बाद में राम बहादुर ने वही जमीन वर्तमान शिकायतकर्ता को बेच दी। जब शिकायतकर्ता निर्माण शुरू करने के लिए अपनी जमीन पर गया, तो आरोपी सुभाष ने जमीन पर स्वामित्व का दावा किया और निर्माण की अनुमति नहीं दी। उसके बाद पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया और आरोपी फरार हो गया।

## अवैध जुए पर कार्रवाई में पांच गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली की पूर्वी जिला पुलिस की मधु विहार थाने के स्टाफ ने अवैध जुए पर कार्रवाई कर पांच आरो. पियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से ३९,५०० रुपए की दाव-पेंच राशि और आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है।

# मकान के लेंटर का हिस्सा गिरने से बच्चों समेत 3 घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नबी करीम में सोमवार की दोपहर एक पुराने मकान की छत का हिस्सा अचानक गिरने से घर में मौजूद बच्चों समेत 3 लोग घायल हो गए।

चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और घायल हुए 42 वर्षीय चीनी पुत्र यामीन, 30 वर्षीय शादमान पुत्र चीनी और 14 वर्षीय अयान पुत्र चीनी को मलबे से बाहर निकाला। सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां पर उनका इलाज चल रहा है। फिलहाल सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नबी करीम में सोमवार की दोपहर एक पुराने मकान की छत के लेटर का कुछ हिस्सा भरभराकर गिर गया। इस दौरान घर में मौजूद बच्चों समेत 3 लोग मलबे के नीचे दब गए। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और मलबे में दबे सभी लोगों को मलबे से बाहर निकाला और नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया।

डॉक्टरों के अनुसार सभी घायलों कों गंभीर चोटें आई हैं, लेकिन फिलहाल उनकी हालत स्थिर और खतरे से बाहर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि भारी बारिश के कारण मकान की छत जर्जर हो चुकी थी, जो अचानक भरभराकर गिर गई। तो वही इस हादसे के बाद इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है।

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।



स्थानीय प्रशासन ने भविष्य में ऐसे हादसों को रोकने के लिए इलाके के अन्य पुराने और जर्जर मकानों का सर्वे कराने का आश्वासन दिया है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से अपील की है कि ऐसे खतरनाक मकानों की पहचान कर उन पर जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए, ताकि दोबारा ऐसी घटना न हो।

# मुख्य विकास अधिकारी ने प्राथमिक विद्यालयों का किया औचक निरिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सोमवार कों मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने हापुड़ विकास खंड के कई स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। साथ ही संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने प्राथमिक विद्यालय इंटौरी, सादिकपुर, अकडोली और जूनियर विद्यालय अकडोली का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता, उपस्थिति और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने छात्रों की पढ़ाई का स्तर जांचा और अध्यापकों को निर्देश दिए कि कमजोर छात्रों पर खास ध्यान दिया जाए। उन्होंने प्रधानाध्यापकों से यह



सुनिश्चित करने को कहा कि स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति शत-प्रतिशत हो। सीडीओ ने प्राथमिक विद्यालयों में साफ-सफाई की व्यवस्था और मिड-डे-मील की गुणवत्ता की भी जांच की। उन्होंने साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए, जबकि जूनियर विद्यालय में व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। निरीक्षण के दौरान सभी अध्यापक अपनी ड्यूटी पर मौजूद थे। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य स्कूलों के शैक्षिक और प्रशासनिक स्तर को बेहतर बनाना था।

# धोखाधड़ी के मामले में नगर पालिका अध्यक्ष के देवर समेत तीन पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें मेँ एक व्यक्ति से प्लॉट बेचने के नाम पर 2 लाख की ठगी का मामला सामने आया है। इस मामले में नगर पालिका अध्यक्ष के देवर सहित तीन लोगों पर धोखाधड़ी और जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। नगर कोतवाल पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर तीन आरोपियों विजय कुमार उर्फ इंद्रजीत, नरेश कुमार और संजीव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली क्षेत्र के चमरी निवासी पीड़ित आशीष गौतम ने न्यायलय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 30 मार्च 2025 को आरोपियों ने आशीष को सीएमओ कार्यालय के पीछे, गाड़ी कटरा के पास 66 वर्ग गज का एक प्लॉट दिखाया। उन्होंने दावा किया कि प्लॉट उनके नियंत्रण में है और वे उसे बेच सकते हैं। आशीष ने आरोपियों को 2 लाख रूपये दिए। इसमें 50,000 ऑनलाइन ट्रांसफर किए गए और 1.5 लाख नकद दिए गए। बाकी 6 लाख रूपये रजिस्ट्री के समय देने की बात हुई थी। आरोप है कि जब आशीष 30 मई को रजिस्ट्री के लिए पहुंचे, तो आरोपियों ने बहाने बनाना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि प्लॉट किसी और को बेच दिया गया है और वे दूसरा प्लॉट देंगे। जब आशीष ने अपने पैसे वापस मांगे, तो आरोपियों ने टालमटोल की। इसके बाद 29 जून को जब आशीष फिर से पैसे मांगने गए, तो आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। आरोप




है कि विजय कुमार ने कथित तौर पर अपने रसूख का हवाला देते हुए कहा कि वह नगर पालिका अध्यक्ष के पति का भाई है और उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। शुरुआत में पुलिस ने आशीष की शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद, आशीष ने न्यायालय का रुख किया। न्यायालय के आदेश पर नगर कोतवाली पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीओ सिटी जितेंद्र शर्मा ने बताया है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# कानून-व्यवस्था को लेकर डीएम व एसपी ने ली बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सोमवार को जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय और पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह की उपस्थिति में कानून-व्यवस्था और अभियोजन कार्यों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। यह बैठक मुख्य रूप से महिलाओं और नाबा. लिगों के विरुद्ध हो रहे अपराधों पर केंद्रित थी।

बैठक में अधिकारियों को अपराध नियंत्रण और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिया कि अपराध से प्रभावित पीड़ितों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराया जाए। पॉक्सो एक्ट के मामलों में तेजी कों लेकर कहा कि



पॉक्सो एक्ट के तहत आने वाले मामलों में तेजी से कार्रवाई करने और दोषियों को कड़ी सजा दिलाने पर जोर दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों से अपराधों पर रोक लगाने व दोषियों को जल्द सजा दिलाने के लिए एक प्रभावी योजना बनाने को कहा। बैठक का उद्देश्य कानून-व्यवस्था बेहतर बनाए रखना और कानूनी प्रक्रियाओं को तेज करना था। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी, सभी उप जिलाधिकारी, व पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित कई संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# चौकी से चंद कदमों की दूरी पर छात्रों में जमकर मारपीट, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के एसएसवी चौकी से चंद कदमों की दूरी पर एसएसवी इंटर कॉलेज के बाहर छात्रों के बीच जमकर हुई मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसने स्कूल और पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार सोमवार को स्कूल की छुट्टी के बाद, एसएसवी इंटर कॉलेज के छात्रों के दो गुटों के बीच जमकर लड़ाई हुई। इस दौरान छात्रों ने एक-दूसरे पर लात-घूंसे चलाए और दौड़ा-दौड़ाकर पिटाई की। यह पूरी घटना एसएसवी पुलिस चौकी से कुछ ही कदमों की दूरी पर हुई, लेकिन पुलिस या स्कूल प्रबंधन का कोई डर छात्रों में नहीं दिखा। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि छात्र बेखौफ होकर मारपीट कर रहे हैं। चश्मदीदों के अनुसार, लड़ाई में कुछ बाहरी युवक भी शामिल थे, जिससे स्थिति और बिगड़ गई। इस घटना ने अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों को चिंतित कर दिया है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि स्कूल प्रबंधन छात्रों के अनुशासन पर ध्यान क्यों नहीं दे रहा है। पुलिस चौकी के पास होने के बावजूद ऐसी घटना होने से पुलिस की निष्क्रियता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि स्कूलों के बाहर नियमित पुलिस गश्त होनी चाहिए और बाहरी युवकों की मौजूदगी पर सख्ती बरती जानी चाहिए, ताकि छात्र सुरक्षित माहौल में पढ़ सकें। अभिभावकों ने प्रशासन से अपील की है कि ऐसी घटनाओं पर तुरंत रोक लगाई जाए, अन्यथा यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है। फिलहाल छात्रों के बीच सरेराह हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन सेंटर समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सोमवार कों डीएम अभिषेक पांडेय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन सेंटर समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार को रोकना और संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना था। इसमें पुलिस, आबकारी, एनसीबी, एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, खाद्य सुरक्षा और औषधि विभाग जैसे कई विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।



डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे लगातार दवा फैक्ट्रियों और मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण करते रहें ताकि नशीले पदार्थों की मिलावट को रोका जा सके। बिना लाइसेंस वाले मेडिकल स्टोरों को तुरंत सील करने और उन पर कानूनी कार्रवाई करने का आदेश दिया गया। सभी मेडिकल स्टोरों के बाहर एक बोर्ड लगाना अनिवार्य किया गया है, जिस पर स्पष्ट रूप से लिखा हो कि वहां किसी भी प्रकार की नशीली दवाइयां या ड्रग्स नहीं बेचे जाते हैं। इस बोर्ड पर एक टोल-फ्री नंबर भी लिखा होना चाहिए। डीएम ने पुलिस अधिकारियों को ड्रग्स बेचने वाले अपराधियों के खिलाफ सख्त और निर्णायक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस बैठक का उद्देश्य जिले में मादक पदार्थों के दुरुपयोग को नियंत्रित करना और एक सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना है।

## एक नजर

### ट्रेन से कटकर युवक की दर्दनाक मौत, परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के चमरी फाटक के पास एक 25 वर्षीय युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार मृतक युवक की पहचान जिला बुलंदशहर के थाना बीबी नगर के गांव बरकतपुर निवासी 25 वर्षीय चिराग त्यागी के रूप में हुई। चिराग गांव चमरी में रिश्तेदारी में रहकर नौकरी करता था। रविवार की रात को चिराग चमरी फाटक पर पहुंचा और ट्रेन के आगे कूद गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया था कि टक्कर इतनी भयानक थी की चिराग की मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने घटना स्थल पहुंचकर राहगीरों से अन्य जानकारी एकत्रित की और मृतक चिराग के रिश्तेदार और परिजन को उसकी मौत की सूचना दी। चिराग की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। फिलहाल पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पुलिस आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

### अवैध चाकू के साथ संदिग्ध को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध चाकू बरामद किया गया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के जटपुरा तिराहे के पास चेकिंग कर रही थी तभी पुलिस ने एक संदिग्ध को रोककर जब उसकी तलाशी ली तो उसके कब्ज़े से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। जिसके बाद पुलिस उसे थाने ले आई और आगे की कार्रवाई में जुट गई। पुलिस के मुताबिक आरोपी की पहचान दानिश पुत्र शौकत निवासी मोहल्ला रमपुरा थाना पिलखुवा जनपद हापुड के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना पिलखुवा पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### युवक पर ब्लेड से जानलेवा हमला करने वाले तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना कपूरपुर पुलिस ने युवक पर जानलेवा हमला करने की घटना में फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव इकलेड़ी निवासी कृष्ण द्वारा आने पर तहरीर देते हुए बताया गया था कि 26 जुलाई 2025 को गांव के ही रहने वाले तोताराम, विषय उर्फ गुल्ला, रवि, अभिषेक, आक. ाश और प्रेमपाल ने उसके बड़े भाई वेगराज के साथ गाली गलौज करते हुए जमकर मारपीट की और ब्लेड से वेगराज की गर्दन पर कई वार किए। जिसमें वेगराज गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल के भाई की तहरीर के आधार पर संबंधित मामले में छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था और पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। सोमवार को पुलिस ने मामले में फरार चल रहे हैं आरोपी प्रेमपाल पुत्र चन्द्रकिरण, अभिषेक पुत्र तोताराम और आकाश पुत्र प्रेमपाल निवासी ग्राम इकलैंडी थाना कपूरपुर जनपद हापुड को बझैडा नहर पुलिया से गिरफ्तार किया गया है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड नगर पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपों को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी आजाद पुत्र जहीर पताः ससुराल, ग्राम हरदिया थाना रक्सौल जिला पूर्वी चम्पारण बिहार को ग्राम हरदिया थाना रक्सौल जिला पूर्वी चम्पारण बिहार राज्य से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार किए गए आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई थी। सोमवार को पुलिस ने संबंधित मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है।

# दहेज हत्या के मामले में फरार आरोपी पति गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना कपूरपुर पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे हत्या आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

रविवार को थाना कपूरपुर क्षेत्र के गांव नारायणपुर में 24 वर्षीय विवाहिता तनु की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। तनु गौतमबुद्धनगर जिले के दादरी तहसील के बंबावड़ गांव की रहने वाली थी। तनु का शव उसके ससुराल में घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला था। सचना पर पहुंची पुलिस ने विवाहिता के शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया था और जांच शुरू कर दी थी। विवाहित तनु के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज़ हत्या का आरोप लगाते हुए कपूरपुर थाने पर मुकदमा दर्ज कराया था। संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस हत्या आरोपी पति की तलाश में जुट गई थी। सोमवार को पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे हत्यारोपी पति राहुल पुत्र सतपाल निवासी ग्राम नारायणपुर बासका की मढैया थाना कपूरपुर जनपद हापुड को हत्यारोपी पति को सपनावत बिजली घर के सामने से गिरफ्तार किया गया है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# मंडल आयोग के जनक बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल को किया गया याद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** समाजवादी पार्टी के हापुड़ स्थित जिला कार्यालय में पार्टी के जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर की अगुवाई में समाजवादी पुरोधा बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और उनके जीवन के महत्वपूर्ण कार्यों पर प्रकाश डाला गया।

जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर ने बताया कि बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल का जन्म उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में हुआ था और उन्होंने बिहार के पटना शहर में अपनी उच्च शिक्षा प्राप्त की थी। उन्होंने अपने राजनी. तिक जीवन में बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करते हुए राज्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। आनंद गुर्जर ने आगे कहा कि बिंद. ेश्वरी प्रसाद मंडल ने देश की 3,743 पिछड़ी जातियों को सामा. जिक, राजनीतिक, आर्थिक और शैक्षणिक क्षेत्रों में समानता दिलाने के उद्देश्य से दूसरे पिछड़ा वर्ग आयोग का नेतृत्व किया। इसी आयोग को उनके नाम पर बीपी मंडल आयोग या मंडल आयोग के नाम से जाना जाता है। इस आयोग ने पिछड़ी जातियों के लिए आरक्षण की सिफारिश की, जिसके कारण मंडल जी को पिछड़ा वर्ग का नायक कहा जाने लगा। उन्होंने वर्तमान सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार आर्थिक आधार पर आरक्षण की आड़ में पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को खत्म करने का प्रयास कर रही है। इस कार्यक्रम में इकबाल कुरैशी, राजेश यादव,




पुरुषोत्तम वर्मा एडवोकेट, वकार, आसिफ रिजवान, अय्यूब सिद्दीकी, जयबीर सिंह तोमर, वसीम मेवाती, रेशमा यादव, यशी यादव और मुंशी सहित कई पार्टी कार्यकर्ता और नेता मौजूद रहे।

# शैलेश फार्म कश्वलोनी में भागवत कथा का शुभारंभ, भव्य कलश यात्रा निकाली गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हापुड़।** शैलेश फार्म कॉलोनी में आज से सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ बड़े हर्ष और उत्साह के साथ हुआ। दोपहर 3 बजे कलश यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 25 जोड़ों ने श्रद्धा एवं भक्ति के साथ भाग लिया। कलश यात्रा का शुभारंभ कॉलोनी के कम्युनिटी हॉल से हुआ, जहाँ से सभी श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा के रूप में कॉलोनी का परिक्रमा की। आज के प्रथम यजमान संजीव शिशोदिया एवं उनकी धर्मपत्नी विनीता शिशोदिया रहे, जिन्होंने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर कार्यक्रम का श्रीगणेश किया। कलश यात्रा के उपरांत कथा व्यास आचार्य जय प्रकाश शास्त्री ने श्रीमद्भागवत कथा का वाचन प्रारंभ किया। कॉलोनी के सभी गणमान्य सदस्य, जिनमें गजेन्द्र शिशोदिया, देवेंद्र शर्मा, योगेश गिरी, आदेश राणा, नरेन्द्र शिशोदिया, राजकुमार चौधरी, योगेन्द्र सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# नहर में मिले अज्ञात शव की नहीं हो सकी शिनाख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र अंतर्गत गांव रजापुर स्थित मध्य गंग नहर झाल में मिले अज्ञात शव की दूसरे दिन शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने उसकी शिनाख्त करने के लिए पड़ोसी जनपद की पुलिस का सहयोग मांगा है। इसके अलावा सोशल मीडिया के माध्यम से भी शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

रविवार की दोपहर को गांव रजापुर के ग्रामीण चारा लेकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान उन्होंने गांव के निकट मध्य गंग नहर में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ देखा। पुलिस ने शव को नहर से निकालकर शिनाख्त न होने पर पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दूसरे दिन भी शव की शिनाख्त न होने पर पुलिस ने आस पास के जनपदों की पुलिस से शव की शिनाख्त में सहयोग करने की अपील की है। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि शव की शिनाख्त करने के लिए सोशल मीडिया के अलावा पड़ोसी जनपदों की पुलिस से भी सहयोग मांगा गया है।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने चार महिला समेत आठ लोगों पर प्लाट की भूमि पर अवैध कब्जे के प्रयास का आरोप लगाया है। पीड़ित का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने उसकी पत्नी के साथ छेड़छाड़ की। पीड़ित ने पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने पर न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# गंगा का जलस्तर कम होने का इंतजार कर रहे है खादर के लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** पहाड़ों पर हो रही बारिश ने एक बार फिर से गंगा के जलस्तर में बढ़ोतरी शुरू कर दी है। वहीं खादर के लोग गंगा का जलस्तर कम होने की आस लगाए बैठे है, क्योंकि अब धीरे धीरे उनकी फसल नष्ट होने की कगार पर पहुंच गई है और उनको पशुओं को भी चारा लाने के लिए कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को भी गंगा के जलस्तर में करीब 13 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी दर्ज की है।

खादर क्षेत्र में गंगा किनारे बसे गांवों में रहने वाले लोगों की परेशानी पिछले एक माह से कम होने का नाम नहीं ले रही है। गंगा के बढ़ते जलस्तर में करीब सात दिन पूर्व कमी आने से उनके चेहरे पर कुछ खुशियां सी आ गई थी, लेकिन एक बार फिर से गंगा के जलस्तर में हुई बढ़ोंतरी ने मायूसी को वापस लाने का काम किया है। एक ओर जहां उनके खून पसीने से तैयार की गई फसल नष्ट होने की कगार पर है, वही दूसरी ओर जंगल में बनाए गए मकानों की नींव में पानी भरने से उनके गिरने का खतरा भी बढ़ गया है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि शीघ्र ही गंगा का जलस्तर कम हो और उनकी परेशानी भी कम हो जाए। ग्रामीण महिलाएं तो अपने छोटे छोटे बच्चों को घर पर छोड़ कर दूर दराज से पशुओं का चारा लाने के लिए बेबस हो रही है। केंद्रीय जल आयोग के गेज अधिकारी आबाद आलम ने बताया कि गंगा के जलस्तर में करीब 13 सेंटी मीटर की बढ़ोतरी दर्ज की है।

# निक्की हत्याकांड में ससुर और जेठ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** बुटीक संचालिका निक्की भाटी की हत्या के मामले में ससुर सतवीर (55) व जेठ रोहित भाटी (30) को कासना कोतवाली पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहे थे। पुलिस ने सास दया, ससुर और जेठ को सूरजपुर स्थित कोर्ट में पेश किया।

तीनों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस आरोपी पति विपिन भाटी को रविवार को जेल भेज चुकी है। पत्नी की जलाकर हत्या करने के मामले में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। 59 सेकंड के वीडियो में देखा जा सकता है कि एक युवक घर के पास सफेद रंग की कार के पास खड़ा है। आग लगने के बाद चिल्लाने और शोर की आवाज सुनने के बाद एक युवक और अन्य लोग तेजी से गली में भागते हैं। परिजन सोनू भाटी का कहना है कि घर की ओर भागने वाले कोई और नहीं बल्कि विपिन, उसके पिता



और पड़ोसी हैं। वीडियो सामने आने के बाद विपिन भाटी के परिवार के समर्थन में परिजन और गांव के कई लोग सोमवार सुबह घर के बाहर एकजुट हुए। उन्होंने कहा कि विपिन के परिवार को जबरन फंसाया जा रहा है। घटना के वक्त विपिन सहित पूरा परिवार बाहर था। उसके साथ तीनों बच्चे भी थे। सरकार और प्रशासन से मांग है कि मामले में निष्पक्ष जांच की जाए।

वीडियो में देखा जा सकता है कि विपिन और उसके पिता घर के बाहर थे। सास दया दूध लेने के लिए गई थी। जेठ अपने काम से बाहर गया था। जब ससुराल पक्ष के सभी लोग घर के बाहर थे, तो वह कैसे महिला को आग लगा सकते हैं। विपिन का परिवार सक्षम है। घटना के वक्त विपिन घर के नीचे था और गाड़ी धोने की तैयारी कर रहा था। शादी के आठ साल से अधिक हो चुके हैं। परिजन आज जो दहेज उत्पीड़न का आरोप लगा रहे हैं, उन्होंने पहले कोई शिकायत क्यों नहीं की। दहेज के आरोप बेबु. नियाद हैं। पति-पत्नी की आपस में लड़ाई होती थी। विपिन ने कभी में ससुर की मर्सिडीज की मांग नहीं की। विपिन और उसके परिवार के लोग निक्की और उसकी बहन कंचन को इंस्टाग्राम पर वीडियो बनाने के साथ घर पर बुटीक और पार्लर चलाने से मना करते थे। निक्की और उसकी बहन इंस्टाग्राम और रील बनाने की शौकीन थी। इसी कारण कहासुनी होती थी। निक्की के मार पिटाई का जो वीडियो वायरल हो रहा है, वह

> नामजद आरोपी ससुर और जेठ को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी पति और सास को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।
>
> **-सुधीर कुमार, एडिशनल डीसीपी, ग्रेटर नोएडा**

वीडियो पिछले साल सर्दियों का है। विपिन की मां दया ने शॉल ओढ़ रखा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि विपिन के कमर से खून निकल रहा है। विपिन को पहले निक्की ने गुस्से में कैंची मारी थी, जिसके बाद दोनों में मारपीट हुई थी। इस वीडियो को एडिट कर कंचन और उसके परिवार वालों की तरफ से जनता के सामने पेश किया जा रहा है।

विपिन को एकतरफा कार्रवाई में फंसाया जा रहा है। निक्की ने स्वयं आग लगाकर आत्महत्या की है। घटना का वीडियो उसकी बहन ने बनाया है। उसने बच्चों को भी गलत बयानबाजी करने के लिए कहा है।

# सेक्टर-31 में जर्जर इमारत की छत गिरी, बड़ा हादसा टला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-31 में 1980 के दशक में बने एक सरकारी आवास की छत अचानक गिर गई। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार, मकान की छत पर तीन मोटे स्लैब रखे थे, जो लंबे समय से पानी के रिसाव और रखरखाव के अभाव में कमजोर हो गए थे। रविवार को पानी के दबाव के कारण छत अचानक गिर गई।

घटना की सूचना मिलते ही प्राधिकरण के अधिकारी मौके पर पहुँच गए। महानगर प्रबंधक (सिविल) एस.पी. सिंह, महानगर प्रबंधक (निरीक्षण) मीना भागवत और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। टीम ने पाया कि वर्षों से मरम्मत न होने और लगातार पानी के रिसाव के कारण छत की मजबूती कमजोर हो गई थी।

गौरतलब है कि सेक्टर-31 में



एलआईजी श्रेणी के कुल 128 आवासीय फ्लैट बने हैं। इनमें से कई मकानों की हालत बेहद खराब हो चुकी है।

नोएडा प्राधिकरण ने माना है कि जिन भवनों का रखरखाव नहीं किया गया और जिनके मूल ढांचे में बदलाव किए गए, वे अब जर्जर अवस्था में पहुँच गए हैं।

प्राधिकरण ने सभी आवंटियों से अपील की है कि वे तत्काल जर्जर मकान खाली कर सुरक्षित स्थानों पर चले जाएँ, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

## गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के कर्मचारी की ट्रेन से कटकर मौत

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर रेलवे स्टेशन पर सोमवार सुबह एक हादसा हुआ। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी बिजेंद्र सिंह (55) की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। बिजेंद्र सिंह बागपुर गांव थाना दनकौर के रहने वाले थे। वह सुबह के समय रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार पट ट्रेन की चपेट में आ गए। घटना में मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है। दनकौर पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है।

# कार व बाइक की टक्कर में चार की मौत

- **एक ही बाइक पर सवार होकर जा रहे थे चारों दोस्त**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ईकोटेक-3 कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गांव कुलेसरा पुस्ता रोड पर सोमवार को दर्दनाक सड़क हादसे में चार किशोरों की जान चली गई। सभी मृतक दोस्त एक ही बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। तभी सामने से आ रही वैगनआर कार से उनकी टक्कर हो गई। हादसे में घायल हुए चारों किशोरों को उपचार के लिए सेक्टर-39 जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद



परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतकों की पहचान सुमित, लवकुश, रिहान और मोनू ठाकुर के रूप में हुई है। सभी की उम्र 16 से 18 वर्ष के बीच है। चारों दोस्त सोमवार को टीवीएस राइडर बाइक पर सवार होकर कहीं जा रहे थे। गांव कुलेसरा पुस्ता रोड पर अचानक सामने से आ रही वैगनआर कार (नंबर यूपी 16 सीआर 3293) ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।टक्कर इतनी जोरदार थी कि चारों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। लेकिन चिकित्सकों ने उपचार के दौरान चारों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हादसे में शामिल कार को कब्जे में ले लिया है और कार चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

**गांव में गमगीन माहौल:** मृतकों के शवों को पुलिस ने कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरते हुए पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। हादसे की खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और रो-रोकर बेहाल हो गए। गांव में मातम पसरा हुआ है। एक साथ चार युवा दोस्तों की मौत से गांव में गमगीन माहौल है।

**बड़ा सवाल क्या चारों ने हेलमेट लगाया था या नहीं:** ईकोटेक-3 कोतवाली प्रभारी अजय कुमार का कहना है कि घटना की तहरीर पर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कार चालक की लापरवाही की भी जांच की जा रही है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि बाइक सवार ने हेलमेट लगाया था कि नहीं।

## एक नजर

### गणपति के स्वागत की तैयारी में जुटे भक्त, प्रतिमाएं से सजा बाजार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** गणपत्ति बप्पा के आगमन के लिए शहर के बाजार सज गए हैं। गणेश चतुर्थी 27 अगस्त से छह सितंबर तक है। बाजारों में कई स्थानों पर भगवान की मूर्तियां की खरीदारी की जा रही है। इस बार मिट्टी और अन्य पदार्थों से बनीं इको फ्रेंडली मूर्तियां लोगों की पहली पसंद बन रही है। बाजार में मूर्तियां की कीमत 150 रुपये से शुरू होकर पांच हजार रुपये तक है। मूर्ति विक्रेता मनोज ने बताया कि ज्यादातर लोग छोटी मूर्तियों की खरीदारी करना पसंद कर रहें हैं क्योंकि लोग इनका विसर्जन घर के अंदर ही कर देते हैं। यह मूर्तियां इको फ्रेंडली होती हैं, इसलिए इनकी मांग ज्यादा है।

इनमें प्राकृतिक रंग जैसे हल्दी, चंदन और फूल का इस्तेमाल होते हैं। ये पानी में आसानी से घुल जाती हैं । आठ फीट तक की प्रतिमाएं: बाजार में इस बार आधा फीट से लेकर आठ फीट तक की गणेश मूर्तियां उपलब्ध हैं। लोगों को सबसे ज्यादा चार से आठ फीट तक की मूर्तियां पसंद आ रही हैं। लोगो छोटी मूर्तियों को भी खरीद रहे हैं। बीएसएनएल चौराहे पर स्थित मूर्ती कारीगर ने बताया कि पिछले वर्ष के अपेक्षा में इस बार मूर्तियों के लिए अच्छे ऑर्डर आए हैं। हालांकि, बाजार में मिट्टी की गणेश प्रतिमाएं खरीदना महंगा हो गया है। बारिश के कारण मिट्टी की आपूर्ति बाधित हुई है, जिसके कारण इस बार कीमतें भी बढ़ गई हैं।

### चलती कार में लगी आग ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-64 में रविवार को एक चलती कार में अचानक से आग लग गई। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत कार को साइड में लगाया और कूदकर अपनी जान बचाई। गनीमत रही कि हादसे में किसी को चोट नहीं आई। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। थोड़ी ही देर में दमकल की दो गाड़ियां पहुंचीं और करीब 20 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान किसी तरह की अफरातफरी न हो, इसके लिए यातायात पुलिस ने ट्रैफिक को डायवर्ट कर दिया। चीफ फायर ऑफिसर (सीएफओ) प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। हालांकि आग इतनी भीषण थी कि पूरी कार जलकर राख हो गई। मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक, जिस समय कार में आग लगी, आसपास से कई लोग गुजर रहे थे।

**शॉर्ट सर्किट हो सकती है वजह:** शुरुआती जांच में कार में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है। हालांकि दमकल विभाग और पुलिस इसकी तकनीकी जांच कर रही है, जिससे सही कारणों का पता लगाया जा सके।

**बड़ा हादसा टला:** कार में आग लगते ही कुछ समय के लिए इलाके में अफरा-तफरी मच गई। लोग घटनास्थल से दूर भागे और ट्रैफिक रोक दिया गया। पुलिस और दमकल की तत्परता से स्थिति जल्द ही नियंत्रण में आ गई। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन कार मालिक को लाखों का नुकसान उठाना पड़ा है।

### 5928 खरीदारों की रजिस्ट्री अटकी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र स्थित 22 ग्रुप हाउसिंग परियोजनाएं भले ही पूरी तरह बनकर तैयार हो चुकी है, लेकिन इनमें फ्लैट खरीदारों को अब तक उनके घर की रजिस्ट्री नहीं मिल सकी है। बिल्डरों द्वारा प्राधिकरण का बकाया भुगतान नहीं किए जाने से रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है। प्राधिकरण के मुताबिक 22 परियोजनाओं में कुल 5928 फ्लैटों की रजिस्ट्री फंसी हुई है। नोएडा प्राधिकरण ने इन परियोजनाओं और संबंधित बिल्डरों की विस्तृत सूची तैयार कर ली है जिसे अंतिम परीक्षण के बाद जल्द ही सार्वजनिक किया जाएगा। खास बात यह है कि इन सभी परियोजनाओं में निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। किसी भी परियोजना से जुड़ा कोई कानूनी मामला अदालत में लंबित नहीं है।

**खरीदारों को हो रही परेशानी:** प्राधिकरण का कहना है कि रजिस्ट्री अटकने से सबसे ज्यादा नुकसान फ्लैट खरीदारों को हो रहा है जिनमें से कई वर्षों से अपने मकानों में रह रहे है। कानूनी हक उन्हें अब तक नहीं मिल पाया है। इनमें से कुछ बिल्डरों ने आंशिक रूप से बकाया राशि का भुगतान पूर्व में किया है, जिससे कुछ रजिस्ट्रियां हुई भी है। लेकिन कुल बकाया के अनुपात में बड़ी संख्या में रजिस्ट्रियां अब भी लंबित है।

**राहत के बावजूद नहीं चुकाया बकाया:** प्राधिकरण द्वारा इन बिल्डरों को कई बार बकाया भुगतान के लिए मौके और नीतिगत राहत दी गई। दिसंबर 2023 में केंद्र सरकार द्वारा गठित अमिताभकांत समिति की सिफारिशों पर लागू की गई जीरो पीरियड पॉलिसी में भी इन बिल्डरों को शामिल किया गया।

# यमुना सिटी में अगले वर्ष से खुलेंगे रोजगार के द्वार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना विकास प्राधिकरण क्षेत्र में अगले वर्ष से रोजगार के द्वार खुल जाएंगे। इसके लिए यमुना विकास प्राधिकरण (यीडा) औद्योगिक इकाई का फैक्टरी एक्ट के तहत पंजीकरण पर जोर दे रही है। बीते एक माह में करीब आठ कंपनियों ने इसके अंतर्गत पंजीकरण कराया है। प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि जिले में फैक्टरी एक्ट के तहत काफी कम कंपनियां पंजीकरण कराती है। इसका असर प्रदेश की जीडीपी के साथ ही काम करने वालों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण पर भी पड़ता है। यमुना सिटी में सेक्टर-24, 24ए, 29, 30, 32, 33 को औद्योगिक सेक्टरों के रूप में विक. सित किया गया है।

सेक्टर में अबतक 3041 भूखंडों का आवंटन किया जा चुका। इनमें से 2297 को चेकलिस्ट जारी की जा चुकी, जबकि 1836 लीजडीड करा चुके हैं। उसके बावजूद अभी तक सिर्फ 990 ने नक्शा पास कराया है जबकि 15 कंपनियां ही संचालित है। 16 जुलाई तक शहर में संचालित 15 में से सिर्फ तीन कंपनियों ने ही फैक्टरी एक्ट के तहत अपना पंजीकरण कराया था, जिसकी संख्या अब आठ हो गई है। प्राधिकरण का दावा है कि वर्तमान में क्षेत्र में कुल 242 कंपनियों के निर्माण की प्रक्रिया चल रही है। अगले वर्ष तक कुल 100 कंपनियों में उत्पादन शुरू हो जाएगा, ऐसे में शहर में युवाओं के लिए रोजगार के द्वार भी खुलेंगे व एयरपोर्ट से उड़ान के साथ ही औद्योगिक गतिविधियां भी तेज होगी।

एक औद्योगिक भूखंड पर 14 दावेदार यमुना विकास प्राधिकरण की

> 18 माह में शहर में रोजगार के द्वार खोलने के प्रयास हैं, इसके लिए कार्ययोजना बनाकर काम किया जा रहा है।
>
> **- आरके सिंह, सीईओ यमुना प्राधिकरण**

औद्योगिक भूखंड योजना में उद्यमियों की अच्छी प्रतिक्रिया देखने को मिली है। प्राधिकरण ने जून में सेक्टर-29, 32, 33 और 8000 वर्गमीटर से छोटे 37 और इससे बड़े क्षेत्रफल के पांच औद्योगिक भूखंडों की योजना को शुरू किया था। इसके अलावा सेक्टर-24ए में मिक्स लैंड यूज के लिए 19 भूखंडों की योजना आई थी। योजना के तहत आवेदन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। प्राधिकरण के मुताबिक 8000 वर्ममीटर से छोटे 37 भूखंडों पर कुल 528 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जबकि इससे बड़े क्षेत्रफल के पांच भूखंडों के सापेक्ष 75 आवेदन आए हैं। ऐसे में एक भूखंड पर 14 से 15 आवेदकों की दावेदारी है। वहीं, मिक्स लैंड यूज के 19 भूखंडों पर भी 30 आवेदन प्राप्त हुए हैं। बताया गया कि 8000 वर्गमीटर से छोटे भूखंडों का आवंटन ई नीलामी व इससे बड़े भूखंड साक्षात्कार के माध्यम से आवंटित किए जाएंगे। बीते एक माह का औद्योगिक गतिविधियों का विवरण कार्य जुलाई अबतक फैक्टरी एक्ट के तहत पंजीकरण 03 08 फैक्टरियों का लगभग पूरा निर्माण 64 82 फैक्टरियों का छत तक निर्माण 45 75 फैक्टरियों की नींव का निर्माण 35 43 फैक्टरियों का फाउंडेशन 37 46 शहर में औद्योगिक गतिविधियां तेज हो इसके लिए उद्यमियों से लगातार संपर्क किया जा रहा है।

## डेंगू के तीन नए मरीज मिले

**नोएडा।** डेंगू के तीन नए मरीजों की पुष्टि सोमवार को मलेरिया विभाग ने की। तीनों मरीजों का इलाज घर में चल रहा है। जिले में अब कुल मरीजों की संख्या 44 हो गई है। मलेरिया के भी दो मरीज की पुष्टि हुई है। इस बीमारी से पीड़ित मरीजों की संख्या 53 हो गई है। जल भराव और लार्वा पनपने के स्थान मिलने पर एक महीने में 50 लोगों और संस्थानों को नोटिस जारी किया गया है। घर घर कूलर, फ्रिज ट्रे, जलभराव आदि जांच चल रही है। जिला मलेरिया अधिकारी श्रुति कीर्ति वर्मा ने बताया कि मच्छर जनित बीमारियों से बचाओ को लेकर कार्य किए जा रहे हैं।

# ग्राहकों के 7.56 लाख रुपये लेकर कंपनी का पूर्व कर्मी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** हॉलिडे और ट्रैवल प्लान करने वाली एक कंपनी का पूर्व कर्मचारी ग्राहकों के साढ़े सात लाख रुपये लेकर फरार हो गया। कंपनी प्रबंधन ने अदालत के आदेश पर फेज-वन थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। सेक्टर-11 में रहने वाले राकेश रंजन ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि सेक्टर-4 में उनकी एपिक यात्रा के नाम से कंपनी का कार्यालय है।

कंपनी में 9 जनवरी 2025 को प्रयागराज के प्रीतमनगर निवासी अमित सचान ने बतौर सेल्स एग्जीक्यूटिब के पद पर नौकरी प्राप्त की थी। प्रयागराज में आयोजित हुए महाकुंभ के दौरान आरोपी ने अच्छा कार्य किया। कंपनी द्वारा आरोपी को नियुक्ति करते समय एक मोबाइल सिम जारी किया गया था। एक मार्च 2025 से 20 अप्रैल 2025 तक आरा. पी ने कंपनी में कार्य किया। इसके बाद से लगातार ग्राहकों के फोन कंपनी के पास आने लगे।

जानकारी करने पर पता चला कि 21 अप्रैल 2024 से अमित सचान मोबाइल फोन बंद करके गायब है। कंपनी के 30 हजार रुपये वेतन के और कुछ ग्राहकों से केदारनाथ धाम के लिए हेलीकॉप्टर टिकट आदि के नाम पर सात लाख 56 हजार रुपये ऑनलाइन अपने खाते में ट्रांसफर कराए हैं। इनमें सत्य नारायण शेट्टी से 2.38 लाख रुपये, रवि कुमार से 1.60 लाख रुपये, अमित ओम प्रकाश तिवारी से 64 हजार रुपये, ममता दास से 18 हजार रुपये, कृष्ण कुमार पाडिया से 90 हजार रुपये, आशुतोष धर्म सिंह पटेल से 99 हजार रुपये, भारत भूषण से 1.63 लाख रुपये, केसी शर्मा से 40 हजार रुपये, ज्योति कुलयाल से 47 हजार रुपये लिए थे। थाना स्तर से सुनवाई न होने पर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# बारिश से कई जगह हुआ जलभराव, जाम में भी जूझे लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सप्ताह के पहले दिन सोमवार को वाहनों के अधिक दबाव व बारिश की वजह से लोगों को कई जगह जाम में फंसना पड़ा। कालिंदी कुंज, सेक्टर-16ए फिल्म सिटी मार्ग, सेक्टर-62 मॉडल टाउन गोलचक्कर सहित कई स्थानों पर वाहनों की लंबी कतार लगी रही। बारिश की वजह से सड़कों पर जलभराव से भी लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। बाकी दिनों के मुक. ाबले सोमवार को सड़कों पर वाहनों का काफी दबाव रहता है। सोमवार सुबह से ही बारिश होनी शुरू हो गई थी। इससे पहले रविवार रात को भी रूक-रूककर बारिश होती रही। बारिश की वजह से शहर में कई स्थानों पर जलभराव हो गया।

एमपी वन मार्ग पर सेक्टर-19 टेलीफोन एक्सचेंज के सामने,



सेक्टर-10 के सामने बने यू-टर्न, सेक्टर-21ए पेट्रोल पंप के सामने के अलावा सेक्टर-31 निठारी के सामने, सेक्टर-95 दलित प्रेरणा स्थल के सामने समेत कई स्थानों पर सड़कों पर पानी भर गया। इस दौरान यहां से गुजर रहे वाहनों की रफ्तार धीमी रही। यहां से गुजर रहे खासतौर से दोपहिया वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जलभराव के अलावा कई स्थानों पर लोगों को जाम में भी फंसना पड़ा। कालिंदी कुंज, सेक्टर-16ए फिल्म सिटी मार्ग, सेक्टर-62 मॉडल टाउन गोलचक्कर, सेक्टर-63 छिजारसी, सेक्टर-63 एनआईबी पुलिस चौकी, सेक्टर-57 लेबर चौराहा, पर्थला गोलचक्कर आदि स्थानों पर लोगों को सुबह-शाम जाम में फंसना पड़ा। इन जगह सुबह आठ बजे से ही जाम लगना शुरू हो गया था। करीब साढ़े ग्यारह बजे के बाद यातायात सामान्य हो सका। शाम को भी इन जगह वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। सेक्टर-12 में रहने वाले विवेक कुमार ने बताया कि सोमवार सुबह वह कालिंदी कुंज रास्ते से बदरपुर जा रहे थे। करीब सवा एक घंटे में वह सेक्टर-37 से कालिंदी कुंज लालबत्ती को पार कर सके। इस रास्ते पर आए दिन जाम लगने के बावजूद संबंधित विभाग समाधान नहीं कर रहे हैं। सेक्टर-34 में रहने वाले समरजीत ने बताया कि शाम को डीएनडी पर दिल्ली की ओर से लौटते समय टोल प्लाजा से पहले ही जाम में फंस गए थे। करीब पौने घंटे तक यहां जाम में फंसकर रास्ते को पार कर सके। इस बारे में यातायात पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि सोमवार को सड़कों पर वाहनों का दबाव अधिक था। सभी मुख्य प्वाइंट पर पुलिसकर्मी तैनात थे। बारिश की वजह से भी वाहनों की रफ्तार पर असर पड़ा।

## चोरी की बाइक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** बीटा-2 कोतवाली पुलिस ने सोमवार को नट मढ़ैया गोल चक्कर के पास से चोरी के बाइक के साथ दो आरोपियों की गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान अनुज निवासी अंधियार, जहांगीराबाद और विशु निवासी झबीरन बुलंदशहर के रूप में हुई। उप निरीक्षक राहुल कुमार ने बताया कि सोमवार को वह चौकिंग कर रहे थे, तभी एच्छर में नट मढैया गोल चक्कर पर चेकिंग के दौरान उन्हें दो बाइक आती दिखाई दी। दोनो बाइक सवारों को रुकने का इशारा किया तो उन्होंने बाइक की गति बढ़ा दी, जिन्हें पीछा कर पकड़ लिया गया। आरोपियों ने बताया कि वह फिलहाल तिलपता में किराये पर रहते हैं। जब उनकी बाइक का नंबर ई चालान एप पर चेक किया गया तो बाइक मुकेश कुमार निवासी गोविंद नगर पोस्ट कटघर गली नं. 5 मुरादाबाद के नाम पर पंजीकृत मिली।

# पालिताना के सिद्धवड तीर्थ पर ऐतिहासिक पर्युषण पर्व की शुरुआत

- **1100 आराधक 21 घंटे मौन व मोबाइल त्याग कर कर रहे साधना**
- **गुरु भगवंतों की निश्रा में मनाया जा रहा है 'आत्मा को जानो, आत्मा को अनुभव करो' उत्सव**

**पालिताना।** जैन धर्म के इतिहास में पहली बार एक अनोखा और ऐतिहासिक पर्युषण पर्व का आयोजन पालिताना के शत्रुंजय गिरिराज की तलहटी में स्थित सिद्धवड तीर्थ की पावन भूमि पर बनाया गया 'तक्षशिला नगरी' में हो रहा है। निज में निवास, सिद्धवड में चातुर्मास की थीम के अंतर्गत 175 साधु-साध्वी भगवंतों की निश्रा में प्रतिदिन लगभग 1100 आराधक 21 घंटे का मौन धारण करेंगे और मोबा. इल फोन का पूरी तरह त्याग करेंगे। यह अनुशासन भाद्रवा सुद 4 तक यानी लगभग दो महीनों तक चलेगा। आराधक प्रतिदिन 6 घंटे स्वाध्याय भी करेंगे। आचार्य हेमवल्लभसूरीश्वरजी, पन्यास लब्धिवल्लभविजयजी महाराज और पन्यास यशरत्नविजयजी महाराज की निश्रा में 'आत्मा को जानो, आत्मा को अनुभव करो' उत्सव मनाया जा रहा है। इस पूरे आयोजन का लाभ मुंबई के हिरालक्ष्मीबेन खांतीलाल शाह परिवार ने लिया है। परिवार के मुखिया पंकजभाई शाह ने बताया कि प्राकृतिक वातावरण और गुरु भगवंतों की सन्निधि में आराधक आत्मा की गहराई का अनुभव करेंगे। आचार्य हेमवल्लभसूरीश्वरजी महाराज ने प्रवचन में कहा कि सुख कहीं बाहर नहीं है, वह हमारे भीतर ही है। जब आत्मा इंद्रियों के अधीन होकर विषयों की याचना करता है तो यह सबसे करुण दृश्य बन जाता है। इस अवसर पर गुजरात के गृह मंत्री हर्षभाई संघवी और जैन अग्रणी दीपकभाई बारडोली भी उपस्थित रहे। गृह मंत्री संघवी ने मोबाइल त्याग और मौन साधना की सराहना की। शासनरत्न कुमारपाल विजयशाह ने कहा, 'बिना कारण बोलना विकृति है, जबकि मौन प्रकृति है।' उन्होंने लाभार्थी पंकजभाई के परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। पंकजभाई शाह ने जानकारी दी कि 3 से 7 सितंबर और 17 से 21 सितंबर के दौरान पांच दिन के दो विशेष शिविर आयोजित होंगे।

# भारत के इलेक्ट्रिक मोबिलिटी भविष्य को गति देगा केएएल

**तिरुवनंतपुरम।** केएएल लॉर्ड्स टेक्नोलॉजीज़ प्राइवेट लिमिटेड, एक अगली पीढ़ी की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी कंपनी, ने आज अरलुमुडु स्थित केरल ऑटोमोबाइल्स लिमिटेड (केएएल) के कारखाने में अपना आधिकारिक उद्घाटन किया। यह कंपनी चार दशकों से अधिक के विनिर्माण अनुभव वाली केरल सरकार की एक उपक्रम, केरल ऑटोमोबाइल्स लिमिटेड (केएएल) और भारत के सबसे सक्रिय और नवोन्मेषी ईवी ब्रांडों में से एक, लॉर्ड्स ऑटोमेटिव प्राइवेट लिमिटेड के बीच एक रणनी. तिक संयुक्त उद्यम का परिणाम है। उद्घाटन समारोह में केरल सरकार के माननीय उद्योग, विधि एवं कॉयर मंत्री पी. राजीव उपस्थित थे और इसकी अध्यक्षता नेय्याट्टिनकारा के माननीय विधायक के. अंसलन ने की। इस अवसर पर रमेश मिगलानी, निदेशक, लॉर्ड्स ऑटोमेटिव प्राइवेट लिमिटेड, वीर सिंह, सीईओ, लॉर्ड्स ऑटोमेटिव



प्राइवेट लिमिटेड, एमडी, काल लॉर्ड्स टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, डॉ. सुनील कोरगांवकर (निदेशक, लॉर्ड्स ऑटोमेटिव प्राइवेट लिमिटेड), श्रीमती एनी जुला थॉमस आईएएस (ओएसडी, उद्योग विभाग), पुल्लुविला स्टेनली (अध्यक्ष, केरल ऑटोमोबाइल्स लिमिटेड), राजमोहन (अध्यक्ष, नेय्याट्टिनकरा नगर पालिका), श्रीमती एल. रानी (अध्यक्ष, अथियान्नूर ब्लॉक पंचायत), के. अजितकुमार (कार्यकारी अध्यक्ष, पीटी) और श्रीमती अजीथा के.एस. (नगर पार्षद, अथियान्नूर) सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### विरासत और नवाचार की साझेदारी

1978 में स्थापित केरल ऑटोमोबाइल्स लिमिटेड, भारतीय ऑटोमोटिव क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी रहा है। 1984 में 175 सीसी के दो-स्ट्रोक पेट्रोल थ्री-व्हीलर्स से शुरुआत करके और बाद में 1991 में 325 सीसी के डीजल मॉडल पेश करके, केएएल ने भारत और बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, सूडान, बोत्सवाना, नाइजीरिया, दक्षिण अफ्रीका, मेडागास्कर, ग्वाटेमाला और मिस्र सहित अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में 1,00,000 से ज्यादा आंतरिक दहन इंजन वाले वाहन बेचे हैं। 2019 से, केएएल ने स्वच्छ गतिशीलता को अपनाते हुए इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर्स के निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया है। कंपनी इसरो की एक विश्वसनीय भागीदार भी है, जो वीएसएससी, एलपीएससी, आईआईएसयू और ब्रह्मोस जैसे कार्यक्रमों के लिए सटीक एयरोस्पेस घटकों की आपूर्ति करती है। 2020 में स्थापित और लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा समर्थित लॉर्ड्स ऑटोमेटिव प्राइवेट लिमिटेड, इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग में तेज़ी से एक प्रमुख कंपनी के रूप में उभरी है।

# डॉ. परवेज की हत्या को लेकर एसपी कार्यालय पर किया प्रदर्शन

## परिजनों ने की एसपी से मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** बड़ौत कोतवाली क्षेत्र में डा.परवेज का शव 23 अगस्त को संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। परिजनों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर मामले की क्राइम ब्रांच से जांच कराने और अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

परिजनों का आरोप है कि डा. परवेज की हत्या की गई और सबूत मिटाने का प्रयास किया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, डा. परवेज एमबीबीएस और एमडी की पढ़ाई पूरी करने के बाद दिल्ली के एक अस्पताल में कार्यरत थे। वह एक व्यावहारिक और सज्जन व्यक्ति थे। पीड़ित परिवार का कहना है कि डा.परवेज को षडयंत्र के तहत बुलाया गया और उनकी हत्या कर दी गई। एसपी ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है।

## पारिवारिक विवाद सुलझाने आए दोनों के बीच हुई मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** बड़ौत कोतवाली क्षेत्र में एक फार्म हाउस पर पारिवारिक विवाद सुलझाने के दौरान हिंसा भड़क गई। दोनों परिवारों के बीच शादी का रिश्ता तय हुआ था, लेकिन शादी से पहले ही विवाद हो गया। विवाद सुलझाने के लिए दोनों पक्ष फार्म हाउस में मिले।

शुरुआत में बातचीत शांतिपूर्ण तरीके से चल रही थी। अचानक लड़की पक्ष की एक महिला ने उठकर लड़के पक्ष के एक व्यक्ति को थप्पड़ मार दिया। इसके बाद लड़की पक्ष के लोगों ने लड़के पक्ष पर हमला कर दिया। इस मारपीट में कई लोग घायल हुए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो में लड़की पक्ष



के लोग लड़के पक्ष से मारपीट करते नजर आ रहे हैं। पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच कर रही है। हालांकि अभी तक किसी भी पक्ष ने पुलिस में कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

## धोखाधड़ी के मामले में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** कोर्ट रोड निवासी नईमुददीन ने अपनी सोतेली मां और सोतेले भाई समेत कई लोगों पर बर्फ फैक्ट्री हड़पने के लिए फर्जी एग्रीमेंट करने और उसके बाद मारपीट धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नईमुददीन के मुताबिक उसकी 158 वर्गमीटर भूमि पर बनी बर्फ फैक्ट्री का 29 जुलाई 2025 को फर्जी तरीके से एग्रीमेंट किया गया। इसमें उसकी सोतेली मां हनीफा पत्नी अलीमुददीन और सोतेला भाई मोहम्मद शमी पुत्र अलीमुददीन ने भूमिका निभाई। आरोप है कि एग्रीमेंट इमरान पुत्र जमील निवासी केतीपुरा सहदेव सिंह आर्य पुत्र ऋषिपाल सिंह निवासी बाघू और राजेश गर्ग पुत्र किशनचंद गर्ग निवासी भगवान नगर गन्नौर सोनीपत हरियाणा के पक्ष में किया गया। इस पूरे मामले में मोहम्मद तहसीन पुत्र रसीद निवासी माता कालोनी और उमरदराज पुत्र वाहिद निवासी पुराना कस्बा बागपत को गवाह बनाया गया। शिकायतकर्ता ने कहा कि तहसीन अपराधी प्रवृत्ति का है और पहले भी जेल जा चुका है। नईमुददीन का आरोप है कि 15 अगस्त को मोहम्मद शमी इमरान तहसीन और तीन चार अज्ञात लोग फैक्ट्री पर पहुंचे और उस पर धावा बोल दिया। आरोपियों ने उसके साथ मारपीट गाली गलौच की और जान से मारने की धमकी दी। धमकाते हुए कहा गया कि फैक्ट्री का एग्रीमेंट अब उनके नाम हो चुका है। इसलिए तुरंत खाली कर दो वरना अंजाम बुरा होगा। शिकायतकर्ता का कहना है कि 8 अगस्त को भी उसने इस मामले में पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया था, लेकिन कार्रवाई न होने से अब मुकदमा दर्ज कराना पड़ा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच तेज कर दी है।

## दो लोगों ने की घर में घुसकर महिला के साथ छेड़छाड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** बिनौली थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ छेड़छाड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है।

महिला के अनुसार, दो लोग उसके घर में घुसे और उसके साथ छेड़छाड़ की। उसने यह बात अपने पति को बताई। पति के विरोध करने पर आरोपी दर्जनों लोगों के साथ उनके घर आ गए। आरोपियों ने पति पर हमला कर दिया। हमले में पति गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका इलाज मेरठ के अस्पताल में चल रहा है। पीड़िता ने बताया कि स्थानीय पुलिस से शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोपी अभी भी उसे परेशान कर रहे हैं। इस कारण उसने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत की है। अधिकारियों ने मामले की जांच कर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## 30मई से लापता बेटी की बरामदगी को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** अमीनगर सराय के पास खिदोडा गांव से 30मई 2025 से पंडित अशोक शर्मा की बेटी लापता है। इसमें पुलिस प्रशासन सक्रिय भूमिका नहीं निभा रहा है। जनपद बागपत से ब्राह्मण समाज के लोग लगातार धरने प्रदर्शन करते आ रहे हैं। मगर प्रशासन पर इन धरने प्रदर्शनों का कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है। पंडित अशोक शर्मा गांव के सम्मानित लोगों के साथ अब अपने ही गांव खिदोडा में अपनी बेटी के लिए इंसाफ पाने को अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गया है। उनका कहना है कि मेरी पत्नी दिमाग की तौर पर बीमार है और दिल्ली में उनका इलाज चल रहा है। मेरा छोटा बेटा दीदी कहते हुए अपनी बहन को पुकार रहा है। मेरे पास धरने प्रदर्शन करने के अलावा अब कोई चारा नहीं बचा है मैं भी लगातार दिमाग से बेहद परेशान होता जा रहा हूं प्रशासन मेरी कोई सुनवाई नहीं कर रहा है अब तक मेरी बेटी लापता है। उसका कोई सुराग अभी तक नहीं चला है मैं प्रशासन से लगातार गुहार लगा रहा हूं कि मेरी बेटी को



बरामद किया जाए। मगर अभी तक मेरी बेटी बरामद नहीं पाई पाई मेरा प्रशासन से अनुरोध है कि मेरी बेटी को बरामद किया जाए। सैकड़ो की तादाद में आज गांव के लोग गांव में ही अनिश्चितकालीन करने पर बैठ गए जब तक बेटी बरामद नहीं होगी तब तक धरना जारी रहेगा।

## एक नजर

### मृतक परवेज के परिजनों से मिले कांग्रेसियों ने की परिजनों को संवेदना प्रकट

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** नगर में शहर कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष रामहरि पवार के नेतृत्व में डा.मृतक परवेज के परिजनों से मिला कांग्रेसियों ने परिजनों को संवेदना प्रकट की। प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अजय राय के निर्देश पर बडौत शहर बागपत मे बडौत निवासी डा.प्रवेज एमबीबी एस एमडी की संदिग्ध मौत की खबर को लेकर वरिष्ठ कांग्रेस नेताओ का एक प्रतिनिधि मंडल संवेदना प्रकट करने हेतु परिवारजनो से मिला। संवेदनाएं व्यक्त की परिवार जनो की हिम्मत साहस को बढाया और वस्तु स्थिति की जानकारी की प्रतिनिधिमण्डल मे पूर्व मंत्री दीपक कुमार जिला प्रभारी सुखराज सिंह वरिष्ठ नेता खलील नम्बरदार चेयरमैन किसान कांग्रेस चौ.ओमवीर सिंह उपाध्यक्ष किसान कांग्रेस वरिष्ठ नेता सतपाल पथोलिया सदस्य उत्तर प्रदेश पूर्व जिलाध्यक्ष लव कश्यप शहर अध्यक्ष श्री रामहरी पंवार सरफराज एडवोकेट इमरान इदरीशी किसान नेता आवेश मलिक जयप्रकाश सरोहा ब्रजमोहन शर्मा रामकुमार मुखिया शान मोहम्मद औमवीर सिंह शोकेन्द्र तोमर औकार दत्त आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय पर हुआ युवा छात्र पंचायत का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बड़ौत।** नगर में सोमवार को राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय पर युवा छात्र पंचायत का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय लोकदल छात्र सभा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सौरभ चौधरी ने शिरकत की। इस मौके पर रालोद छात्र सभा के जिलाध्यक्ष राहुल प्रधान ने अपनी जिला कार्यकारिणी घोषित की और युवा राष्ट्रीय लोकदल मे छपरौली विधानसभा अध्यक्ष आकाश राठी ने विधानसभा कार्यकारिणी की घोषणा कर सभी को नियुक्त पत्र प्रदान किए गये। युवा राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष राहुल धामा ने अपनी कार्यकारिणी में विस्तार कर जिला महासचिव अनुज तोमर बड़ौली व गौरव धनकड़ को जिला महासचिव से जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया। इस दौरान रालोद के राष्ट्रीय महासचिव सुखबीर सिंह गठीना, युवा क्षोत्रीय अध्यक्ष असिफ चौधरी, रवि बडौली, आतेश खोखर, रोहित रमाला, आयुष धामा, सन्नी नैन, विचित्र तोमर, मोहित बिजरौल आदि उपस्थित रहे।

## बधाई को लेकर दो किन्नर गुटों में बवाल, लाठी-डंडों से मारपीट का वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** कोतवाली क्षेत्र के मलकपुर गांव के निकट किन्नरों के बीच बधाई क्षेत्र को लेकर बवाल हो गया था। इस दौरान जमकर मारपीट की गई थी, जिसमें कई लोग घायल हो गए हैं। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल रहा है। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि ये मामला बड़ौत शहर इलाके का है। मलकपुर गांव के नजदीक किन्नर राजबीर, इकराम, फखरूद्दीन उर्फ भगतनी गुरु पर मारपीट करते हुए हमला बोल गया था जिसका वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। इस दौरान मारपीट करते हुए लोग फरार हो गए थे। इसके बाद उन्होंने इस मारपीट को लेकर कोतवाली थाने में शिकायत र्ज कराई थी। काजल, फखरूद्दीन उर्फ भगतनी ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि



आरोपी अभी भी धमकी दे रहे हैं। उनका कहना है कि 23 अगस्त को वह मलकपुर गांव से बधाई मांगकर आ रहे थे तभी गुरु भगतनी पर अचानक हमला बोल दिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके साथी भी घायल हुए हैं इस संबंध में किन्नरो की जिला अध्यक्ष चांदनी ने बताया कि हमारे गुट के सदस्य मलकपुर में बधाई लेने गए थे। अचानक दूसरे गुट ने उन पर हमला कर दिया। जिलाध्यक्ष बागपत चांदनी सिंह ने थाना अध्यक्ष बडौत से इंसाफ दिलाने की मांग करते हुए दबंग किन्नरों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। चांदनी सिंह ने कहा कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

## बुर्का पहनकर चोरी करने वाली महिला का सीसीटीवी वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** शहर कोतवाली क्षेत्र में एक महिला चोर ने व्यापारियों की नींद उड़ा दी है। बुर्का पहनकर चोरी करने वाली इस महिला का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



वीडियो में महिला एक दुकान से बोतल चुराती हुई नजर आ रही है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि यह महिला लंबे समय से बुर्के की आड़ में चोरी कर रही है। कई व्यापारी इसका शिकार बन चुके हैं। व्यापारियों ने सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए अन्य दुकानदारों को भी सतर्क रहने की अपील की है। व्यापारियों का कहना है कि इस महिला चोर ने कई दुकानों को निशाना बनाया है, लेकिन अभी तक पुलिस इसे पकड़ने में नाकाम रही है। व्यापारी इस महिला के आतंक से परेशान हैं और सोशल मीडिया के जरिए पुलिस से कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि जब तक इस महिला को पकड़ा नहीं जाएगा, चोरी की घटनाएं नहीं रुकेंगी। पुलिस ने वायरल हुए वीडियो के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## अधिशासी अधिकारी ने किया कंपोजिट प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** सोमवार को नगरपालिका बागपत अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार भडाना द्वारा वार्ड नंबर दो में स्थित कंपोजिट प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया, जिसमें कक्षा एक से कक्षा आठ तक की कक्षाएँ संचालित पाई गई। सभी कक्षाओं में जाकर स्थिति को देखा गया, जिसमें से पाँच कक्षाओं के कमरो की छत में शीलन और पानी भी टपकता दिखाई दिया। उन्होनें स्कूल के प्रधानाचार्य को विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर सभी कक्षों की छतों को ठीक कराने के निर्देश दिए। उन्होनें इस संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं पालिका में लिखित में सूचना देने के निर्देश भी दिए।

## मुख्य रास्तों पर जलभराव और कीचड़ होने से ग्रामीण परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बिनौली।** बिजवाड़ा गांव में मुख्य सहित कई रास्तों पर जलभराव व कीचड़ होने से आवा गमन में ग्रामीणों को तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने अधिकारियों से समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

बिजवाड़ा गांव में पिछले दिनों हुई बरसात के बाद मुख्य रास्ते पर जलभराव हो गया है, जिसके चलते ग्रामीणों को गंदे पानी से होकर आना जाना पड़ रहा है। जलभराव की यह समस्या तालाब के ओवरफ्लो होने से उत्पन्न हुई है। इसके अलावा गांव के कई अन्य राष्ट्रों पर जल भराव कीचड़ व्याप्त है, जिससे गांव के लोगों को जहां परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही संक्रामक बीमारियां फैलने की भी



आशंका बनी हुई है। समस्या के समाधान के लिए ग्रामीणों ने ब्लाक के अधिकारियों से मांग की है। बीडीओ नरेंद्र सिंह का कहना था कि मौके पर जाकर समस्या को देखकर जल्द समाधान कराया जाएगा।

## 20 दिसंबर को होगा चौ.चरण सिंह अवॉर्ड्स के दूसरे संस्करण का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** नगर में प्रेस वार्ता करते हुए राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता प्रदेश प्रवक्ता विश्वास चौधरी ने कहा कि भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय चौधरी चरण सिंह के सम्मान में किसान ट्रस्ट 20 दिसंबर 2025 को चौधरी चरण सिंह अवॉर्ड्स के दूसरे संस्करण का आयोजन कर रहा है। यह अवॉर्ड समारोह किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह की स्मृति में उनके आदर्शों से प्रभावित शख्सियतों को सम्मानित करने के उद्देश्य से नई दिल्ली में आयोजित होने जा रहा है। किसान ट्रस्ट यह सम्मान समारोह चौधरी चरण सिंह की जयंती 23 दिसंबर के अवसर पर हर वर्ष दिसंबर माह में आयोजित करता है। इस बार भी एक कार्यक्रम बड़े हर



उत्साह पूर्वक साथ किया जाएगा

इसमें विगत संस्करण की भांति ही तीन श्रेणियों–कृषि रत्न, सेवा रत्न, कलम रत्न में चार अवॉर्ड दिए जाएंगे। कृषि रत्न पुरस्कार के तहत दो अवॉर्ड दिए जाएंगे, जिनमें किसान पुरस्कार खेती-किसानी में विशेष कार्य करने वाले किसी किसान तथा कृषक उत्थान पुरस्कार किसी कृषि वैज्ञानिक अथवा संस्था को दिया जाएगा। कलम रत्न पुरस्कार, पत्रकारिता के क्षेत्र में सत्य और न्याय के लिए कार्य करने वाले या ग्रामीण विकास एवं कृषि के क्षेत्र में कार्य करने वाले पत्रकार को दिया जाएगा। इन अवॉर्ड्स के लिए किसान ट्रस्ट द्वारा प्रतिवर्ष नॉमिनेशन की प्रक्रिया के माध्यम से जनता से मिले सुझावों के आधार पर चुने गए व्यक्तियों अथवा संस्थाओं को सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष किसान ट्रस्ट द्वारा 25 अगस्त 2025 से नामांकन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। नामांकन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2025 होगी। इस प्रक्रिया में तीनों श्रेणियों के लिए कोई भी व्यक्ति, किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उपरोक्त क्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए नामांकित कर सकता है।


**सूचना**
हमारे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते हम अपने पुत्र हार्दिक से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते है भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।
तेजवीर पुत्र जयभगवान व सुनीता पत्नि तेजवीर निवासी ग्राम रठौडा थाना छपरौली जनपद बागपत।

**सूचना**
हमारे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते हम अपने पुत्र निखिल व पूत्रवधू नीतू से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते है भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
तेजवीर पुत्र जयभगवान व सुनीता पत्नि तेजवीर निवासी ग्राम रठौडा थाना छपरौली जनपद बागपत।

**सूचना**
मेरे द्वारा दिए गये शपथ पत्र में खेकड़ा क्षेत्र के अधिकृत निम्न गांवो में मेरे बाद मेरा चेला उस्मान उर्फ जीवन ढोलक वाला, मांगने खाने का कार्य करेगा। सादाब उर्फ रेशमा किन्नर केयर ऑफ अख्तर निवासी लक्ष्मीनगर भट्टा बस्ती, कस्बा तहसील-खेकड़ा, बागपत।

**सूचना**
मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र मनोज कुमार से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।
ओमदास पुत्र शिवदयाल निवासी ग्राम जैनुदीनपुर चिरचिटा थाना सिंघावली अहीर जनपद बागपत।


## मामूली कहासुनी को लेकर छात्रों के दो गुटों में हुई मारपीट, पुलिस कर रही आरोपियों की तालाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**खेकड़ा।** कस्बे के मुबारिकपुर रोड पर छात्रों के दो गुटों में हुई मारपीट का मामला सामने आया है। मामूली कहासुनी से शुरू हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। दोनों पक्षों के दर्जनों छात्र आपस में भिड़ गए। मारपीट में लात-घूंसे और बेल्ट का इस्तेमाल किया गया। इस दौरान दोनों पक्षों के कई छात्र घायल हुए। मुख्य रोड पर करीब 10 मिनट तक यह संघर्ष चलता रहा। स्थानीय लोग इस घटना को देखते रहे। स्थानीय निवासियों के अनुसार, शुरुआत में दोनों पक्षों के छात्र आपस में बातचीत कर रहे थे। अचानक विवाद शुरू हुआ जो देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस को जैसे ही घटना की सूचना मिली, दोनों गुट मौके से फरार हो गए। पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच कर रही है। आरोपियों की तलाश और कार्रवाई की जा रही है।

## यमुना नदी में फिर छोड़ा पानी, किसानों के मंसूबों पर फिरा पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** एनसीआर यमुना नदी में फिर यमुना नदी उफान पर फिर कटने लगी किसानो की जमीन दमा दम गन्ने के खेतों में कटान तेज किसान को सताने लगी चिंता किसान आने लगा भुखमरी के कगार पर पहाड़ों पर हो रही भारी बारिश के चलते यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंचा हुआ है। रविवार देर शाम हथिनीकुंड़ बैराज से यमुना नदी में 80हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जिससे एक बार फिर यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान से एक मीटर ऊपर पहुंच सकता है। पहाड़ों पर भारी बारिश का दौर जारी है, जिसके चलते हथिनीकुंड़ बैराज से यमुना नदी में लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। पिछले दिनों 1.79 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया था, जिससे यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान से दो मीटर ऊपर चला गया था। यमुना में आए पानी के सैलाब से किसानों की खून-पसीने से तैयार फसलें बर्बाद हो गई थी। कई गांवों के ऊपर बाढ़ का खतरा भी मंडराने लगा था, लेकिन इसके बाद हथनीकुंड बैराज से कम मात्रा में पानी छोड़ा जा रहा था। हालांकि यमुना नदी का जलस्तर अभी भी खतरे के निशान से ऊपर पहुंचा हुआ है। रविवार की सुबह पचायरा गेज के अनुसार यमुना नदी का जलस्तर 209.25 मीटर दर्ज हुआ। सिंचाई विभाग के अवर अभियंता अनिल कुमार निमेश ने बताया कि रविवार की शाम चार बजे यमुना नदी में 40 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। सोमवार को फिर 40 हजार कि उसे पानी छोड़ गया है, जिससे यमुना नदी का जलस्तर



बढ़ेगा, हालांकि पानी इतना अधिक नहीं है कि बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो। बताया कि सुरक्षा की कृष्टि से सभी बाढ़ चौकियां अलर्ट मोड़ पर है। यमुना नदी के किनारे बसे टांडा कुरड़ी नांगल बदरखा काकोर कला जागौश शबगा माढी खेड़ी प्रधान आदि गांव में सिंचाई विभाग की टीम दौरे पर है अभी बाढ़ जैसे कहीं भी हालत नजर नहीं आ रहे हैं हालांकि पानी बढ़ा हुआ है किसानों की की जमीन में कटान भी हो रहा है स्थिति का जायजा लिया जा रहा है।


**आवश्यकता है।**
जनता वैदिक कॉलिज, बडौत (बागपत) में इतिहास, राजनीति शास्त्र, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, गणित, पशुपालन एवं दुग्ध विज्ञान, कृषि रसायन, कृषि अर्थशास्त्र विषयों हेतु अंशकालिक प्रवक्ता (टयूटर) की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 31.08.2025 तक अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति कार्यालय अधीक्षक कक्ष में उपलब्ध करा दें।
(डॉ.वीरेन्द्र प्रताप सिंह) प्राचार्य
(वीरेन्द्रपाल सिंह) अध्यक्ष, प्रबन्ध समिति

# कार चालक ने स्कूल वैन में मारी टक्कर

## बच्चों में मची चीख पुकार, लोगों ने बच्चों को वैन से निकाला, शराब के नशे में था कार चालक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सदर बाजार क्षेत्र में बच्चों से भरी स्कूल वैन में नशे धूत कार सवाल ने टक्कर मार दी, जिससे स्कूल वैन में बैठे बच्चे घायल हो गए और चीख पुकार मच गई। घायल बच्चों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सोमवार को थाना सदर बाजार क्षेत्र के जादूगर वाली कोठी चौराहे पर एक बड़ा हादसा हो गया स्कूली बच्चों से भरी स्कूल वैन और कार की भीषण भिड़ंत हो गई। टक्कर लगते ही बच्चों से भरी वैन पलट गई और बच्चों की चीख पुकार मच गई। आसपास के लोग घटनास्थल की तरफ भागे और किसी तरह बच्चों को बाहर निकाला।

स्कूली वैन में 15 बच्चे सवार थे। इनमें 14 बच्चे केंद्रीय विद्यालय सिक्स लाइंस और एक बच्ची केंद्रीय विद्यालय डोगरा लाइंस की थी। हादसे के वक्त इको कार सवार नशे में बताया जा रहा है पुलिस ने कार सवाल को हिरासत में लिया है। वहीं घायल पांच बच्चों को दयानंद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बच्चों की गाड़ी का एक्सीडेंट होने की सूचना पर परिजनों में हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि दोनों वाहन तेज रफ्तार में थे। चौराहा पहले पार करने के चक्कर में यह हादसा हुआ है। केंद्रीय विद्यालय सिख लाइंस की वैन थी। स्कूल की छुट्टी होने के बाद वैन बच्चों को लेकर जा रही थी, तभी कंपनी बाग के पास अचानक स्कूल वैन की एक कार से टक्कर हो गई। टक्कर में स्कूल वैन में बैठे बच्चे घायल हो गए। सूचना पर सीओ कैंट नवीना शुक्ला मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपी इको कार सवार समेत दो लोगों को हिरासत में ले लिया है और पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

## बपारसी से लापता किशोरी का सुराग नहीं, बरामदगी की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** बपारसी गांव से चार दिन पूर्व लापता हुई किशोरी की बरामदगी की मांग को लेकर परिजन सोमवार को थाने पहुंचे। उन्होंने किशोरी की बरामदगी न होने पर रोष जताया और पुलिस से उसे बरामद करने की मांग की। पुलिस ने जल्द बरामद करने का आश्वासन देकर उन्हें शांत किया। बता दें, कि बपारसी निवासी 15 वर्षीय वर्षा पुत्री प्रमोद बीती 20 अगस्त को संदिग्ध परिस्थिति में लापता हो गई थी। तब से आज तक उसका कहीं सुराग नहीं लग पाया। परिजन तब से ही उसे तलाश कर रहे हैं, लेकिन उसका पता नहीं चल पा रहा। परिजनों ने एक युवक पर उसे बहला फुस्लाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने में मुकदमा भी दर्ज कराया है। पुलिस भी मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश में जुटी हुई है। सोमवार को चौथे दिन किशोरी के परिजन थाने पहुंचे उन्होंने पुलिस से जल्द से जल्द किशोरी को बरामद करने की मांग की। पुलिस ने उन्हें बताया कि जांच की जा रही है। जल्द ही किशोरी को बरामद कर लिया जाएगा। घटना से परिवार के लोग परेशान है। वहीं क्षेत्र में घटना को लेकर अलग-अलग चर्चा चल रही है।

# सपा नेता मुखिया गुर्जर गिरफ्तार

- कब्रिस्तान की भूमि पर कब्जा करने का लगा था आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** सम्राट मिहिर गुर्जर की जयंती से एक दिन पूर्व सपा नेता मुखिया गुर्जर को जमीन के एक मामले में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया सपा नेता ने पुलिस पर पक्षपात पूर्ण रवया व तानाशाही करने का आरोप लगाया है।

सीओ सिविल लाइन अभिषेक तिवारी के नेतृत्व में भारी पुलिस फोर्स के साथ सपा नेता मुखिया गुर्जर को परीक्षितगढ़ थाना लेकर पहुंची जहां से कुछ देर बाद सीएचसी पर मेडिकल परीक्षण कराकर वापस मेरठ ले गई। सीओ सिविल लाइन अभिषेक तिवारी ने बताया की मुखिया गुर्जर के खिलाफ परीक्षितगढ़ थाने में किठौर तिराहे पर एक बेसकीमती कब्रिस्तान की जमीन जिसका खसरा नंबर 1468 है पर जबरन मिट्टी डालने कब्जा करने जान से मारने की धमकी देने का आरोप था। नगर निवासी इरशाद पुत्र मुस्ताक ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी इसी मामले में पुलिस ने मुखिया गुर्जर को गिरफ्तार किया है। वहीं सपा नेता मुखिया गुर्जर ने बताया कि मंगलवार को सम्राट मिहिर गुर्जर की जयंती मनाई जानी है इसके लिए उन्होंने प्रशासन से एक रैली निकालने की अनुमति मांगी थी इसके बदले में पुलिस ने उन्हें झूठे केस में फंसा कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। भाजपा सरकार पूरी तरह तानाशाही पर उतर चुकी है तथा फेल हो चुकी है हमें महापुरुषों की जयंती भी मनाने नहीं दे रहे हैं।

# 28 से 31 तक होगा वेद प्रचार सप्ताह आयोजित



थापरनगर आर्य समाज में कार्यक्रम की जानकारी देते सदस्य।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सोमवार को आर्य समाज थापरनगर में एक प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि 28 से 31 अगस्त तक वेद प्रचार सप्ताह आयोजित हो रहा है। आर्य समाज के प्रधान राजेश सेठी ने बताया की प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जन जन तक मानव धर्म ग्रंथ वेद जो की समस्त ज्ञान एव धर्म का मूल है को प्रचारित करने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। वर्तमान समय में हम वेद की संस्कृति से दूर जाकर जीवन में भटकावों का अनुभव कर रहे हैं। इसके कारण समाज में अनेक विकृतियां एवं समस्या उत्पन्न हो रही हैं। वेद ज्ञान को सरल रूप से प्रस्तुत करने के लिए समाज के प्रसिद्ध विद्वान डाक्टर योगेंद्र याज्ञिक, पंडित दिनेश पथिक, स्वामी आर्यवेश, डॉ. आयुषी राणा संस्कृति एवं वैदिक मूल्यों की चर्चा करेंगी। डाक्टर सत्यपाल सिंह पूर्व सांसद, डॉ. राज. कुमार सांगवान सांसद, राजेंद्र अग्रवाल पूर्व सांसद का मार्गदर्शन एवं श्रदेय स्वामी विवेकानंद सरस्वती जी का आशीर्वाद भी प्राप्त होगा। कार्यक्रम मेरठ पब्लिक स्कूल वेस्ट एंड रोड, डीएवी पब्लिक स्कूल शास्त्री नगर में तथा कदम पब्लिक स्कूल भूनी चौराहा करनाल रोड पर प्रातः कालीन कार्यक्रम होंगे। रात्रिकालीन कार्यक्रम एवं समापन कार्यक्रम आर्य समाज थापर नगर में होंगे। जानकारी देने में आचार्य सत्य प्रकाश, अरविंद कुमार, भानु बत्रा प्रीति सेठी, अशोक सुधाकर आदि उपस्थित रहे।

# सिपाही की कबाड़ी से हाथापाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट क्षेत्र का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रही है जिसमें पीआरवी 112 नम्बर पुलिस के सिपाही व होमगार्ड कबाड़ी से वसूली करने पहुंचे। वहीं किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। घटना का वीडियो अधिकारियों के सामने आने पर पुलिस ने पूरे मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के समर गार्डन में कबाड़ी से वसूली करने पहुंचे डायल-112 सिपाही व होमगार्ड को लोगों ने घेरकर धक्का मुक्की की और कबाड़ी व सिपाही में मारपीट हो गई। जानकारी मिलने पर समर गार्डन चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे। जांच के बाद चौकी प्रभारी ने सिपाही व होमगार्ड के खिलाफ रिपोर्ट इंस्पेक्टर को सौंपी है। इंस्पेक्टर ने एसएसपी को पूरे मामले की रिपोर्ट भेजी है और दोनों के खिलाफ कार्रवाई तय मानी जा रही है। समर गार्डन 60 फुटा रोड पर शाहनवाज पुत्र अलीशेर की कबाड़ी की दुकान है। आरोप है कि डायल-112 पर तैनात सिपाही प्रशांत आर्यन व होमगार्ड नवाबुद्दीन उसकी दुकान पर पहुंचे और रुपये मांगे। इंकार किया तो होमगार्ड ने उसकी पिटाई कर दी। इस पर स्वजन व आसपास के लोगों ने सिपाही व होमगार्ड को घेर लिया। होमगार्ड ने भागना चाहा। इस दौरान खींचतान में उसकी शर्ट के बटन टूट गए। सिपाही की सूचना पर समर गार्डन चौकी प्रभारी किशन कुमार मौके पर पहुंचे। लोगों ने आरोप लगाया कि दोनों जबरन वसूली करते हैं। विरोध करने पर मारपीट करते हैं और फर्जी मामले में फंसाने की धमकी देते हैं। शाहनवाज ने बताया कि तीन माह से दोनों उससे जबरन वसूली करते है।

# विपिन मनोठिया पत्नी संग फिर सपा में शामिल

## लखनऊ में अखिलेश का मिला आशीर्वाद, कई दिग्गज रहे मौजूद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सालों तक समाजवादी पार्टी का झंडा उठाने वाले विपिन मनौठिया व उनकी पत्नी के भाजपा मे जाने के बाद जब उनका मन पार्टी मे नहीं लगा तो रविवार को एक बार फिर लखनऊ में विपिन व उनकी पत्नी दीपू मनौठिया ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के द्वारा फिर से सपा का दामन थामा ओर अखिलेश के द्वारा घर वापसी की। इस दौरान उनके साथ सपा नेता मुखिया गुर्जर की अगुआई में सभी ने समाजवादी पार्टी में घर वापसी की है। जिन्हें सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सपा ज्वाइन कराई और आशीर्वाद दिया।बता दें कि विपिन मनोठिया पिछले काफी समय से सपा पार्टी के लिए कार्य करते आ रहे हैं। जबकि, उनकी पत्नी दीपू मनोठिया नगर निगम मेयर का चुनाव सपा के निशान पर लड़ चुकी है। समाजवादी पार्टी ज्वाइन करने वालों में विनीत मनोठिया वाल्मीकि, अमित प्रधान, उमेश पटेल आदि मौजूद रहे।

## नगर निगम बनने के बाद शेखपुरा में नहीं बनी सड़क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** यह तथ्य चौकाने वाला जरूर है लेकिन है हकीकत मेरठ नगर निगम बने लगभग 38 साल हो गये लेकिन वार्ड-15 के शेखपुरा की सड़क नहीं बनी है। वहां पर आज भी कच्ची गलिया हैं। सामाजिक कार्यकर्ता मोहित कश्यप के अनुसार वह साल में 10 बार जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर चुके हैं लेकिन केवल आश्वासन मिलता है आज तक सड़क का निर्माण नहीं किया गया है। सोमवार को भी वह काफी लोगों के साथ जिला मुख्यालय पर पहुंचे और शेखपुरा में सड़क बनाए जाने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन कर नारेबाजी की और उन्होंने ज्ञापन लेने वाले अधिकारी से कहा कि इस बार हमें आश्वासन नहीं सड़क का निर्माण चाहिये।

# जगन्नाथ स्वामी व बिल्वेश्वर नाथ मंदिर में होगा बलदेव छठ का आयोजन

## पुजारी कार्यक्रम में डाल सकते हैं रोड़ा, समिति के सदस्यों ने एडीएम से की मुलाकात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जगन्नाथ स्वामी मंदिर सदर में आगामी बलदेव छठ के आयोजन को लेकर एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। जिसमें समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि परंपरागत आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मंदिर सेवा ट्रस्ट के ट्रस्टी गणेश अग्रवाल ने बताया कि यह आयोजन अनेकों वर्षों से जगन्नाथ स्वामी मंदिर बिल्वेश्वर नाथ मंदिर परिसर में होता आया है और इस वर्ष भी ट्रस्ट और समिति दोनों मिलकर इस आयोजन को सफल बनाएंगे। छप्पन भोग के पर्व पर धर्म प्रेमी जनता भारी तादात में मंदिर परिसर में पहुंचती है और प्रसाद ग्रहण करती है। जगन्नाथ मंदिर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय गोयल और जगन्नाथ स्वामी मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने कहा कि बलदेव छठ के आयोजन की तैयारी में पुजारी विष्णु दत्त शर्मा, गणेश शर्मा और उनके परिवार लगातार विघ्न उत्पन्न कर रहा है और धमकी दे रहा है और चेतावनी दी है कि मंदिर के अंदर कोई कार्यक्रम नहीं करने देंगे। सुरेंद्र सिंधु और दिनेश गुप्ता ने बताया कि भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा से पहले भी पुजारी विष्णु दत्त शर्मा, गणेश दत्त शर्मा, राशी शर्मा, दिनेश गोयल, शिवेंद्र शर्मा और तुषार शर्मा ने जगन्नाथ मंदिर के बाहर ताले लगा दिए थे और इन लोगों ने भगवान को ही मंदिर में बंद करने का अधार्मिक कृत्य किया था। ट्रस्ट और समिति के पदाधिकारी ने आयोजन को सफल बनाने के लिए सोमवार को एडीएम सिटी से भी मुलाकात की गई है।

# मेरठ के सिंगर गायक एवं परफॉर्मर साद राजी का गाना मुंबई में आज होगा रिलीज

- 20 वर्ष की आयु में जनपद का नाम किया रोशन
- साद राजी छह भाषाओं में गाना गाने का रखते हैं हुनर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले साद राजी का गाना वर्कतुण्ड के नाम से मुंबई में रिलीज होगा। सिंगर साद राजी का मुम्बई की म्यूजिक कम्पनी जिसके म्यूजिक प्रोडयूसर Mr Speedy Anuj है और उसी के साथ गाना करार हुआ है। गायक एवं परफॉर्मर साद राजी का गाना मुंबई में फिल्म मेकर एवं डायरेक्टर असलम खान और लेटस गेट लाउडर पर 26 अगस्त को रिलीज होने जा रहा है। जिसके म्यूजिक प्रोड्यूसर स्पीडी अनुज है। साद राजी और प्रोडक्शन हाउस के बीच औपचारिक अनुबंध संपन्न हुआ। साद राजी मात्र 20 वर्ष की आयु में यह उपलब्धि हासिल करने वाले मेरठ के उभरते हुए युवा सिंगर हैं। साद राजी 6 भाषाओं में गाना गाने का हुनर रखते है। देश के अलग-अलग हिस्सों में परफॉर्म कर चुके है। साद राजी प्रयाग संगीत समिति इलाहाबाद से संगीत में स्नातक ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रहे हैं, जिसकी अवधि छह वर्ष की है। बीते पांच वर्षों से साद लगातार संगीत का अभ्यास कर रहे हैं और कम उम्र, अनुभव और सीमित समय में उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। साद राजी ने कहा कि यह तो बस शुरुआत है, अभी बहुत ऊंचे मुकाम हासिल करने हैं। अब तक साद राजी के तीन गाने आधिकारिक रूप से यूट्यूब चैनल साद राजी टीवी पर रिलीज हो चुके हैं। इनमें से प्रमुख गाने हमराज और काश हो ऐसा रहे हैं, जिन्हें श्रोताओं से सराहना मिली है। इस उपलब्धि का श्रेय साद अपने परिवार को देते हैं। साद राजी जाने माने रेडियोलॉजिस्ट डॉ. मुहम्मद कासिम के पोते है।

# पुलिस पर हमला करने वाले नौ गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** इंचौली थाना क्षेत्र में पुलिस पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। यह घटना थाना क्षेत्र के फिटकरी गांव में दो पक्षों के बीच हुए विवाद के दौरान हुई। पुलिस के मुताबिक, डायल 112 पुलिस को गांव में झगड़े और मारपीट की सूचना मिली थी। जब पुलिस बल मौके पर पहुंचा, तो उन्होंने दोनों पक्षों को शांत करने की कोशिश की।

इसी दौरान, आरोपी और कुछ अज्ञात लोगों ने पुलिस पर ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। पुलिस टीम ने बताया कि हमलावरों ने जान से मारने की नियत से फायरिंग भी की। अतिरिक्त पुलिस बल के आने के बाद, हमलावर गाली गलौज करते हुए मौके से फरार हो गए इस घटना के बाद, इंचौली थाने में दो अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए गए। पुलिस ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ के आदेश और अन्य अधिकारियों के मार्गदर्शन में एक टीम का गठन किया। इस टीम ने 24 घंटे के अंदर ही दोनों पार्टियों के 9 आरोपियों को उनके घरों से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान रविंद्र कुमार, विनीत, राजेंद्र, कपिल, हिमांशु, प्रभांशु, शिवांश, सूर्या और अमन के रूप में हुई है। इंचौली थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि ये सभी फिटकरी गांव के रहने वाले हैं पुलिस ने सभी गिरफ्तार आरोपियों को कोर्ट में पेश किया है इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# ज्वैलर्स से लाखों की ठगी, रिपोर्ट दर्ज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना देहली गेट क्षेत्र में ठगी का मामला सामने आया है जहां ज्वैलर्स के साथ धोखाधड़ी कर 4 लाख 60 हजार रुपए ठग लिए। शहर के सर्राफा बाजार में स्वस्तिक ज्वेलर्स के मालिक गोविंद बिसानी से ठगों ने 4 लाख 60 हजार रुपए की ठगी कर ली है। घटना 24 अगस्त की बताई जा रही है। एक व्यक्ति ने खुद को महाराष्ट्र का रहने वाला संतोष कश्यप बताकर 19 अगस्त से गोविंद से फोन पर संपर्क करना शुरू किया। लगातार बातचीत कर उनका विश्वास जीत लिया। आरोपी ने गोविंद को दीपांजलि लॉज बुलाया।

वहां उसने 452 ग्राम सोना दिखाया और सौदा तय कर लिया। आरोपी ने एक पैकेट दिया और बदले में नकद रुपए ले लिए। जब व्यापारी ने पैकेट खोला तो उसमें पीतल और नकली धातु के गहने निकले। देहली गेट पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक यह गैंग दूसरे राज्यों से आकर वारदात को अंजाम देता है। पुलिस आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है और व्यापारियों को अनजान आदमी से चौकन्ना रहने की बात कही है पहले भी मेरठ सर्राफा बाजार में ठगी के मामले सामने आ चुके हैं जिसमें बाहर से आए गैंग ने ठगी की और व्यापारियों को झासे में लेकर सोना लेकर फरार हो गए।

## पिरामल फाइनेंस ने जियो हॉटस्टार और सन नेक्स्ट ओटीटी पर परख किया लॉन्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पिरामल फाइनेंस की पेशकश 'परख' वित्तीय चुनौतियों से जूझने वाले ग्राहकों के वास्तविक जीवन की सच्ची और प्रमाणिक कहानियां प्रस्तुत करता है, जो वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और संपूर्ण भारत में छोटे व्यवसायों और लोगों को सशक्त बनाने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह पहल वित्तीय जागरूकता को और भी ज्यादा सुलभ बनाने के पिरामल फाइनेंस के मिशन को पुष्ट बनाती है। चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर सुनीत मदान ने कहा परख के साथ हम कागजी कार्रवाई के आगे जाकर अपने ग्राहकों की उम्मीदों और आकांक्षाओं को सही मायने में समझने की दिशा में बढ़ते हैं।

# कोचिंग से लौट रही नाबालिग के साथ छेड़छाड़

## ग्रामीणों की भीड़ ने दो युवकों को पकड़कर पुलिस को सौंपा

- एक महीने में छात्राओं के साथ यह दूसरी घटना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** सोमवार को कस्बे में चिंदौड़ी मार्ग पर कोचिंग से घर लौट रही दो नाबालिग बहनों से दो युवकों ने छेड़छाड़ कर दी। जिसके बाद ग्रामीणों ने दोनों युवकों को पकड़कर जमकर धुनाई की और पुलिस को दे दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार चिंदौड़ी गांव निवासी दो नाबालिग बहने कस्बे के एक कोचिंग सेंटर से सोमवार की शाम को साइकिल से वापिस अपने घर जा रही थी तभी पुरानी पानी की टंकी के पास से दो स्कूटी सवार युवक उनके पीछे चल दिए चिंदौड़ी मार्ग पर निर्माणाधीन गौशाला के पास पहुंचते ही युवकों ने दोनों बच्चियों को रोक लिया और एक का हाथ पकड़कर उसका नाम पूछा और फिर मोबाइल नंबर पूछते हुए उनके साथ छेड़छाड़ की तभी राहगीरों ने छेड़छाड़ कर रहे दोनों युवकों को पकड़ लिए देखते ही देखते काफी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। सूचना मिलने पर चिंदौड़ी गांव से परिजनों सहित काफी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए और दोनों युवकों की जमकर धुनाई की।

सूचना पर लावड़ चौकी प्रभारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों युवकों को चौकी ले आए। बताया जाता है कि आरोपी युवकों के परिजन मौके से स्कूटी लेकर चले गए। वहीं पीड़ित बच्चियों के पिता ने उस्मान पुत्र यासिर अराफात व समीर पुत्र अब्दुल वहाब निवासी सलीम नगर कालोनी शराब के ठेके के सामने कस्बा लावड़ के खिलाफ नामजद तहरीर देते हुए कड़ी कार्यवाही की मांग की। वहीं सूचना पर इंचौली थाना प्रभारी जितेंद्र त्रिपाठी भी चौकी पहुंच गए और दोनों युवकों से पूछताछ की। आपको बता दें कि इन दोनों नाबालिग बच्चियों के साथ एक महीने में छेड़छाड़ को यह दूसरी घटना है लगभग एक महीने पहले इनके साथ तीन अन्य युवकों ने छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया था। जिसमें कुछ सामाजिक लोगों द्वारा समझौता करा दिया था। अब एक महीने बाद फिर से छेड़छाड़ की गई है ग्रामीणों ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी ने बताया कि छेड़छाड़ कर रहे दोनों युवकों के खिलाफ तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

# गैंगवार में हुई फायरिंग मामले में एक गिरफ्तार

## पुलिस पांच बदमाशों को भेज चुकी है जेल, थानाध्यक्ष पर गिर चुकी है निलंबन की गाज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** एसपी देहात डॉ. राकेश कुमार मिश्रा ने सोमवार को बहसूमा थाने में गोलू एवं कालू गैंग के बीच गैंगवार में थाने पहुंचे वह थाने पर करीब 3 घंटे रहे। उन्होनें बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम व पुलिस की 10 टीमो ने इनामी बदमाशों की तलाश में व गैंग से जुड़े बदमाशों की गिरफ्तारी में लगी है। पुलिस ने नामजद बदमाशो की गिरफ्तारी के लिए ताबड़तोड़ दबिश देकर 10-12 संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ करना शुरू कर दिया है। एसपी देहात ने बताया कि सोमवार को प्रकाश में आये कालू रामनगर गैंग के निखिल निवासी अकबरपुर इच्छाबाद थाना हस्तिनापुर को गिरफ्तार कर लिया गया है। बताते चलें कि 19 अगस्त को गोलू व कालू गैंग के पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद गोलू गैंग के रजनीश उर्फ छोटू, ऋषभ, विनित निवासी जधेड़ी, अमन निवासी पाल्ली व कालू रामनगर गैंग के विकल धामा, पोलार्ड उर्फ अभिषेक, मिथुन व दीपांशु बदमाशों के खिलाफ जानलेवा हमले आदि की संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। कालू रामनगर गैंग के प्रकाश में आये अतुल भाटी झुनझुनी, नामजद अभिषेक उर्फ पोलार्ड, मिथुन उर्फ मयंक निवासी अटोरा, दीपांशु निवासी किला पुट्ठी ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। कालू गैंग के ही विनीत जन्धेड़ी को भी जेल भेज दिया है। पुलिस अन्य पांच बदमाशों को भी जेल भेज चुकी है। अदालत में सिलेंडर के बाद पुलिस की हुई किरकिरी पर एसएसपी ने थाना प्रभारी भूपेंद्र कुमार को भी निलंबित कर दिया था। एसपी देहात डाक्टर राकेश कुमार मिश्रा स्वमं पूरे मामले को हैंडल कर रहे हैं। अभी तक दोनों गैंग के 13 बदमाशों को गिरफ्तार किया जा चुका है। कहा कि गैंग से जुड़े सभी बदमाशों की तह तक पहुंच रहे हैं। जल्द ही गिरफ्तारी होगी।

खेल विशेष

## शाकिब टी-20 में 500 विकेट और सात हजार रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी

**नॉर्थ साउंड, वार्ता।** शाकिब अल हसन टी-20 में 500 से ज्यादा विकेट और 7000 से अधिक रन बनाने वाले टी-20 में दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए। शाकिब ने यह उपलब्धि पेट्रियट्स बनाम फफ़ाल्कंस के सीपीएल 2025 मुकाबले के दौरान हासिल की। शाकिब को पारी के 15वें ओवर में पहली बार आक्रमण पर लगाया गया और उन्होंने इसी ओवर में मोहम्मद रिजवान को कैच कराकर टी-20 इतिहास में 500 विकेट लेने वाले पांचवें गें. दबाज बन गए। शाकिब ने अगले ओवर में दो और विकेट लेते हुए अपने आंकड़े को 502 तक पहुंचा दिया। शाकीब ने इस मैच में दो ओवर में 11 रन देकर तीन विकेट लिए। इस उपलब्धि के साथ शाकिब टी-20 क्रिकेट में 500 या उससे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज़ों के विशिष्ट क्लब में शामिल हो गए हैं।

## राष्ट्रीय खेल दिवस आंदोलन के रूप में मनाया जायेगा: मनसुख मांडविया

**नई दिल्ली, वार्ता।** केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 को देश भर में खेल और फिटनेस के तीन दिवसीय जन आंदोलन के रूप में मनाया जायेगा। डॉ. मांडविया ने पिछले सप्ताह इस वर्ष के राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 को एक सच्चे जन आंदोलन में बदलने के आ]वान पर अमल करते हुए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी, चंडीगढ़ और दिल्ली ने अपने संबंधित विभागों को तैयारियां शुरू करने के निर्देश जारी कर दिए।

## असम और पश्चिम बंगाल की टीमें सुब्रतो कप के फाइनल में भिड़ेंगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** असम और पश्चिम बंगाल की अंडर-17 जूनियर लड़कियों की टीमें बुधवार को 64वें सुब्रतो कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में खिताब के लिए भिड़ेंगी। यहां पिंटो पार्क फुटबॉल मैदान में असम और पश्चिम बंगाल ने अपने-अपने सेमीमफाइनल मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन कर जीत दर्ज करते हुए फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। असम बनाम केरल के पहले सेमीफाइनल में असम के बेतकुची हाई स्कूल ने अपार ऊर्जा और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल, केरल को 4-1 से हराया। असम की निलिना ब्रह्मा ने 9वें मिनट में पहला गोल किया। असम की स्टार मारी मिच ने (25वें, 35वें, 48वें मिनट) गोल किया।

# शार्वरी ने तीरंदाजी में जीता सोना

तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप

**● शार्वरी शेंडे ने अंडर-18 रिकर्व स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर भारत का अभियान समाप्त किया**




**कनाडा, वार्ता।** शार्वरी शेंडे ने अंडर-18 महिला रिकर्व स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर विश्व तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप 2025 में भारत का अभियान समाप्त किया। शेंडे ने रविवार को खेले गए फाइनल में कोरिया गणराज्य की तीसरी वरीयता प्राप्त किम येवोन को हराया। उन्होंने 5-5 से बराबरी पर छूटे मैच के बाद शूट-ऑफ में अपना संयम बनाए रखते हुए 10-9 से जीत हासिल की। सेमीफाइनल में उन्होंने पहले ही दक्षिण कोरिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त किम मिनजियोंग को 7-3 से हरा दिया था। इससे पहले 16 वर्षीय तीरंदाज दीपिका कुमारी ने (2011) और कोमलिका बारी ने (2021) में इस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। शेंडे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उच्च रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वियों को चौंकाया।

इस जीत के साथ ही वह महिला अंडर-18 रिकर्व वर्ग में केवल तीसरी भारतीय विश्व चैंपियन बनीं। 16 वर्षीय भारतीय तीरंदाज ने फाइनल जीतने के बाद कहा कि क्या मैं सचमुच विश्व चैंपियन हूं। हे भगवान, यह अद्भुत था। मैं बस यही सोच रही थी कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करुंगी। एक तीर ही तय करेगा कि मैं विश्व चैंपियन बनूंगी या नहीं।

मेरे कोच मुझसे कह रहे थे कि आत्मविश्वास रखो, खुद पर विश्वास रखो, तुम चैंपियन बनोगे। इसी सप्ताह की शुरुआत में शेंडे ने अंडर-18 महिला रिकर्व तीरंदाजी टीम स्पर्धा में भारत को कांस्य पदक दिलाने में भी मदद की। अंतिम दिन गाथा खडके और अगस्तय सिंह ने अंडर-18 मिश्रित रिकर्व वर्ग में चीनी ताइपे को हराकर एक और कांस्य पदक जीता। इन दो पदकों के साथ विश्व तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप 2025 में भारत के कुल पदकों की संख्या आठ हो गई है। भारत ने इस प्रतियोगिता में चार स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य जीते हैं।




मुरली श्रीशंकर




रोहित यादव

## गोआला-रावत ने जीता कैमरून इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष युगल खिताब

**याउंडे, वार्ता।** भारत के सूरज गोआला और ध्रुव रावत की जोड़ी ने कैमरून इंटरनेशनल 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए जापान के अकीरा हनाडा और शुन सैतो को हराकर पुरुष युगल का खिताब अपने नाम किया। रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने ड्रॉ में अपना दबदबा बनाए रखा और साथ में अपना पहला बीडब्ल्यूएफ इंटरनेशनल सीरीज खिताब जीतने के दौरान एक भी गेम नहीं गंवाया। फाइनल में गोआला और रावत ने जापान के अकीरा हनाडा और शुन सैतो को 34 मिनट चले मुकाबले में 21-13, 21-14 से हराया। इससे पहले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने पहले राउंड में आसानी से जीत हासिल की। उन्होंने कैमरून के मिशेल हेनरी असेंबे और फेलिक्स मिशेल केमेने अटांगाना की जोड़ी पर 21-12, 21-6 से जीत के साथ शुरुआत की और फिर क्वार्टर फाइनल में यूएई के देव अय्यप्पन और धीरेन अय्यप्पन को 21-15, 21-10 से हराया। इसके बाद सेमीफाइनल में उन्होंने हमवतन हरि भारती भास्करन पी और भारतसंजय एस की जोड़ी को 21-14, 21-15 से हराया। अनमोल खरब महिला एकल में उपविजेता रहीं, फाइनल में इंडोनेशिया की थलिता रामाधनी विर्यावान से 21-11, 21-19 से हार गईं।

● अंतर-राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2025

# मुरली ने लंबी कूद व रोहित ने भाला फेंक का खिताब जीता

**● रोहित यादव ने 83.65 मी. के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, मुरली श्रीशंकर ने 8.06 मी. की छलांग लगाकर खिताब जीता**

**चेन्नई, वार्ता।** मुरली श्रीशंकर ने अंतर-राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में लंबी कूद तथा रोहित यादव ने 83.65 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा का खिताब अपने नाम किया। मुरली श्रीशंकर ने रविवार को 8.06 मीटर की छलांग लगाकर लंबी कूद का खिताब जीता। उन्होंने इस सीजन में अपनी सभी स्पर्धाओं में जीत हासिल की। हालांकि वह अगले महीने टोक्यो में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए पुरुषों की लंबी कूद के 8.27 मीटर के क्वालीफाइंग मार्क से चूक गए। एस लोकेश (7.71 मीटर) और स्वामीनाथन आर (7.70 मीटर) ने क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीते। 8.41 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड रखने वाले श्रीशंकर ने अपने करियर में पांच बार 8-27 मीटर की छलांग लगाई है। टोक्यो 25 के लिए अधिकांश क्वालीफिकेशन लवडो चूकने के बाद, श्रीशंकर के लिए रैंकिंग के माध्यम से आगामी वैश्विक प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करना मुश्किल हो सकता है। योग्य एथलीटों की अंतिम सूची 27 अगस्त को घोषित की जाएगी। वहीं पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में, रोहित यादव ने 83-65 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। सचिन यादव (83.20 मीटर) दूसरे और शिवम लोहाकारे (80.20 मीटर) के साथ तीसरे स्थान पर रहे। रोड टू टोक्यो 25 में 57वें स्थान पर रहे रोहित को विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने के लिए 85-50 मीटर के प्रवेश मानक को पार करना था। गत विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा के टोक्यो में जगह पक्की होने के साथ, भारत से टोक्यो में कम से कम तीन थ्रोअर उतारने की उम्मीद है। सचिन यादव (22वें) और यश वीर सिंह (30वें) वर्तमान में कट-ऑफ रैंकिंग में हैं। यश वीर सिंह ने अंतर-राज्यीय चैंपियनशिप में 76.22 मीटर की दूरी तय करके चौथा स्थान हासिल किया।

## संन्यास ले चुकी वैन नीकेर्क की द. अफ्रीकी टीम में हुई वापसी

**केपटाउन, वार्ता।** संन्यास ले चुकी दिग्गज व पूर्व कप्तान डेन वैन नीकेर्क की आगामी एकदिवसीय महिला विश्वकप से पहले द. अफ्रीका की 20 सदस्यीय टीम में वापसी हुई हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास 2023 में संन्यास ले चुकी डेन वैन नीकेर्क ने सोमवार को अपने फैसले पर यू टर्न लेते हुए अपने सोशल मीडिया अकांउट पर एक बयान में लिखा कि मुझे यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि मैंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के फैसला को वापस ले लिया है। इस समय ने मुझे याद दिलाया है कि मैंने अपने देश का प्रतिनिधित्व करना कितना मिस किया है और मैं एक बार फिर उस अवसर को पाने के लिए अपना सबकुछ देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं।

# राजगीर में हमारी टीम सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी: हरमनप्रीत सिंह




**● राजगीर एक साल के भीतर ही अपने दूसरे अंतराष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है**

**राजगीर, वार्ता।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने सोमवार को कहा कि भारतीय टीम किसी भी टीम को हल्के में नहीं ले रही है,

टीम टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। यहां एशिया कप 2025 के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम के बिहार के राजगीर पहुंचने पर हरमनप्रीत ने कहा कि हमने बिहार में पहले कभी नहीं खेला है और यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि राजगीर एक साल के भीतर ही अपने दूसरे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है। यह खेल को समर्थन देने की सरकार की मंशा को दर्शाता है और हम पूरे टूर्नामेंट के दौरान यहां हॉकी प्रशंसकों के प्यार और समर्थन की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने जकार्ता में आयोजित पिछले संस्करण में कांस्य पदक जीता था, जहां 15 नए खिलाड़ियों वाली एक युवा टीम ने पोडियम पर स्थान हासिल करके अपने अभियान में जज्बा दिखाया था। हालांकि, इस बार विश्व कप क्वालीफिकेशन दांव पर होने के कारण हमारी सर्वश्रेष्ठ टीम यहां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करेगी। इस बीच भारतीय टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने बिहार में पहली बार खेलने पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि हम इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए बिहार आकर बहुत खुश हैं। यह बहुत अच्छी बात है कि यहां अंतर्राष्ट्रीय हॉकी की मेजबानी हो रही है और हम अपने खेल से इस क्षेत्र के लोगों को प्रेरित करना चाहते हैं इस टूर्नामेंट के लिए टीम की तैयारी ठोस रही है। हमारा दृष्टिकोण पेरिस ओलंपिक जैसा ही होगा। भारत को पूल ए में जापान, चीन और कज़ाकिस्तान के साथ रखा गया है, जबकि पूल बी में मलेशिया, कोरिया, बांग्लादेश व चीनी ताइपे शामिल हैं।

# चानू व धर्मज्योति ने जीते स्वर्ण पदक




**अहमदाबाद, वार्ता।** पूर्व विश्व चैंपियन मीराबाई चानू ने महिला वर्ग और धर्मज्योति देवघरिया ने पुरुष वर्ग में सोमवार को राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक जीते।

यहां प्रतिस्पर्धा करते हुए मीराबाई चानू ने 193 किग्रा (84 किग्रा स्नैच प्लस 109 किग्रा क्लीन एंड जर्क) भार उठाकर पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया। इस

**● मीराबाई चानू को इस स्वर्ण पदक ने ग्लासगो 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए सीधे क्वालीफाई करने का मौका दिया**

स्वर्ण पदक ने उन्हें ग्लासगो 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए सीधे क्वालीफाई करने का भी मौका दिया। महिलाओं के 48 किग्रा वर्ग में भाग लेते हुए मीराबाई ने स्नैच में अपने दूसरे प्रयास में 84 किग्रा भार उठाया, जबकि इसी भार वर्ग में उनका पहला प्रयास असफल रहा था। इसके बाद उन्होंने अपने तीसरे प्रयास में 87 किग्रा भार उठाने का प्रयास किया, लेकिन कोई वैध भार नहीं उठा सकीं। क्लीन एंड जर्क में चानू ने 105 किग्रा भार उठाकर शुरुआत की उसके बाद अपने दूसरे प्रयास में 109 किग्रा भार उठाया और अपने अंतिम प्रयास में 113 किग्रा भार उठाने का प्रयास किया, जिसे वह पूरा नहीं कर सकीं।

भारत की सौम्या सुनील दलवी ने 177 किग्रा (76 किग्रा प्लस 101 किग्रा) भार उठाकर रजत पदक जीता, जबकि नाइजीरिया की रूथ असौक्वो न्योंग ने कुल 167 किग्रा (72 किग्रा प्लस 95 किग्रा) भार उठाकर कांस्य पदक अपने नाम किया। अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ के संशोधित भार वर्गों के तहत अपने पसंदीदा 49 किग्रा वर्ग को बंद कर दिए जाने के बाद चानू अब 48 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्ध कर रही हैं। वहीं पुरुषों के 56 किग्रा युवा वर्ग में, भारत के धर्मज्योति देवघरिया ने 224 किग्रा (97 किग्रा स्नैच प्लस 127 किग्रा क्लीन एंड जर्क) भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता। उनके कुल और सी एंड जे भारोत्तोलन भी युवा राष्ट्रमंडल रिकॉर्ड थे।

# फातिमा सना की अगुवाई वाली पाक टीम में अनकैप्ड ऐमन फातिमा




**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान ने 30 सितंबर से शुरु होने वाले महिला एकदिवसीय विश्व कप के लिए फातिमा सना की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम में 20 वर्षीय युवा बल्लेबाज ऐमन फ़ातिमा को शामिल किया

**● आगामी विश्व कप की तैयारी के तहत पाक की यही टीम 16 सितम्बर से द.अफ्रीका के खिलाफ घरेलू वनडे मैच खेलेगी**

है। आगामी विश्वकप की तैयारी के तहत यही टीम 16 सितंबर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन घरेलू एकदिवसीय मैच भी खेलेगी। यह पहली बार होगा जब सना किसी एकदिवसीय विश्व कप में अपनी टीम की कप्तानी करेंगी।

उन्होंने इस साल की शुरुआत में लाहौर में हुए विश्व कप क्वालिफायर में भी पाकिस्तान की कप्तानी की थी। ऐमन फातिमा ने इस महीने की शुरुआत में डबलिन में आयरलैंड के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में पदार्पण किया था, लेकिन उन्हें तीन मैचों में केवल दो बार बल्लेबाजी का अवसर मिला था और उन्होंने 23 और 4 रन बनाए थे। 15 सदस्यीय मुख्य टीम और पांच रिजर्व खिलाड़ी दक्षिण अफ्रीका सीरीज से पहले 29 अगस्त से शुरु होने वाले 14 दिनों के शिविर में हिस्सा लेंगे। दक्षिण अफ्रीका की टीम 12 सितंबर को लाहौर पहुंचेगी। पाकिस्तान अपने विश्वकप अभियान की शुरुआत दो अक्तूबर को बंगलादेश के खिलाफ करेगा और उसके बाद पांच अक्तूबर को भारत से भिड़ेगा। पाकिस्तान अपने सभी सात लीग मैच कोलंबो में खेलेगा और अगर वह नॉकआउट में पहुंचता है तो सेमीफाइनल भी कोलंबो में ही खेलेगा। दूसरा सेमीफाइनल नवी मुंबई में होगा। फाइनल दो नवंबर को कोलंबो या नवी मुंबई में होगा, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि पाक नॉकआउट में पहुंचता है या नहीं।

# बोन्जी ने मेदवेदेव को हराकर किया उलटफेर

यूएस ओपन

**● फ्रांस की खिलाड़ी बोन्जी ने 5 सेटों तक चले मैच में रूसी दिग्गज मेदवेदेव को हराकर सभी को चौंका दिया**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** फ्रांस के बेंजामिन बोन्जी ने यूएस ओपन में उलटफेर करते हुए 2021 के चैंपियन डेनियल मेदवेदेव को हराकर अगले दौर में जगह बना ली है।

रविवार देर रात खेले गए मुकाबले में फ्रांसीसी खिलाड़ी बोन्जी ने पांच सेटों तक चले मैच में रूसी दिग्गज मेदवेदेव को 6-3, 7-5, 6-7(5), 0-6, 6-4 से हराकर सभी को चौंका दिया। फ्रांसीसी खिलाड़ी बोन्जी ने कुछ हफ्ते पहले विंबलडन में भी मेदवेदेव को हराया था। उन्होंने एक बार फिर रूसी खिलाड़ी को पहले ही दौर में हराकर ग्रैंड स्लैम से बाहर कर दिया। बोन्जी ने पांच सेटों की मैराथन जीत के बाद सांस फूलने की हालत में स्वीकार करते हुए कहा कि मैंने ऐसा पहले कभी अनुभव नहीं किया था। यह परिदृश्य अद्भुत था तीसरे सेट में मैच पॉइंट, चौथे सेट में थकावट, फिर पांचवें सेट में पूरी ताकत। मेरे लिए, यह मेरी अब तक की सबसे अच्छी जीत है।

## आइवा को हराकर पाओलिनी दूसरे दौर में

**न्यूयॉक, वार्ता।** सातवीं वरीयता प्राप्त इटली की जैस्मीन पाओ. लिनी ने ऑस्ट्रेलियाई क्वालीफायर डेस्टेनी आइवा को सीधे सेटों में हराकर यूएस ओपन के दूसरे दौर में जगह बना ली हैं। लुई आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में रविवार देर रात खेले गए मुकाबले में पिछले हफ्ते सिनसिनाटी ओपन में उपविजेता रहीं पाओलिनी ने डेस्टेनी आइवा पर एक घंटे 28 मिनट में 6-2, 7-6(4) से जीत हासिल की। पाओलिनी ने शुरुआत में ही घबराहट दिखाई और 168वीं रैंकिंग वाली आइवा के खिलाफ अपना पहला सर्विस गेम गंवा दिया। 25 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने दबाव में अपने मजबूत फ़ोरहैंड और आत्मविश्वास से भरे ऐस के साथ कुछ समय के लिए आशाजनक प्रदर्शन किया, लेकिन बेसलाइन पर उनके प्रदर्शन में निरंतरता की कमी ने पाओलिनी को तुरंत वापसी करने का मौका दिया।



# सम्पादकीय

मंगलवार, 26 अगस्त 2025

## अमेरिका को दो-टूक

लगता है कि अमेरिका से व्यापार को लेकर भारत का धैर्य भी टूटता जा रहा है। भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रूस के शहर मॉस्को से सीधे यह कहकर अमेरिका को चुनौती दे डाली है कि वह किसी के दबाव में आकर किसी के साथ भी व्यापार नहीं करेंगे और अपने स्वतंत्र निर्णय लेने की स्थिति को किसी भी हालत में नहीं छोड़ेंगे। भारतीय विदेश मंत्री ने यह बात उस समय कही जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने अपने विश्वसनीय सहयोगी सर्जियो को भारत में अमेरिका का राजदूत और दक्षिण व मध्य एशिया मामलों के लिए विशेष दूत में नामित किया है।

समझना मुश्किल है कि आखिर अमेरिकी राष्ट्रपति व्यापार को लेकर किस तरह की नीति पर चल रहे हैं। वह व्यापार को भी धमकियों के सहारे चलाना चाहते हैं। वह खुलकर दूसरे देशों के मामले में सीधे हस्तक्षेप कर रहे हैं कि वह किससे व्यापार करें और किससे नहीं। भारत के मामले में तो वह ज्यादा ही मुखर होकर बयानबाजी कर रहे हैं और सीधे भारत को चेता.वन दे रहे हैं कि अगर उसने रूस से तेल खरीदना जारी रखा, तो वह उसको सहन नहीं करेगा। अपनी इस धमकियों को अमल.ीजामा पहनाते हुए उन्होंने भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ भी लगा दिया है। हालांकि पर्दे के पीछे अभी भी बातचीत चल रही है, लेकिन भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने जिस अंदाज में अपनी बात को रखा है, उससे भी यही लगता है कि व्यापार को लेकर अमेरिका के साथ कोई सहमति बनती दिखाई नहीं दे रही है। अब तो भारत ने अमेरिका से डाक सेवा भी निलंबित कर दी है। हालांकि कई पश्चिमी देशों ने यह कदम उठाया है लेकिन भारत द्वारा उठाए गए कदम का अपना एक अलग महत्व है। असल में डोनाल्ड ट्रम्प अपनी ही धनक में किसी की सुनने के लिए तैयार नहीं हैं। भारत एक रणनीतिकार देश अमेरिका के लिए रहा है। ट्रम्प उस महत्व को ही कम करते दिखाई दे रहे हैं और पाकिस्तान को बढ़ावा देते दिखाई दे रहे हैं।

ट्रम्प का यह कहना भी हास्यास्पद है कि भारत रूस से जो व्यापार करता है विशेषकर तेल का, उससे वह भारी पैसे कमाता है। साथ ही रूस को भी आर्थिक रूप से मजबूत करता है। इस पर हमारे विदेश मंत्री ने साफ कह दिया है कि भारत किसी भी देश को इस बात के लिए मजबूर नहीं करता है कि वह भारत से तेल खरीदें, किसे खरीदना है किसे नहीं यह उनकी अपनी मर्जी। अमेरिका को समझना होगा कि रूस भारत का बेहद पुराना और परखा हुआ मित्र देश है। वह उसको एक झटके में नहीं छोड़ते। छोड़ना भी नहीं चाहिए। यह देखकर तो और भी नहीं, जिस तरह अमेरिका के राष्ट्रपति भारत के साथ मौजूदा व्यवहार कर रहे हैं, उससे उनकी विश्वसनीयता ही कम होती है आखिर सभी को अच्छी तरह मालूम है कि कोई भी संबंध भरोसे पर टिके होते हैं। अगर भरोसा ही दरक जाए, तो फिर संबंधों को पटरी पर लाना मुश्किल होता है। जहां तक बात रूस-यूक्रेन संघर्ष की है, तो इसके लिए भारत किसी भी रूप से जिम्मेदार नहीं है। बल्कि अगर निष्पक्षता के साथ कहा जाए तो यूरोप देश ही उसके लिए अधिक जिम्मेदार है और यूं भी आज की दुनिया में सभी को अपने हितों के अनुरूप आगे बढ़ने की स्वतंत्रता है।

### जेल वाली सरकार को याद कर रहे हैं लोग



आज दिल्ली वाले उनकी जेल वाली सरकार को याद कर रहे हैं, क्योंकि पिछले सात महीनों में भाजपा ने दिल्ली का बुरा हाल कर दिया है, राजनीतिक षड्यंत्र के तहत झूठे केस में फंसाकर जब केंद्र ने मुझे जेल भेजा, तो मैंने जेल से 160 दिन सरकार चलाई, कम से कम जेल वाली सरकार के वक्त बिजली नहीं जाती थी, पानी आता था, अस्पतालों और मोहल्ला क्लिनिक में फ्री दवाईयां मिलती थीं, फ्री टेस्ट होते थे, एक बारिश में दिल्ली का इतना बुरा हाल नहीं होता था, प्राइवेट स्कूलों को मनमानी और गुंडागर्दी करने की इजाजत नहीं थी, अगर किसी पर झूठा केस लगाकर उसे जेल में डाला जाए और बाद में वो दोषमुक्त हो जाए, तो उस पर झूठा केस लगाने वाले मंत्री को कितने साल की जेल होनी चाहिए।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व मुख्यमंत्री, दिल्ली**

## नदियों और पहाड़ों ने अपना हिस्सा लेना शुरू कर दिया है



**पवन सिंह**

हिमालय ने अपने हिसाब-किताब की फाइल खोल दी है। उसने अपना हिस्सा वापस लेना शुरू कर दिया है और दुनिया में अब तक ऐसी कोई भी वैज्ञानिक व आध्यात्मिक ताकत नहीं है, जो इसे रोक ले। हिमालय को पर्यटन और स्प्रीचुवल टूरिज्म के नाम पर रौंदने की कीमत आप सब को चुकानी होगी। इसके लिए खुद को तैयार कर लीजिए। याद रखिए नेचर यानी कि नदियों और पहाड़ों ने भी अपने नाम की रजिस्ट्री करा रखी है और उसका खसरा-खतौनी नेचर की तहसील में सुरक्षित है। अब इसी नेचर की तहसील ने अपनी जमीन का ब्यौरा निकाल लिया है।

किसी भी मानव की कल्पनाओं व धंधे के उद्देश्य से जनित। कपोल-कल्पित पात्रों चरित्रों किस्सों कहानियों में यह ताकत नहीं है, जो इसे रोक लें। अब आप को वह सारी जगह खाली करनी होगी और तथाकथित विकास का पागलपन रोकना होगा। यदि ऐसा नहीं किया तो नेचर आपको, आपके विकास सहित, हजारों फीट नीचे दफन कर देगी। कटते जंगलों ने मैदानी इलाकों का भी चेहरा बदलना शुरू कर दिया है। परिणामस्वरूप वर्षा चक्र गहरे प्रभावित हुआ है। इसकी कीमत बहुत बड़ी होगी। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जब पड़ोसी चीन अपने सबसे विस्तृत रेगिस्तान गोबा को हरित कर रहा है और पेड़ों को काटने की बजाए उन्हें प्रत्यारोपित कर रहा है, वहीं सत्ता-उद्योगपतियों-अफसरों और लकड़ी माफियाओं की चौकड़ी ने भयावह कटान व प्राकृतिक संसाधनों की लूट मचा रखी है। कोई सुनने वाला नहीं है। चारों ओर प्राकृतिक संसाधनों की डरावनी और वहशी लूट मची हुई है। लोगों को धर्म के नाम पर पागल करके प्राकृतिक नेअमतों की ऐसी अमंगलकारी लूट भारतीय इतिहास में पहले कभी नहीं हुई।

खैर, नदियां भी अपना रास्ता बनाना जानती हैं और ये संवेदनशील धरती, जिसे आपने अपने तथाकथित लालच के लिए लगभग तबाह कर डाला, अब उसकी बारी है। इसलिए वह सब देखने व सहने के लिए तैयार रहिए, जिसकी आपने कभी कल्पना नहीं की थी। आपका कोई भी कुल देवता, कोई पीर, कोई मूसा, कोई बाबा-बूबी, कोई महाराज, कोई सद्गुरु अब नहीं बचा पाएगा। सूखा, बाढ़, लैंड स्लाइडिंग, भूमि धसकना और बड़े व भयावह भूकंपों के लिए खुद को तैयार कर लीजिए।

हिमाचल प्रदेश में मंडी, कांगड़ा, कुल्लू, और चंबा को बाढ़ और भूस्खलन ने जबरदस्त नुकसान पहुंचाया है। इनमें से कुछ इलाके जैसे कान घाटी



कुल्लू और सिहुंता चंबा में बादल फटने और भूस्खलन के कारण घर, सड़कें और खेती की जमीनें ध्वस्त हुई हैं। सैकड़ों लोग मारे गए हैं और यह क्रम अब साल दर साल बढ़ेगा। उत्तराखंड भी तबाही के मुहाने पर है, लेकिन संसाधनों की लूट और बड़ी-बड़ी योजनाएं बनाकर अंधी कमाई के लालच ने तबाही के नए अध्याय लिख डाले हैं।

भारतीय भू वैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग ने उत्तराखंड के चार जिलों टिहरी, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग और चमोली को भूस्खलन की दृष्टि से अति संवेदनशील माना है। भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग का मानना है कि चमोली जिले के चमोली सब डिवीजन, रुद्रप्रयाग जिले के रुद्रप्रयाग व ऊखीमठ सब डिवीजन, टिहरी जिले के घनसाली, नरेंद्रनगर एवं धनोल्टी सब डिवीजन और उत्तरकाशी जिले के डुण्डा एवं चिन्यालीसौड़ सब डिवीजनों में इस साल ही नहीं आने वाले वर्षों में भी भूस्खलन की भयावह घटनाएं हो सकती हैं।

पहाड़ों के धंसने की यह घटनाएं समूचे पर्वतीय क्षेत्रों में हो सकती हैं। जंगलों की बेतहाशा कटान व अन्य गतिविधियों ने मानवीय जीवन के लिए गंभीर खतरे पैदा कर दिया हैं। इनमें क्लाइमेट फैक्टर, एंथ्रोपोजेनिक एक्टिविटी, एक्सेसिव रेनफॉल, नेचुरल एक्टिविटी और एनवायरमेंटल डिग्रेडेशन जैसे कारक हैं। वर्ष, 1988 से 2024 के बीच समूचे उत्तराखंड में भूस्खलन की लगभग 15,000 से अधिक घटनाएं हुईं, जिसमें अरबों रुपये का नुकसान हुआ और सैकड़ों लोग मारे गए। वर्ष 2018 में जहां 496 भूस्खलन की घटनाएं दर्ज हैं वहीं 2019 में 291 भूस्खलन हुए। वर्ष, 2020 में 973 भूस्खलन, 2021 में 354 वर्ष, 2022 में 245 भूस्खलन, वर्ष 2023 में लगभग 1323 भूस्खलन की घटनाएं हुईं। वर्ष, 2024 में लगभग 1813 भूस्खलन की घटनाएं दर्ज हुईं। फिलहाल सरकारी आंकड़ों पर ही गौर करते हैं। इसके अनुसार 17 अगस्त, 2025 को कठुआ जिले में बादल फटने के बाद भूस्खलन हुआ, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई। गृह मंत्रालय के अनुसार 30 जुलाई, 2025 तक, भारत में कुल हाइड्रो-मौसमी आपदाओं बाढ़ और भूस्खलन सहित में 1600 से अधिक लोगों की मृत्यु हो चुकी है। यह इतिहास में पहली बार हुआ है कि हिमालय प्रदेश में 20 अगस्त से 25 अगस्त, 2025 के बीच करीब 400 सड़कें बंद रहीं। जम्मू-कश्मीर में भी 24-25 अगस्त, 2025 को विगत 100 सालों का वर्षा का रिकॉर्ड टूटा है। कठुआ जिले में जम्मू-पठानकोट राजमार्ग पर लंगोटे मोड़ का पुल टूट गया। जिस राजस्थान में वर्षा कम हुआ करती थी वहां अब अफरा-तफरी का माहौल है। कोटा, सवाई माधोपुर, टोंक और बूंदी में बाढ़ ने कहर बरपा रखा है। हालात यह हो चले कि कोटा में वायु सेना का हेलिकाप्टर एमआइ-17 तैनात करना पड़ा। सीकर, कोटपुतली-बहरोड़, सिरोही, बूंदी, भीलवाड़ा, जयपुर, दौसा, नागौर, डीडवाना-कुचामन व टोंक में स्कूल तक बंद करने की चेता.वनी जारी करनी पड़ी। मैं पिछले कई दिनों से अपने कुछ पर्यावरणविदों व भू-विज्ञानी मित्रों से यह सवाल कर रहा हूं कि लाखों पेड़ जो हसदेव जंगल सहित अन्य जंगलों के काटे गए हैं क्या उनका दुष्प्रभाव शुरू हो चुका है? सवाल नंबर दो। यह काटे गए विशालकाय जंगल जो वर्षाजल से भरे बादलों को अपने आंचल और वनांगन में बरसाने को मजबूर कर देते थे, वहीं बादल अब पहाड़ी इलाकों की ओर ज्यादा घनीभूत तो नहीं हो रहे? हालांकि सभी ने कहा कि दुष्प्रभाव तो आरंभ हो गए हैं, लेकिन पुख्ता तौर पर अध्ययन के बाद ही स्पष्ट राय बना पाना संभव होगा।

फिलहाल हिमालई क्षेत्रों में इस साल बादल फटने की घटनाएं दोगुनी हो गई हैं। पिछले वर्ष जहां 40-50 घटनाएं दर्ज हुई थीं, वहीं इस वर्ष यह संख्या बढ़कर 80 तक पहुंच गई है। मैं अंतिम पंक्तियां लिखना तो नहीं चाहता था, लेकिन फिर भी लिख रहा हूं। आज 60-65 साल की आयु वाले तो 15-20 सालों में मर कर जा चुके होंगे लेकिन आने वाली पीढ़ी के लिए आप सब साक्षात भयावह मौत परोस कर जाएंगे। इसमें आपके बेटे, नाती-पोते-बेटी, बेटियां -बहुएं। शामिल होंगी। नेचर की डिक्शनरी में क्षमा शब्द है ही नहीं। यह पंक्तियां मैंने अपने लिए भी लिखी हैं, क्योंकि चौकड़ी जो खता कर रही है सदियां उसकी सजा पाएंगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## इस्राइलः मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन

**इस्राईल की सैन्य कार्रवाइयों में फलस्तीन के रफाह और बेत हनून जैसे शहर बुरी तरह तबाह हो चुके हैं। इस समय केवल गजा पट्टी में ही पांच लाख से अधिक लोग भुखमरी, अभाव और मौत जैसी भयावह परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं। गजा की लगभग एक तिहाई आबादी अर्थात लगभग 6 लाख 41 हजार लोग मानवीय संकट जैसे भयानक हालात का सामना कर सकते हैं। अनुमान है कि इन विषम परिस्थितियों में जून 2026 तक पांच साल से कम उम्र के 1.32 लाख बच्चों की जान खतरे में पड़ सकती है। गजा में हमास संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार सात अक्टूबर 2023 से लेकर अब तक यहां 62,192 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि भुखमरी और कुपोषण से गजा में अब तक 271 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें 112 बच्चे शामिल हैं।**



**तनवीर जाफरी**

बेंजामिन नेतन्याहू के नेतृत्व की इस्राईल सरकार ने अगस्त 2025 की प्रारंभ में फलस्तीन के गजा शहर पर पूर्ण नियंत्रण स्थापित करने की योजना को मंजूरी देने तथा इस्राईल की सुरक्षा कैबिनेट द्वारा गत 8 अगस्त को इस योजना को अनुमोदित करने के बाद गजा में नए सिरे से सैन्य अभियान शुरू कर दिया है।

गिडियन्स चैरियट्स II नाम की इस कार्रवाई को अंजाम देने के लिए इस्राईल ने लगभग 60,000 रिजर्व सैनिकों को बुलाया है जबकि 20,000 सैनिकों की सेवा अवधि बढ़ाई गई है। इस कार्रवाई को गजा शहर पर हमले के पहले चरण की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। इस्राईली योजना के अनुसार इस कार्रवाई में उत्तरी गजा से हजारों फलस्तीनियों को दक्षिण की ओर विस्थापित किया जा सकता है। इसी उद्देश्य के साथ इस्राईल की सेना (आईडीएफ) गजा सिटी के बाहरी इलाकों में प्रवेश कर चुकी है। हालांकि इस्राईल सरकार द्वारा इस कार्रवाई का मकसद हमास को पूरी तरह से हथियारों से मुक्त करना, उसके नेताओं को गजा से निर्वासित करना, हमास द्वारा बंधक बनाए गए शेष लोगों को मुक्त कराना तथा गजा पट्टी को पूरी तरह से हथियार-मुक्त बनाना बताया जा रहा है, परन्तु विश्व इसे गजा पर कब्जे के इस्राईली दुष्प्रयास के रूप में देख रहा है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिक.ार प्रमुख ने इस कार्रवाई को अवैध कब्जा बताते हुए इसे तुरंत रोकने की मांग की है जबकि एमनेस्टी इंटरनेशनल ने इसे अपमानजनक बताते हुए कहा है कि यह कार्रवाई गजा पर इस्राईली सैन्य कब्जे को मजबूत करेगी। इस्राईल के सहयोगी देश अमेरिका व ब्रिटेन सहित अन्य देशों ने भी इस्राईल की इस कार्रवाई को अवैध बताते हुए इस पर गहरी चिंता जताई है परन्तु इस्राईल की नेतन्याहू सरकार पूरे विश्व की चिंताओं को नजरअंदाज करते हुए गजा पर सैन्य नियंत्रण कर अपने इस अवैध कब्जे के मिशन पर आगे बढ़ती जा रही है। इस योजना के अंतर्गत इस्राईल, गजा पर प्रमुख सुरक्षा नियंत्रण रखेगा, जिसमें सीमाओं, हवाई क्षेत्र और समुद्री पहुंच शामिल है। उधर इस्राईल की सेना में भी इस योजना पर एक राय नहीं है। आईडीएफ के ही कई वरिष्ठ अधिकारी इस योजना का विरोध कर रहे हैं। उनका मत है कि यह योजना जहां पहले से ही युद्ध से जूझ रहे आईडीएफ के सैनिकों को थकाने वाली साबित हो सकती है वहीं इससे इस्राईल अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अलग थलग भी पड़ सकता है। केवल नेतन्याहू ही इस कार्रवाई को जरूरी समझ रहे हैं। दरअसल इस्राईल में नेतन्याहू की इस घातक समझ को अतिवादियों के मध्य राजनीतिक लाभ हासिल करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। दूसरी तरफ फिलिस्तीनियों में इस योजना को गजा पर पूरी तरह से कब्जा करने और फिलिस्तीनी राज्य की संभावना को नष्ट करने का प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। यूएन रिपोर्ट्स में इसे मानवीय आपदा बताया रहा है, क्योंकि इससे न केवल बड़ी संख्या में विस्थापन बढ़ेगा बल्कि इसमें काफी लोगों की मौत भी हो सकती है और यह गजा के बुनियादी ढांचे की तबाही भी बढ़ा सकता है। हमास ने तो तो इसे नरसंहार बताते हुए कहा है कि इससे युद्ध और भी लंबा चलेगा। जबकि फलस्तीन इसे इस्राईल की विस्तारवादी नीति के रूप में वर्णित कर रहा है जो वेस्ट बैंक में नए बस्तियों से जुड़ी हुई है। गौरतलब है कि गजा सिटी में लगभग 5 लाख से अधिक फलस्तीनी रहते हैं जो हमास के विरुद्ध की जा रही इस्राईली सैन्य कार्रवाई के परिणाम स्वरूप पहले से ही भुखमरी और विस्थापन जैसे मानवीय संकट से जूझ रहे हैं। अब तो इस इलाके में अकाल के हालात बन चुके हैं परन्तु इन्हीं हालात के बीच इस्राईल के रक्षा मंत्री इस्राईल कात्ज ने यह धमकी भी दे दी है कि यदि हमास ने हथियार छोड़ने और सभी बंधकों की रिहाई की शर्त नहीं मानी तो पूरे गजा शहर को शतबाहश कर दिया जाएगा। गजा पर सैन्य नियंत्रण को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हो रही आलोचना और देश के भीतर ही इस योजना के भारी विरोध के बीच इस्राईल के रक्षा मंत्री द्वारा गजा शहर को तबाह कर देने जैसे गैर जिम्मेदाराना बयान देने का सीधा सा अर्थ है कि गजा को लेकर इस्राईल सरकार की मंशा ठीक नहीं है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## आम जीवन सरल बनाने में मदद कीजिए



**अशोक मधुप**

सरकारों का काम आदमी के जीवन को सरल बनाना है।तकनीक के माध्यम से उसे ऐसी सुविधाएं देना है कि वह परेशान न हो, किंतु भारत में हो इसके विपरीत रहा है। उन्हें अलग अलग काम के लिए थोड़ी थोड़ी बात के लिए परेशान किया जा रहा है। उनके जीवन को दुरूह किया जा रहा है।

आज सबसे बड़ी परेशानी हैं बैंको में जाकर खाते की केवाईसी कराने की। बैंकों की केवाईसी के नाम पर बैंक खाताधारक को परेशान किया जा रहा है। हालत यह है कि केवाईसी करानी है, इसकी उसे सूचना भी नही मिलती। उसे उसके लिए बैंक की ओर से मैसेज भी नहीं आता। मेल आनी चाहिए। किंतु ऐसा हो नहीं रहा। वैसे प्रत्येक ट्रांजेक्शन के मैसेज आते रहते हैं। केबाईसी कराना है, इसका पता तब चलता है जब खातेधारक के चौक का भुगतान रोक दिया जाता है। वह पेमेंट नहीं कर पाता। भुगतान रोकने के कारण चौक जारी करने वाले पर संबधित बैक या सस्थाएं चार सौ से आठ सौ रुपये तक का जुर्माना लगा देती है। मैंने पिछले साल ओरियंटल इंशोरेंस कंपनी को अपनी मेडिक्लेम पोलिसी के लिए चैक दिया। चैक बैंक गया तो भुगतान रुक गया।

मैं बैंक गया। बैंक प्रबंधक ने खाता देखकर कहा कि खाता आपका जारी है। चैक का भुगतान कैसे रुका पता नहीं। उनके एक स्टाफ ने देखकर बताया कि खाता बंद किया हुआ है। बैंक प्रबंधक ने कहा कि अब सब कंप्यूटराइज है। हमें पता नहीं चलता और खुद जाता है। बैंक स्टाफ के पता है या नहीं। इससे खाताधारक को



क्या लेना। मेरे से तो इंशोरेंस कंपनी ने चैक डिस ओनर होने के छह सौ रूपये अतिरिक्त वसूल लिए। मुझे तो फालतू का छह सौ रूपये का दंड पड़ गया।

अभी लाकर आपरेट करने बैंक जाना पड़ा तो बैंक स्टाफ ने कहा कि इसकी केवाईसी कराईए। हमने कहा कि अभी खाते की तो कराई है। उनका कहना था कि बैंक लॉकर की भी करानी है। लाकर बैंक के खाते से जुड़ा है, यह बताने पर भी बैंक कर्मी नहीं माने। यदि आपके पास चार पांच बैंक खाते हैं तो प्रत्येक दो साल से केवाईसी कराने जरूर जाना होगा।

अभी तक बैंक खाते चालू रखने के लिए केवाईसी करानी थी। अब बिजली विभाग के मैसेज आ रहे हैं, कि अपने कनेक्शन की ईकेवाईसी कराईए। आज जहां चारों ओर धोखे का जाल फैला है। ठग आपको फंसाने में लगे हैं, ऐसे में किस मैसेज को सही माना जाए, किसे गलत यह कैसे पता चले। अभी परिवहन विभाग का मैसेज आया है कि आधार आथोराइजेशन माध्यम से अपने ड्राइविंग लाइसैंस पर अपना मोबाइल नंबर अपडेट कराइए।

समझ नहीं आ रहा कि क्या क्या कराएं। हम पर यह सब करना नहीं आता। इसका मतलब यह की रोज जनसेवा केंद्र पर जाइए। लाइन में लगिए और पैसा भी दीजिए। लगता है कि कहीं यह जनसेवा केंद्र की आय बढ़ाने के लिए तो नहीं किया जा रहा। अभी पिछले दिनों आदेश आया कि अपना आधार कार्ड प्रत्येक दस साल में अपडेट कराना है। मैं छोटे शहर में रहता हूं। यहां कि आबादी दो लाख के करीब है। पूरे शहर में आधार कार्ड अपडेट कराने का एक ही सैंटर है। मुख्य डाकघर। उसमें आधार कार्ड बनवाने वालों की सवेरे आठ बजे से लाइन लग जाती है। हम 75 साल से ऊपर के पति पत्नी कैसे उस लाइन में लगें, यह कोई सोचने और बताने वाला नहीं है। दूसरे केंद्र का दरवाजा खुलने पर इस तरह धक्का-मुक्की होती है कि हम लाइन में लगे तो हाथ-पांव तुड़ाकर जरूर अस्पताल जांएगे।

केद्र सरकार रिजर्व बैंक को आदेश करना चाहिए कि बैंक अपने यहां अतिरिक्त स्टाफ रखे। उसक कार्य सिर्फ खातेधारकों से समय लेकर उनके खातों की केवाईसी कराना हो। सरकार जिस तरह वोट बनवाती है। वोटर का वेरिफिकेशन कराती है। उसी तह से केवाईसी कराई जाए। इसके बैंक खाता धारकों को सुविधा होगी। केवाईसी कराने के लिए रखे जाने वाले युवाओं को रोजगार मिलेगा। यही काम राज्य की बिजली कंपनी कर सकती हैं। विभागीय मीटर रीडर माह में एक बार रीडिंग लेने उपभोक्ता के घर जाते हैं। वे ही उपभोक्ता से केवाईसी के पेपर लेलें। मीटर रीडर को उपभोक्ता जानते हैं उन्हें पेपर देते किसी उपभोक्ता को परेशानी भी नहीं होगी।

मीटर रीडर आफिस आकर इस कार्य में लगे स्टाफ को पेपर देकर केवाईसी कराएं। हो यह रहा है कि संबधित विभाग बैंक बिजली अपना कार्य उपभोक्ता पर डाल उसके जीवन को कठिन बना रहे हैं, जबकि उन्हें अपने ग्राहकों को सुविधाएं देनी चाहिए थीं। ऐसा ही आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए व्यवस्था की जानी चाहिए। हां इसके लिए उपभोक्ता से थोड़ा बहुत चार्ज लिया जा सकता है। अभी एक मैसेज आया कि आपका इन्कमटैक्स का रिटर्न स्वीकार कर लिया गया है। मैंने अभी रिटर्न भरा नहीं, सो यह मैसेज बेटे को भेज दिया कि शायद उसने रिटर्न भरा हो। उसका जबाब आया कि पापा इस मैसेज के लिंक पर क्लिक मत करना। यह गलत लगता है।

आज सबसे बड़ी समस्या है कि सही और गलत का कैसे तै हो। किसी न किसी तरह धोखे में लेकर रोज हजारों व्यक्ति रोज ठगे जा रहे हैं। इससे कैसे बचा जाए? ऐसे हालात में जीवन दुरूह होता जा रहा है। केंद्र और राज्य सरकारों को आम आदमी का जीवन को सरल बनाने के लिए काम करना चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इंसानियत के नाते बाढ़ का दिया अलर्ट: भारत

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाक से बातचीत बंद थी, जम्मू की तवी नदी में अचानक आई बाढ़

**नई दिल्ली।** भारत ने जम्मू- कश्मीर की तवी नदी में बाढ़ के हालात को देखते हुए मानवीय आधार पर पाकिस्तान को इसकी जानकारी दी है। भारतीय विदेश मंत्रालय के मुताबिक, यह कदम पूरी तरह से मानवीय सहायता के मकसद से उठाया गया है। इस्लामाबाद में भारतीय हाई कमीशन ने पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय को बाढ़ की जानकारी दी है। यह पहला मौका है जब इस तरह की जानकारी हाई कमीशन के जरिए साझा की गई। आमतौर पर, सिंधु जल संधि के तहत बाढ़ से जुड़ी चेतावनी दोनों देशों के वाटर कमिश्नर के बीच शेयर की जाती थी।

इसी साल मई में भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद से दोनों देशों में बातचीत लगभग बंद है। आज पाकिस्तान की मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि भारत ने सिंधु जल संधि के तहत पाकिस्तान को संभावित बाढ़ की जानक.ारी दी है। जियो न्यूज और द न्यूज इंटरनेशनल ने सूत्रों के हवाले से बताया कि भारत ने 24 अगस्त की सुबह जम्मू की तवी नदी में बाढ़ की आशंका को लेकर इस्लामाबाद को आगाह किया। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने 1960 में पाकिस्तान के साथ हुई सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया था। इसके तहत सिंधु वाटर सिस्टम की 3 पूर्वी नदियों का पानी भारत इस्तेमाल कर सकता है और बाकी 3 पश्चिमी नदियों के पानी पर पाकिस्तान को अधिक.ार दिया गया था। सिंधु नदी प्रणाली में कुल 6 नदियां हैं- सिंधु, झेलम, चिनाब, रावी, ब्यास और सतलुज। इनके किनारे का इलाका करीब 11.2 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसमें 47 प्रतिशत जमीन पाकिस्तान, 39 प्रतिशत जमीन भारत, 8 प्रतिशत जमीन चीन और 6 प्रतिशत जमीन अफगानिस्तान में है। इन सभी देशों के करीब 30 करोड़ लोग इन इलाकों में रहते हैं। 1947 में भारत और पाकिस्तान के बंटवारे के पहले से ही भारत के पंजाब और पाकिस्तान के सिंध प्रांत के बीच नदियों के पानी के बंटवारे का झगड़ा शुरू हो गया था। 1947 में भारत और पाक के इंजीनियरों के बीच 'स्टैंडस्टिल समझौता' हुआ। इसके तहत दो मुख्य नहरों से पाकिस्तान को पानी मिलता रहा। ये समझौता 31 मार्च 1948 तक चला। 1 अप्रैल 1948 को जब समझौता लागू नहीं रहा तो भारत ने दोनों नहरों का पानी रोक दिया। इससे पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की 17 लाख एकड़ जमीन पर खेती बर्बाद हो गई।



**पाक मीडिया रिपोर्ट्स में दावा: भारत ने सिंधु जल संधि के तहत बाढ़ की जानकारी दी**

## रूस से तेल खरीदता रहेगा भारत

**भारतीय राजदूत ने कहा: जहां सस्ता तेल मिलेगा, वहीं से लेंगे, ट्रम्प के टैरिफ को बेबुनियाद बताया**

**मास्को।** रूस में भारत के राजदूत विनय कुमार ने कहा है कि भारत रूस से तेल खरीदना जारी रखेगा। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी टीएएसएस को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि भारतीय कंपनियां तेल वहीं से खरीदेंगी जहां उन्हें सबसे अच्छा सौदा मिलेगा।

उन्होंने भारत पर अमेरिका के 50 प्रतिशत टैरिफ को बेबुनियाद बताया। विनय कुमार ने कहा कि ट्रम्प ने रूसी तेल खरीदने की वजह से भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाया है, जो 27 अगस्त से लागू हो जाएगा। इससे पहले ट्रम्प जुलाई में भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगा चुके हैं, जिससे आने वाले दिनों में भारतीय सामान के आयात पर अमेरिका में 50 प्रतिशत टैरिफ देना होगा। भारत में रूसी डिप्लोमेट रोमन बाबुश्किन ने 20 अगस्त को बताया था कि भारत को रूस के कच्चे तेल पर करीब 5 प्रतिशत की छूट मिल रही है। भारत, चीन के बाद रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। यूक्रेन युद्ध से पहले भारत रूस से सिर्फ 0.2 प्रतिशत (68 हजार बैरल प्रतिदिन) तेल इम्पोर्ट करता था। मई 2023 तक यह बढ़कर 45 प्रतिशत (20 लाख बैरल प्रतिदिन) हो गया, जबकि 2025 में जनवरी से जुलाई तक भारत हर दिन रूस से 17.8 लाख बैरल तेल खरीद रहा है। पिछले दो साल से भारत हर साल 130 अरब डालर (11.33 लाख करोड़ रुपये) से ज्यादा का रूसी तेल खरीद रहा है। ट्रम्प के ट्रेड एडवाइजर ने भारत पर मुनाफाखोरी का आरोप लगाया था। इससे पहले ट्रम्प के ट्रेड एडवाइजर पीटर नवारो ने भारत पर रूस से तेल खरीदकर मुनाफाखोरी का आरोप लगाया था।



नोएडा। एक कार्यक्रम में ग्रुप फोटो के लिए पोज देती मिस टीन इंटरनेशनल 2025 की प्रतिभागी।

## पाकिस्तान 1971 के जनसंहार के लिए माफी मांगे: बांग्लादेश

**ढाका।** बांग्लादेश ने पाकिस्तान से 1971 में हुए जनसंहार के लिए माफी मांगने को कहा है। दरअसल, पाक उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार बांग्लादेश दौरे पर गए थे। यहां उन्होंने कहा था कि बांग्लादेश के साथ 1971 का विवाद हल हो चुका है। हालांकि, बांग्लादेश ने पाकिस्तान के दावे को खारिज कर दिया। विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन ने साफ कहा कि पुराने मुद्दों को सुलझाकर ही दोनों देशों के बीच मजबूत रिश्ते बनाए जा सकते हैं। दरअसल, 1971 की जंग में पाकिस्तानी सेना पर हजारों बांग्लादेशी महिलाओं के साथ रेप, हत्या और आगजनी का आरोप लगा था। इसे लेकर इशाक डार ने कहा कि पाकिस्तान 2 बार बांग्लादेश से माफी मांग चुका है। डार ने बांग्लादेश से संबंध बेहतर करने के लिए इस्लाम की दुहाई भी दी। उन्होंने पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में कहा: इस्लाम भी हमें अपने दिलों को पाक (शुद्ध) करने के लिए कहता है। इशाक डार 23 और 24 अगस्त को बांग्लादेश की दो दिवसीय यात्रा पर थे। उन्होंने ढाका में बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस और विदेश सलाहकार से मुलाकात की।

## संक्षिप्त समाचार

### हूतियों ने पहली बार इज़रायल पर क्लस्टर मिसाइल से हमला किया

**तेल अवीव।** यमन के हूतियों ने इस सप्ताह पहली बार इजरायल पर क्लस्टर वारहेड वाली बैलिस्टिक मिसाइल दागी। इजरायली संवाददाता समिति कान ने बताया कि शुक्रवार रात इज़राइल पर दागी गई मिसाइल हवा में ही टूट गई। कान की रिपोर्ट के अनुसार, इज़रायली वायु रक्षा प्रणालियां इस प्रकार की मिसाइलों को रोकने में सक्षम हैं। हूती मिसाइल को रोकने के मामले की जांच की जा रही है। विदित हो कि उत्तरी यमन और यमन के लाल सागर तट के अधिकांश हिस्से पर नियंत्रण रखने वाले हूतियों ने 2023 के अंत में फलस्तीन के समर्थन की घोषणा की थी।

### यूक्रेनी ड्रोन हमलों से रूसी परमाणु संयंत्र में लगी आग

**मॉस्को।** यूक्रेन के ड्रोन हमलों से रूस के एक परमाणु संयंत्र और अन्य ऊर्जा संयंत्रों में आग लग गई। स्थानीय अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। क्षेत्रीय परिचालन मुख्यालय ने बताया कि कल तड़के एक यूक्रेनी ड्रोन का मलबा कुर्स्क परमाणु ऊर्जा संयंत्र के एक ट्रांसफार्मर पर गिरा, जिससे आग लग गई और संयंत्र को क्षति पहुंची है। इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, साथ ही बताया गया कि आग पर काबू पा लिया गया है। संयंत्र तथा आसपास के क्षेत्र में विकिरण का स्तर अपरिवर्तित बना हुआ है।

### रूस के पुलकोवो हवाई अड्डे से 10 उड़ानें की रद्द

**मास्को।** रूस के उत्तर-पश्चिमी शहर सेंट पीटर्सबर्ग स्थित पुलकोवो अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों के कारण 90 उड़ानें रद्द कीं और कई अन्य विमानों ने देरी से उड़ान भरी या फिर उनके मार्ग में परिवर्तिन किया गया। हवाई अड्डा प्राधिकरण ने रविवार को यह जानकारी दी। प्राधिकरण ने एक बयान में कहा कि हवाई अड्डे पर लगभग 20 घंटे तक प्रतिबंधों के बीच परिचालन हुआ।

### अफगानिस्तान सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत, चार घायल

**काबुल।** उत्तरी अफगानिस्तान के बदख्शां प्रांत में एक सड़क दुर्घटना में तीन यात्रियों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता एहसानुल्लाह कामगर ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना रविवार दोपहर को कोहिस्तान ज़िले के पुल-ए-शोर्पे इलाके में हुई।

## किसानों को व्यापार युद्ध की कीमत नहीं चुकानी चाहिए: चीन

**दोनों देशों के उद्योग संघों, कृषि उद्यमों और विद्वानों ने भाग लिया**

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका में चीनी राजदूत ज़ी फेंग ने हाल ही में कहा कि दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण कृषि उत्पादक और उपभोक्ता होने के नाते, चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका की कृषि में अपनी-अपनी खूबियां हैं और वे एक-दूसरे के पूरक हो सकते हैं।

ज़ी फेंग ने वाशिंगटन डी-सी- में अमेरिका-चीन सोयाबीन उद्योग साझेदारों के स्वागत समारोह में यह टिप्पणी करते हुए कहा कि चीन और अमेरिका मिलकर वैश्विक खाद्यान्न का लगभग 40 प्रतिशत उत्पादन करते हैं और कुल खाद्यान्न का एक-चौथाई उपभोग करते हैं। चीन को श्रम-प्रधान कृषि उत्पादों में तुलनात्मक लाभ प्राप्त है, जबकि अमेरिका मशीनीकृत, बड़े पैमाने पर उत्पादन के माध्यम से भूमि-प्रधान कृषि वस्तुओं में विशेषज्ञता रखता है, इस कार्यक्रम का आयोजन अमेरिकी सोयाबीन निर्यात परिषद और खाद्य पदार्थों, देशी उत्पादों और पशु उप-उत्पादों के आयात और निर्यात के लिए चीन चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था, जिसमें दोनों देशों के उद्योग संघों, कृषि उद्यमों और विद्वानों ने भाग लिया। जी ने कहा कि कृषि आदान-प्रदान और सहयोग ने न केवल दोनों देशों के उपभोक्ताओं के लिए अधिक विकल्प उपलब्ध कराए हैं, बल्कि अमेरिकी किसानों की जेब में भी अधिक पैसा डाला है।

## एससीओ में शामिल होने के लिए कई देशों की रुचि बढ़ी: चीन

**मास्को।** रूस में चीनी राज. दूत झांग हानहुई ने कहा है कि कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का भविष्य में विस्तार हो सकता है क्योंकि अधिक से अधिक देश इसमें शामिल होने में रुचि दिखा रहे हैं। झांग ने समाचार एजेंसी स्पूतनिक को दिए साक्षात्कार में कहा कि वर्तमान में, अधिक से अधिक देश इस संगठन में शामिल होने या इसके साथ सहयोग मजबूत करने में रुचि दिखा रहे हैं। यह एससीओ अवधारणा के बारे में उनकी गहरी समझ और इसके विकास की संभावनाओं में उनके विश्वास की पूरी तरह पुष्टि करता है। उन्होंने कहा कि एससीओ का विस्तार, इस संगठन की समग्र शक्ति और क्षेत्रीय प्रभाव को मजबूत करता है लेकिन यह कभी भी एक उद्देश्यपूर्ण कार्य नहीं होकर विकास का एक स्वाभाविक परिणाम रहा है।

# भारत-फिजी के बीच सात समझौतों पर हस्ताक्षर

## भारत और फिजी की आकांक्षाएं एक ही नाव पर सवार, दोनों देशों के बीच बातचीत के बाद बोले मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी लिगामामादा राबुका, हैदराबाद हाउस में भारत और फिजी के बीच हुए समझौतों के आदान-प्रदान के साक्षी बने। प्रधानमंत्री मोदी और उनके फिजी समकक्ष राबुका के बीच वार्ता के बाद भारत और फिजी ने सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए। फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी लिगामामादा राबुका प्रधानमंत्री मोदी की बुधवार को एक संयुक्त प्रेस वार्ता हुई।

इस दौरान पीएम मोदी ने जलवायु परिवर्तन को फिजी के लिए खतरा बताते हुए कहा कि हम आपदा प्रतिक्रिया से निपटने में उसकी मदद करेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और फिजी भले ही महासागरों से बंटे हुए हों, लेकिन हमारी आकांक्षाएं एक ही नाव पर सवार हैं। इस दौरान फिजी के नेता भी उनके साथ थे। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि 33 वर्षों के बाद, 2014 में, किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने फिजी का दौरा किया। मुझे बहुत खुशी और गर्व है कि यह मेरा सौभाग्य था। उस समय, हमने फारेन फार इंडिया पैसिफिक आइलैंड कोऑपरेशन- एफआईपीआईसी का गठन किया था। इस पहल ने न केवल भारत-फिजी संबंधों को बल्कि पूरे प्रशांत क्षेत्र के साथ हमारे संबंधों को भी मजबूत किया। प्रधानमंत्री राबुका की इस यात्रा के साथ, हम अपने संबंधों में एक नया अध्याय जोड़ रहे हैं। भारत और फिजी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फिजी के समकक्ष सितवेनी लिगामामादा राबुका के साथ व्यापक वार्ता के बाद अपने रक्षा संबंधों को विस्तार देने के लिए एक व्यापक कार्य योजना तैयार की। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और फिजी भले ही महासागरों की दूरी पर हों, लेकिन हमारी आकांक्षाएं एक ही नाव पर सवार हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि भारत और फिजी एक स्वतंत्र, समावेशी, खुले, सुरक्षित और समृद्ध भारत-प्रशांत का समर्थन करते हैं। राबुका तीन दिवसीय यात्रा पर दिल्ली पहुंचे। दक्षिण प्रशांत क्षेत्र के प्रधानमंत्री के रूप में यह उनकी पहली भारत यात्रा है। समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में फिज़ी भारत के लिए एक महत्वपूर्ण राष्ट्र है। प्रशांत क्षेत्र में अपनी रणनीतिक पकड़ बढ़ाने के चीन के अथक प्रयासों की पृष्ठभूमि में, भारत फिज़ी के साथ अपने रक्षा संबंधों को बढ़ाने पर विचार कर रहा है। मोदी और राबुका के बीच वार्ता के बाद, दोनों पक्षों ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को व्यापक बनाने के लिए सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए।



**पीएम मोदी व उनके फिजी समकक्ष राबुका के बीच वार्ता के बाद भारत और फिजी ने सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए**



# दुनिया के सबसे ताकतवर रॉकेट स्टारशिप का 10वां टेस्ट टला

## ग्राउंड सिस्टम में खराबी पता चली, अब कल सुबह 3 बजे होगी लॉन्चिंग

**टेक्सास।** दुनिया के सबसे ताकतवर राकेट स्टारशिप का 10वां टेस्ट ग्राउंड सिस्टम में आई खराबी के कारण टाल दिया गया है।

ग्राउंड सिस्टम में खराबी का मतलब है कि राकेट लान्च करने के लिए जमीन पर मौजूद उपकरणों, मशीनों या सिस्टम में कोई तकनीकी समस्या आ गई है। इसे आज यानी, 25 अगस्त को बोका चिका से सुबह 5 बजे लान्च किया जाना था। अब भारतीय समय के अनुसार मंगलवार सुबह 5 बजे इसे लान्च किया जाएगा। इससे पहले ये टेस्ट 29 जून को होना था, लेकिन स्टैटिक फायर टेस्ट के दौरान स्टारशिप में ब्लास्ट हो गया था।

**इससे पहले ये टेस्ट 29 जून को होना था, लेकिन स्टैटिक फायर टेस्ट के दौरान स्टारशिप में ब्लास्ट हो गया था**

इस टेस्ट में राकेट को जमीन पर रखकर उसके इंजन को चालू किया जाता है, ताकि लान्च से पहले सब कुछ ठीक हो, ये चेक किया जा सके। टेस्ट के दौरान राकेट के ऊपरी हिस्से में अचानक विस्फोट शुरू हुआ। देखते ही देखते पूरा राकेट आग के गोले में बदल गया था। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी इलान मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने इस राकेट को बनाया है। स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट (ऊपरी हिस्सा) और सुपर हैवी बूस्टर (निचला हिस्सा) को कलेक्टिवली 'स्टारशिप' कहा जाता है। इस व्हीकल की ऊंचाई 403 फीट है। ये पूरी तरह से रीयूजेबल है। राकेट के ऊपरी हिस्से में, जहां फ्यूल टैंक होते हैं, अचानक विस्फोट शुरू हुआ। देखते ही देखते पूरा राकेट आग के गोले में बदल गया। स्टारशिप के ऊपरी हिस्से की इंडियन ओशन कंट्रोल्ड वाटर-लैंडिंग कराई जाएगी। वहीं सुपर हेवी बूस्टर को लान्च साइट पर वापस नहीं लाया जाएगा। इसकी अमेरिका की खाड़ी में वाटर लैंडिंग कराई जाएगी। ऐसा जरूरी डेटा जुटाने के लिए क्या जाएगा। स्टेज सेपरेशन के बाद बूस्टर एक कंट्रोल्ड दिशा में फ्लिप करेगा और फिर बूस्टबैक बर्न शुरू करेगा। इसमें कम प्रोपेलेंट रिजर्व रखने की जरूरत होती है, जिससे चढ़ाई के दौरान ज्यादा प्रोपेलेंट इस्तेमाल हो सकता है और आर्बिट में ज्यादा पेलोड ले जाया जा सकता है।

## सना पर इजरायली हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या छह हुई

**काहिरा।** यमन की राजधानी सना पर सोमवार को हुए इज़रायली हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हो गई है और 86 लोग घायल हुए हैं। यमन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। हूथी स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अनीस अल-असबाही ने सोशल मीडिया पर कहा कि अंतिम आंकड़ों के अनुसार, इजरायली आक्रमण में मरने वालों की संख्या बढ़कर छह हो गई है और 86 लोग घायल हुए हैं। यमनी सूत्र ने समाचार एजेंसी स्पूतनिक को बताया कि इज़रायल ने यमनी राजधानी और उसके बाहरी इलाकों पर रविवार को हवाई हमले किए थे। इन हवाई हमलों में सना में राष्ट्रपति भवन के पास एक सैन्य शिविर, एक बिजली संयंत्र और एक तेल कंपनी के प्रतिष्ठान को निशाना बनाया गया।

## चीनी टेलीग्राम चैनल पर महिलाओं की प्राइवेट तस्वीरें लीक

**चैनल पर एक लाख से ज्यादा मेंबर्स, स्कैंडल के खिलाफ कैंपेन को सरकार ने दबाया**

**बीजिंग।** चीन में महिलाओं की प्राइवेसी से जुड़ा बड़ा स्कैंडल सामने आया है। टेलीग्राम पर चल रहे एक सीक्रेट चैनल मास्क पार्क ट्रीहोल फोरम में हजारों महिलाओं की इंटिमेट फोटो और वीडियो शेयर किए जा रहे थे।

सीएनएन की खबर के मुता. बिक, चैनल के 1 लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर थे। चीन में सिर्फ वीपीएन के जरिए चैनल को एक्सेस किया जा सकता था। पीड़ितों में शामिल महिला एमएसडी (20) ने बताया- उनके एक्स-बॉयफ्रेंड ने उनकी निजी तस्वीरें लीक कर दीं। एमएसडी के मुताबिक-उसे इसकी जानकारी तब मिली जब एक अनजान शख्स ने सबूत भेजकर बताया कि उसकी (एमएसडी) सोशल मीडिया डिटेल्स और वीडियो इस चैनल पर घूम रहे हैं। जब उसने एक्स-बॉयफ्रेंड से पूछा तो उसने 3 लोगों को तस्वीरें भेजने की बात मानी, लेकिन असल में लीक कहीं ज्यादा बड़ा था। पीड़ित ने कहा कि यह घिनौना है...जैसे हमें बार-बार वर्बल रेप किया जा रहा हो, हैरानी की बात है कि ये लोग अपनी ही फैमिली के बारे में भी फैंटेसी कर रहे हैं। इस चैनल पर महिलाओं की तस्वीरों के साथ-साथ नाबा. लिगों, अपराधियों की रिश्तेदार महिलाओं की भी तस्वीरें डाली गई थीं एमएसडी ने कहा कि पिछले महीने सोशल मीडिया पर इस बात खुलासा किया था। तब मामले ने तूल पकड़ा।

## गाजा में हॉस्पिटल पर इजरायल का मिसाइल हमला, 15 की मौत

**गाजा।** गाजा के हेल्थ मंत्रालय के मुताबिक, सोमवार को दक्षिणी गाजा में नासर हास्पिटल की चौथी मंजिल पर इजरायली मिसाइल हमले में 15 लोगों की मौत हो गई, जिनमें तीन पत्रकार शामिल हैं। मरने वालों में अल जजीरा और रायटर्स के पत्रकार थे। हेल्थ मंत्रालय ने बताया कि यह हमला एक 'डबल-टैप' हमला था, जिसमें लगातार दो मिसाइल हमले हुए। इससे रेस्क्यू का काम और ज्यादा खतरनाक हो गया। इजरायली सेना ने इस हमले पर अभी तक कोई बयान नहीं दिया है। हालांकि, इजरायल ने पहले अस्पतालों पर हमलों को यह कहकर जायज ठहराया है कि वहां हमास के आतंकवादी कमांड और कंट्रोल सेंटर चला रहे थे। कमेटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट्स (सीपीजे) के मुताबिक, इजरायल-हमास संघर्ष अब तक कुल 192 पत्रकार मारे गए हैं। जबकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में 200 से ज्यादा पत्रकारों के मारे जाने की कही गई है। इस जंग के मुकाबले अब तक रूस-यूक्रेन वार में सिर्फ 18 पत्रकारों की मौत हुई है।

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्म टैक), CHD(होम्योपैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC.
:-प्रवेश हेतु सम्पर्क करे:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108